डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित




ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 06, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 29 मई 2024, वर्ष-30, अंक-220, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 12



इंडी गठबंधन की आखिरी बैठक से भी ...

संसेक्स
75,170.45 -220.05

डॉलर
83.183 +0.064

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 72,380
01 किलो 94,820

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# गर्मी ने मई महीने का तोड़ा रिकॉर्ड, 46 साल बाद डालटनगंज का पारा पहुंचा 47.5 डिग्री सेल्सियस

■ मई में सर्वकालिक अधिकतम तापमान छह मई 1978 को 47.8 डिग्री रहा था ■ गढ़वा में 47.2, चाईबासा में 43.3, रांची में 40.2 डिग्री अधिकतम तापमान

राणा अरुण सिंह

**मेदिनीनगर।** राज्य में भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं। गर्मी ने मई महीने का रिकॉर्ड तोड़ दिया। मंगलवार को पलामू का तापमान 47.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मई महीने में पलामू के लिए इस दशक का सर्वाधिक अधिकतम तापमान है। इससे पहले मई में सर्वकालिक अधिकतम तापमान का रिकॉर्ड 47.8 डिग्री सेल्सियस है, जो छह मई 1978 को दर्ज किया गया था। पलामू के अलावा गढ़वा में 47.2, चाईबासा में 43.3, रांची में 40.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया।

इधर भीषण गर्मी चिलचिलाती धूप व लू से जिलेवासी परेशान हैं। इस कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सहायक मौसम वैज्ञानिक मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि 6 मई 1978 को पलामू में 47.8 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया था। उसके दशकों बाद तापमान में यह बढ़ोतरी देखी गयी है। इधर लू से बचाव के लिए प्रमंडलीय आयुक्त किशुन मुंडा ने सावधानी बरतने की सलाह दी है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी कर हीट स्ट्रोक, सिर दर्द, हीट रैस आदि संकेतों को पहचान कर सतर्क रहने को कहा है। उल्लेखनिय है कि सुबह 8 बजे से ही तेज धूप, गर्मी और लू का असर दिखने लग रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि शरीर की त्वचा झूलस जा रही है। इससे लोग परेशान दिख रहे हैं। सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है। लोग घर में दुबक जा रहे हैं। गर्मी और लू का असर रात आठ बजे तक महसूस किया जा सकता है। दो 12 बजे से अपराह्न चार बजे तक पारा 47 डिग्री पर रह रहा है। चिलचिलाती धूप और लू से शहरवासियों का हाल-बेहाल है। मौसम विभाग के अनुसार यह गर्मी 30 मई तक रहने की संभावना है। हीट वेब के दौरान आमलोगों को कई तरह की समस्याओं से रू-ब-रू होना पड़ रहा है। इस भीषण गर्मी में बुजुर्ग और बच्चों को सबसे ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। चिकित्सकों को माने तो बुजुर्गों में हीट स्टोक का खतरा बढ़ जाता है। तेज बुखार, मानसिक भ्रम, सिर दर्द, चक्कर आना और मांसपेशियों में ऐंठन आना लक्षण नजर आने लगते हैं। ऐसी स्थिति में तत्काल चिकित्सक से सलाह लेना आवश्यक है। बहरहाल पलामू सुरज की आग उगलती गर्मी से बेहाल है। ऐसा करीब 46 साल बाद देखने को मिल रहा है। जब पलामू का तापमान इस कदर उबाल पर है।



### पिछले छह वर्ष का अधिकतम तापमान डिग्री सेल्सियस में

| तारीख/महीना/वर्ष | अधिकतम |
|---|---|
| 8 मई 2018 | 44.6 |
| 13 मई 2019 | 46.7 |
| 26 मई 2020 | 44.8 |
| 29 मई 2021 | 43.2 |
| 30 अप्रैल 2022 | 46 |
| 26 मई 2023 | 45 |

### तीन दिन का तापमान डिग्री सेल्सियस में

| दिन | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| शनिवार | 42.4 | 28.6 |
| रविवार | 42.8 | 28.8 |
| सोमवार | 41.5 | 28.3 |

### बचाव के उपाय भी हैं जरूरी

शरीर को हाईड्रेट रखना जरूरी है। कमसे कम 8-10 गिलास पानी पिएं। इसके साथ ही निंबू पानी, नारियल पानी और इलेक्ट्रोलाईट ड्रिंक भी लाभकारी होता है। भीषण गर्मी में हल्के रंग के सूती और ढीले कपड़े पहने, दिन में संभव हो तो घर से नहीं निकलें। डॉक्टर बताते हैं कि इस मौसम में हल्का और संतुलित भोजन करें। फलों और सब्जियों का अधिक सेवन करें। तरबूज, खीरा, ककड़ी व पानी वाला फल अधिक से अधिक खायें।

# झारखंड में नफरती एजेंडा चला रहे जेएमएम-कांग्रेस : पीएम

❍ चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई और तेज होगी : इन्हें नोटों के पहाड़ों के एक-एक रुपये का हिसाब देना होगा

❍ इनकी सांप्रदायिक राजनीति का खतरनाक उदाहरण : संथाल के एक जिले में रविवार के बदले शुक्रवार की छुट्टी लागू करा दी



**दुमका।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को झारखंड की उपराजधानी दुमका में सीता सोरेन के पक्ष वोट मांगते हुए झामुमो-कांग्रेस पर बेहद तीखा हमला बोला। उन्होंने जेएमएम-कांग्रेस-राजद सरकार पर राज्य में नफरती और सांप्रदायिक एजेंडा चलाने का आरोप लगाया। कहा जब मैंने इनके असंवैधानिक धर्म आधारित आरक्षण देने की मंशा का पर्दा फाश किया तो ये तिलमिला उठे और मुझ पर ही धर्म की राजनीति का आरोप लगाने लगे। कहा झारखंड ही पहला राज्य है, जहां से लव जिहाद शुरू हुआ। अंग्रेजों के समय से दो सौ सालों से देश में रविवार को छुट्टी हुआ करती है। इसका जुड़ाव ईसाई समाज से है। लेकिन, इन लोगों ने संथाल परगना के एक जिले में रविवार के बदले शुक्रवार की छुट्टी लागू करा दी। मतलब, पहले हिंदुओं से झगड़ा अब ईसाइयों से झगड़ा। यह इनकी सांप्रदायिक राजनीति का खतरनाक उदाहरण है। मोदी इनका नफरती प्रोपेगेंडा फेल करके रहेगा। इसके पूर्व उन्होंने सिद्धो-कान्हों और चांद-भैरव जैसे वीर शहीदों को नमन किया। कहा कि ये वीर शहीदों की धरती है, लेकिन झामुमो वाले यहां शेष पृष्ठ 11 पर

# आज फिर से हूल-उलगुलान की जरूरत : कल्पना सोरेन



**दुमका।** झामुमो नेता कल्पना मुर्मू सोरेन ने राजमहल लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत साहेबगंज के उधवा इंगलिश मैदान और पतना में इंडी गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के पक्ष में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। कल्पना ने कहा कि झारखंड के मान-सम्मान और स्वाभिमान तीर-धनुष, दिशोम गुरुजी और हेमंत के प्रति पूरे संथाल परगना में अटूट प्रेम, विश्वास और अपनत्व है। वीर क्रांतिकारियों के खून-पसीने से सिंचित इस धरती ने हमेशा शोषण और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठायी है। आज फिर हूल-उलगुलान के आह्वान के साथ केंद्र में बैठी तानाशाही भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम झारखंड की जनता कर रही है। हेमंत को साजिशन जेल में डालने वाली भाजपा के खिलाफ लोगों में भयंकर रोष है। यह चुनाव जनता लड़ रही है, भाजपा के खिलाफ है। कल्पना ने कहा कि हेमंत का कसूर क्या था? जिस जमीन के साथ उनका नाम जोड़ा गया, उससे उनका कोई लेना-देना ही नहीं था। हेमंत का कसूर यह था कि वह राज्य का 01 लाख 36 हजार करोड़ रुपये बकाया, 1932 खतियान स्थानीय नीति, पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण, सरना आदिवासी धर्म कोड आदि की मांग कर रहे थे। लाखों लोगों को आवास, पेंशन, राशन दे रहे थे। यही भाजपा के लिए डर का कारण था।

## एक नजर

### हेमंत के जमानत अर्जी पर हाई कोर्ट में सुनवाई, ईडी से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में बरियातू के बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर मंगलवार को जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की वेकेशन बेंच में सुनवाई हुई। अदालत ने इस पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। ईडी ने इसके लिए समय मांगा। कोर्ट ने जवाब दाखिल करने के लिए ईडी को समय प्रदान किया। हाई कोर्ट ने अगली सुनवाई 10 जून को शाम चार बजे निर्धारित की। हेमंत सोरेन की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल एवं हाई कोर्ट के अधिवक्ता श्रेय मिश्रा ने पक्ष रखा। हेमंत सोरेन बड़गाई अंचल शेष पृष्ठ 11 पर

# आईएएस मनीष रंजन से ईडी ने की दस घंटे पूछताछ, अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताया



**रांची।** ईडी का दूसरा समन मिलने पर मंगलवार को दिन के 11:10 बजे ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव और वरीय आइएएस अफसर मनीष रंजन हिनू स्थित प्रवर्तन निदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। थोड़ी देर बाद ईडी के अधिकारियों ने पूछताछ शुरू की। करीब दस घंटे पूछताछ के बाद रात सवा नौ बजे वह ईडी कार्यालय से बाहर निकले। ईडी कार्यालय में मनीष रंजन से सबसे पहले उनसे उनकी और उनके पारिवारिक सदस्यों का ब्योरा, उनकी आमदनी और संपत्ति के बारे में जानकारी मांगी गयी। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने खुद को एक ईमानदार अफसर बताया। उन्होंने कहा कि वह गलती करनेवाले कर्मचारियों व पदाधिकारियों को नहीं छोड़ते हैं।

**मंत्री आलमगीर आलम के साथ संबंध में उलझे अफसर :** हालांकि मंत्री आलमगीर आलम के साथ जब उनके संबंधों के बारे में पूछा गया तो वह उलझ गये। इडी की ओर से उन्हें इन सूचनाओं से संबंधित एक फॉर्म दिया गया और सारी सूचनाएं लिखित रूप से देने का निर्देश दिया गया। देर शाम तक उनसे पूछताछ जारी थी। गिरफ्तार चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम द्वारा दी गयी सूचनाओं के आधार पर जब उनसे सवाल पूछे गये तो उन्होंने कहा कि वह निर्दोष हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान विभाग में जारी कमीशनखोरी के मामले की आंशिक जानकारी होने और ऐसे लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही। विभागीय मंत्री शेष पृष्ठ 11 पर

## सायल डी कोलियरी में आतंक मचाने वाला उग्रवादी मलिंगा गिरफ्तार

**रामगढ़।** जिले के भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में सायल डी कोलियरी मैं आतंक मचाने वाला टीपीसी उग्रवादी संगठन का सक्रिय सदस्य समरित गंझू उर्फ मलिंगा उर्फ महु गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से दो देशी पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है। इस मामले की जानकारी मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रामगढ़ एसपी डॉ बिमल कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि यह कुख्यात नक्सली अपने ससुराल में छुपा हुआ था। एसपी ने बताया कि 27 मई को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सायल नाला पर टीपीसी उग्रवादी संगठन का सक्रिय सदस्य अपने ससुराल में छुपा हुआ है। इस सूचना के आधार पर तत्काल पतरातू इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। पुलिस की टीम ने छापेमारी कर टीपीसी के उस कुख्यात सदस्य मलिंगा को गिरफ्तार किया गया। मलिंगा मूल रूप से हजारीबाग जिले की बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयलंग गांव का रहने वाला है। जब उसकी तलाशी दी गई तो उसके पास से दो लोडेड पिस्तौल भी शेष पृष्ठ 11 पर

# मोदी 2 दिन ध्यान करने जा सकते हैं विवेकानंद स्मारक

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के आखिरी सातवें चरण का मतदान एक जून को है। मार्च के महीने से शुरू हुई पीएम की रैलियों का दौर अब 30 मई को थम जाएगा। चर्चा है कि इसके बाद वह तमिलनाडु व कन्याकुमारी जा सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के 30 मई को कन्याकुमारी जाने की संभावना है। वहां वह समुद्र तट पर विवेकानंद स्मारक पर 'ध्यान करने' के लिए 2 दिन रुक सकते हैं। चर्चा है कि पीएम मोदी 30 मई की शाम को यहां पहुंचेंगे और 31 मई को दिन भर के ध्यान के लिए विवेकानन्द रॉक मेमोरियल जायेंगे। 1 जून को वह कन्याकुमारी से निकल जाएंगे।सूत्रों का कहना है 'यदि पीएम 1 जून को भी ध्यान करने का फैसला करते हैं, तो वह कन्याकुमारी छोड़ने से पहले दूसरे दिन भी विवेकानंद रॉक मेमोरियल में रहेंगे।' मालूम हो कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के महासचिव रहे एकनाथ रानाडे ने विवेकानंद रॉक मेमोरियल बनवाया था। जो अरब सागर, बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर के संगम के बीच एक द्वीप पर बना है। यहां सूर्योदय व सूर्यास्त देखने के लिए बहुत पर्यटक आते हैं। इसमें विवेकानन्द मंडपम शामिल है, जिसमें विवेकानंद की कांस्य प्रतिमा है और श्रीपद मंडपम है, जिसमें पैरों के निशान हैं। जो लोग इसमें विश्वास करते हैं, मानते हैं वे कहते हैं कि ये पैरों के निशान देवी कन्याकुमारी के हैं। आध्यात्मिक रुचि वाले लोग मन की शांति के लिए इस स्थान पर आते हैं और ध्यान लगाते हैं। इस इलाके में एक लाइट हाउस भी है, यहां भी पर्यटक आते हैं। यहां समुद्र व प्रकृति का अच्छा मन लुभावना दृश्य है, जो पर्यटकों को खींचता है।

## आज कल




## इंडिया



सुनील बादल

*आरोपी किशोर को बचाने के लिए उसकी मेडिकल रिपोर्ट बदली गयी थी और इसके लिए डॉक्टर को तीन लाख की रिश्वत दी गयी थी।*

# तीन घटनाएं बड़ी सीख यदि हम लेना चाहें

खबर है कि तीन लाख लेकर ब्लड सैंपल बदलने के आरोप में दो डॉक्टर पकड़े गए और अब उनकी नौकरी खतरे में है। पोर्श कार से दो आईटी पेशेवरों की हत्या कर दी थी। 19 मई को हुए घातक हादसे के बाद कार चला रहे नाबालिग को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल ले जाया गया। आम तौर पर न्याय की गुहार अनसुनी कर दी जाती है पर अभी मौसम चुनाव का है और मामले को मिले मीडिया कवरेज से गलत संदेश जा सकता था आरोपी किशोर को बचाने के लिए उसकी मेडिकल रिपोर्ट बदली गयी थी और इसके लिए डॉक्टर को तीन लाख की रिश्वत दी गयी थी। सबूतों से छेड़छाड़ करने और पुणे के उस किशोर के खून के नमूने बदलने के आरोप में गिरफ्तार किए गए दो डॉक्टरों में से एक ने कथित तौर पर ससून जनरल अस्पताल के एक कर्मचारी से 3 लाख रुपये लिए थे। किशोर ने अपनी पोर्श कार से दो आईटी पेशेवरों की हत्या कर दी थी। 19 मई को हुए घातक हादसे के बाद नाबालिग को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल ले जाया गया।अतुल घाटकांबले नाम के कर्मचारी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया, इसके कुछ ही घंटों बाद अस्पताल के फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. अजय तवारे और सरकारी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीहरि हल्नोर को भी हिरासत में ले लिया गया। तीनों को 30 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। कुल राशि में से, पुणे क्राइम ब्रांच ने हल्नोर से 2.5 लाख रुपये और शेष 50,000 रुपये घाटकांबले से बरामद किए, जो तवारे के तहत काम करता था। हालाँकि, इस बात की तत्काल कोई जानकारी नहीं है कि घाटकांबले ने नकदी कहाँ से और कैसे खरीदी।

सोमवार को, एक सरकारी वकील ने पुणे की अदालत को बताया, जिसने तीनों आरोपियों को पुलिस हिरासत में भेज दिया था, कि उन्होंने वित्तीय लाभ के लिए अपने संबंधित पदों का दुरुपयोग किया, और किशोर के रक्त के नमूनों के सबूत नष्ट कर दिए और उनकी जगह अन्य व्यक्तियों के रक्त के नमूने ले लिए। बताया गया कि पुलिस ने दो जगह नमूने भेजे थे। क्या ऐसी तत्परता हमेशा बरती जाती है? शाहदरा जिला के विवेक विहार स्थित बेबी केयर न्यू बॉर्न अस्पताल में शनिवार



रात आग लगने से सात मासूमों की मौत हो गई। हादसे के समय अस्पताल में कुल 12 नवजात भर्ती थे। आग लगने पर पुलिस, दमकल विभाग, अस्पताल स्टाफ व पब्लिक ने किसी तरह अस्पताल की इमारत के पिछले हिस्से में मौजूद खिड़की के रास्ते सभी 12 बच्चों को निकालकर पूर्वी दिल्ली के एडवांस एनआईसीयू अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सात मासूमों को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि पांच बच्चों का उपचार जारी है। इनमें एक नवजात की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। पड़ोसियों का दावा है कि अस्पताल के भूतल पर अवैध रूप से ऑक्सीजन के छोटे सिलिंडरों की रिफिलिंग की जा रही थी। यहीं से आग लगी जो देखते ही देखते ऊपर अस्पताल में पहुंच गई। पुलिस ने अस्पताल के मालिक डॉ. नवीन कीची समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि दिल्ली सरकार ने अस्पताल में आग लगने की घटना की मजिस्ट्रेट जांच के निर्देश दिए हैं। गुजरात में राजकोट टीआरपी गेमिंग जोन में आग लगने से अब तक 28 लोगों की मौत हो गई, जिसमें 12 बच्चे हैं। इस मामले में प्रशासन ने छह अधिकारियों को सस्पेंड किया है। राजकोट नगर निगम के दो अधिकारी असिस्टेंट इंजीनियर जयदीप चौधरी और टाउन प्लानर गौतम जोशी को सस्पेंड किया गया है। इसके साथ ही सड़क एवं निर्माण विभाग के दो अधिकारी एडिशनल इंजीनियर पारस कोठिया और डिप्टी इंजीनियर एम आर सुमा को भी सस्पेंड किया गया है। वहीं, पुलिस विभाग के दो अधिकारी पुलिस इंस्पेक्टर एन आर राठौड़ और पुलिस इंस्पेक्टर वी आर पटेल पर भी गाज गिरी है। तीनों मामलों में एक बात कॉमन है कुछ ले देकर नियमों की अनदेखी की गई है। भारत को विकसित देश बनाने के लिए इन बातों से ऊपर उठना जरुरी है।

## जैक बोर्ड आठवीं का रिजल्ट जारी, 94.15 प्रतिशत छात्र पास

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) बोर्ड ने मंगलवार को आठवीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस वर्ष 5,61,774 छात्रों में से कुल 5,28,962 छात्रों ने परीक्षा पास की है। इस साल का कुल पास प्रतिशत 94.15 है। जैक द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक, कुल 32,471 और 341 छात्रों को क्रमशः मार्जिनल और इन्कम्प्लीट के अंतर्गत रखा गया था। परीक्षा प्राधिकरण ने परिणामों के साथ झारखंड बोर्ड 8वीं की मार्कशीट भी जारी की गयी है। आठवीं के स्टूडेंट्स को रिजल्ट न आने के कारण नौवीं में एडमिशन लेने में दिक्कत हो रही थी, जिसे बोर्ड ने सोल्व कर दिया है। अब रिजल्ट से पहले आठवीं के स्टूडेंट्स का नामांकन नौवीं में हो रहा है। स्कूलों में छुट्टी शुरू होने से पहले आठवीं की परीक्षा दे चुके विद्यार्थियों को नौंवी कक्षा में औपबंधिक नामांकन (प्रोविजनल एडमिशन) दे दिया गया है। पिछले शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### घर में घुसकर मारपीट व छेड़खानी करने का आरोप, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** थाना के झरहा गांव निवासी विजय चंद्रवंशी की पत्नी पुष्पा देवी ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर कहा है कि वह 12 बजे दिन में अपने घर पर थी। उसी समय चंदन कुमार, बलवीर पासवान, राकेश राम, जय राम राम, अविशेक राम और छोटन कुमार, बब्लू पासवान, राहुल राम, अग्रेश पासवान, धिरज कुमार, महेन्द्र राम सभी ग्राम झरहा निवासी एक राय होकर अपने- अपने हाथ में लाठी डंडा, ईंट-पथर लेकर आए और घर का दरवाजा तोड़कर घर के अंदर घुस गए। वह गाली गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट करने लगे। साथ ही गलत नियत से उन्हें छूने लगे। हला सुनकर मेरी गोतीनी सिराती देवी उनके पति गुप्ता चंद्रवंशी तथा ललिता देवी पति सिताराम चंद्रवंशी बचाने आए तो उनलोगों के साथ भी सभी लोगों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। सभी घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में किया गया। महिला के आवेदन पर थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। उन्होंने कहा कि मामले की छान बीन की जा रही है।

### शादी का झांसा देकर लड़की को भगाने का पिता ने लगाया आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी रामजन्म चौहान ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन देकर सुरेंद्र कुमार राम व अनिल कुमार राम के खिलाफ लड़की को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। रामजन्म चौहान के आवेदन पर हुसैनाबाद थाना में दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है। रामजन्म चौहान ने आवेदन में कहा है कि उनकी पुत्री घर से जपला बाजार समान खरीदने आई थी। उसने समान खरीद कर गांव के ऑटो से समान घर भेज दिया। खुद आज तक नहीं आई। पता लगाने पर पता चला कि सुरेंद्र कुमार राम ने अपने बहनोई अनिल कुमार राम के साथ मिल कर लड़की को शादी का झांसा देकर कहीं ले गए हैं। दबाव बनाने पर उन्होंने दो दिन में लड़की को पहुंचाने की बात फोन पर दी है। बाद में लड़की ने भी फोन कर रोते हुए बताया कि उसे घर जाना हैं। दोनों फोन काल का रिकॉर्डिंग भी रामजन्म चौहान के पास है। इधर रामजन्म चौहान ने हुसैनाबाद थाना पुलिस से लड़की बरामद कर दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले में कार्रवाई करने की बात कह रही है।

# फोरेंसिक लैब में जांच के लिए भेजा गया युवक का नरकंकाल

**कपड़ा, चप्पल व हाथ में बंधे धागा से परिजनों ने किया पहचान, हत्या के कारणों की जांच कर रही पुलिस**



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के नावाडीह ओपी स्थित महुआखाला-पचघारा के जंगल से मिले नरकंकाल को जांच को ले रांची फोरेंसिक लैब भेजा गया। जहां युवक की पहचान सहित हत्या के कारणों की जांच हो सकेगा। विश्रामपुर पुलिस के द्वारा नरकंकाल को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भेजा गया था। नरकंकाल का पोस्टमार्टम या फोरेंसिक जांच की सुविधा यहां उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में रांची भेजा गया। इधर पीड़ित परिजन फोरेंसिक जांच को लंबी प्रक्रिया बताते हुए जंगल से मिले नरकंकाल के अवशेष हिस्से को संग्रह कर छिपादोहर के श्मशान घाट पर दाह-संस्कार की प्रक्रिया पूरी की गई। साथ ही घटना से आक्रोशित परिवार के सदस्य सहित आसपास के दूसरे लोग विश्रामपुर थाना के मुख्य गेट पर पहुंचे। विश्रामपुर थाना प्रभारी व नावाडीह ओपी प्रभारी के उदासीन रवैया युवक के हत्या का कारण बताते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी किया गया। साथ हीं नामजद आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। थाना गेट पर पहुंचे लोगों को समझाते हुए थाना प्रभारी सौरव चौबे ने कहा कि पुलिस नामजद प्राथमिक अभियुक्त की गिरफ्तारी को ले लगातार प्रयास कर रही है। उनके हर संभावित ठिकानों से ढुंढ कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कोई बच नहीं पाएंगे।

विदित हो कि विश्रामपुर थाना क्षेत्र के नावाडीह ओपी स्थित महुआखाला - पचघारा के जंगल से सोमवार को एक नरकंकाल बरामद किया गया था। जिसकी पहचान छिपादोहर गांव निवासी चंद्रशेखर मिश्रा उर्फ डब्लू मिश्रा के 25 वर्षीय पुत्र राकेश मिश्रा उर्फ मोनू मिश्रा के रूप में किया गया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच हत्या के पूरे मामले की अनुसंधान शुरू कर दिया है।



मोनू मिश्रा का फाइल फोटो

परिजनों के अनुसार मोनू पिछले 17 दिनों से लापता था। परिजनो के द्वारा थाना में गुमशुदगी को लेकर मामला दर्ज कराया था। मोनू पिछले दस मई से लापता था। साथ हीं किसी अनहोनी को ले आशंका व्यक्त करते हुए कुछ नाम भी पुलिस को बताए गए थे। लेकिन विश्रामपुर पुलिस सहित नावाडीह ओपी प्रभारी की ओर से उदासीनता बरती गई। नरकंकाल बरामदगी के बाद ग्रामीणों में पुलिस के प्रति आक्रोश भी व्याप्त है। मोनू मिश्रा पिछले दस मई की शाम को घर से निकला था। जिसके बाद वह वापस नहीं आया। परिजन हर संभावित जगह तलाश करने के बाद मोनू के पिता डब्लू मिश्रा ने थाना में चार युवकों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। नामजद सभी आरोपी युवक भी विश्रामपुर थाना क्षेत्र के ही निवासी हैं। परिजनो का आरोप है कि पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई ही नहीं की। समय रहते पुलिस के द्वारा संजीदगी दिखाई जाती तो मोनू को बचाया जा सकता था। लेकिन विश्रामपुर पुलिस के द्वारा ऐसा न कर आराम फरमाते रहे। पुलिस की अकर्मण्यता से ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

## न्यूज बॉक्स

### पूर्व विधायक की पहल पर लगा नया ट्रासफॉर्मर



**पांकी।** पांकी प्रखंड के लोहरसी पंचायत के पिपराटांड गांव में पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह एवं लोहरसी पंचायत के समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह के पहल पर नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। कुछ दिनों पहले 25 केवी का ट्रांसफॉर्मर जल जाने के कारण बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। इस वजह से परेशानी झेलनी पड़ रही थी। ट्रांसफॉर्मर जल जाने का कारण पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह को अवगत कराया। जिस पर संज्ञान लेते हुए पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह एवं लोहरसी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह युवा समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह ने विभागीय पदाधिकारी से उक्त विषय पर चर्चा करते हुए जल्दी ट्रांसफॉर्मर देने की बात कही थी। मंगलवार को बिजली विभाग द्वारा पिपराटांड के लोगों को नया ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराया गया। ग्रामीणों ने युवा समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह के प्रति आभार प्रकट किया।

### सड़क समतल नहीं हुआ तो गाड़ियों का परिचालन रोकेंगे : राजीव



**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र के शनि मंदिर के समीप तथा अन्य स्थानों पर एनएच 98 उबड़- खबड़ हो जाने के कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है। इसे लेकर मंगलवार को समाजसेवी राजीव रंजन के नेतृत्व में सड़क के किनारे लोगों ने प्रदर्शन किया। साथ ही शिवालया कंट्रक्शन कंपनी को चेतावनी दी की 24 घंटे के अंदर सड़क को समतल नहीं किया जाता है, तो गुरुवार से बड़े वाहनों का परिचालन रोका जाएगा। समाजसेवी ने कहा कि अब तक एक दर्जन से अधिक लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। प्रदर्शन करने वालों में उदय कुमार सिंह, गुंजन सिंह, दिनेश पासवान, शंभू यादव, सौरभ कुमार, चंदन पासवान, संजय मेहता, अरुण गुप्ता, चंदन कुमार, विकाश पासवान आदि का नाम शामिल है।

# अयोध्या के लिए बस को भगवा झंडा दिखाकर किया रवाना

**बस संचालित होते ही यात्रियों ने लगाए जयकारे**



नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** पांकी श्री राम जानकी मंदिर के समीप से अयोध्या जाने वाले राम भक्तों के लिए मंगलवार को संध्या में बस से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। बस संचालित होते ही यात्रियों ने प्रभु श्री राम की जयकारे के नारे लगाए। मंगलवार को प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद एवं भाजपा नेता शंकर प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजा पाठ कर एवं भगवा झंडा दिखाकर बस को रवाना किया। इस दौरान प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि तीर्थ स्थल पर घूमने से मन को शांति मिलती है। इसी कड़ी में पांकी से अयोध्या के लिए बस जा रही है। यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। मौके पर महावीर प्रसाद, अखिलेश प्रसाद, संजीव कुमार, दीपक प्रसाद, रंजीत प्रसाद, पंचम प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## चलती बाइक से गिरकर महिला घायल



**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र के शनि मंदिर के समीप एनएच 98 पर मंगलवार को उबड़-खाबड़ सड़क के कारण चलती बाइक से गिरकर एक महिला शांति गुप्ता का सर फट गया। उसे घायल अवस्था में सीएचसी ले जाकर इलाज करवाया गया। उक्त महिला छतरपुर थाना क्षेत्र के लठेया गांव निवासी बताई जाती है। वे अपने पति धनंजय गुप्ता के साथ बाइक से हरिहरगंज आ रही थी। मालूम हो कि उबड़-खाबड़ सड़क होने के कारण अक्सर बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं। जबकि कई बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी है। अब तक एक दर्जन से अधिक लोग गिरकर घायल को चुके हैं। कई लोगों द्वारा सड़क को समतल करने की मांग की जा चुकी है। परंतु अभी तक सड़क समतल नहीं किया जा सका है।

# 200 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए रैयतों के साथ प्रशासन ने की बातचीत

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** एनएच 75 के निर्माण में 200 एकड़ भूमि अधिग्रहण में देरी हो रही है, जिससे सरकार एवं प्रशासन की परेशानी बढ़ी हुई है। रैयतों को जमीन देने पर काफी कम मुआवजा मिल रहा है, जिससे असंतोष की भावना बनी हुई। रैयत अपनी जमीन देने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में 300 मामले एसी कोर्ट में चल रहे हैं। ऐसी स्थिति में रैयतों के साथ समन्वय बनाने की कोशिश तेज की गयी है।

जिले के सतबरवा प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को अपर समाहर्ता पलामू कुंदन कुमार तथा सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी की अध्यक्षता में बैठक हुइ। जिसमें पदाधिकारियों ने रैयतों के साथ एनएचएआई द्वारा भूमि अधिग्रहण में हो रही देरी को सुलझाने का प्रयास किया। अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की ने मुआवजा में होने वाली परेशानी तथा जिन रैयतों की जमीन जा रही है, उनकी समस्या सुनी। रैयत संघर्ष समिति सतबरवा ने भूमि संबंधी मामले में कम मुआवजा देने की बात कही। कहा कि इसी कारण रैयत नाराज चल रहे हैं तथा बाजार दर से भू-अर्जन से भुगतान कराने की मांग करते आ रहे हैं। ठेमा गांव के संजय प्रसाद यादव ने कहा कि उनकी एक एकड़ 75 डिसमिल जमीन एनएचएआई द्वारा सड़क बनाने के लिए अधिग्रहण किया जाना है, जिसका मुआवजा प्रति डिसमिल 15,700 रुपये निर्धारित किया गया है जबकि हाल में बेची गई जमीन का डीड चार से पांच लाख प्रति डिसमिल का रहा है। एसी कोर्ट में चल रहे मामले में डीड की कॉपी नहीं लगाई गई है। उन्होंने कहा कि हमारे गांव में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बेसिक स्कूल, बीआरसी, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, थाना, ब्लॉक और अंचल कार्यालय है।



**मुआवजा लेने के बाद डीड के अनुसार कर सकते हैं दावा : अपर समहर्ता**

अपर समहर्ता कुंदन कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा जिन गांवों का रेट तय किया गया है, उस रेट के अनुसार आप मुआवजा ले लें। इसके बाद यदि कहीं पर भी सड़क बनाए जाने के पहले की जमीन बिक्रीनामा का डीड प्रस्तुत करने पर आपको फिर से दावा के अनुसार भुगतान मिल सकता है।

पिपरा कला गांव के सुभाष चंद्र बोस ने कहा कि हमलोग निर्माण कार्य के विरोधी नहीं हैं। उनका आग्रह है कि जो जमीन संबंधी मुआवजा के लिए राशि मुकर्रर की गई है, उसमें सुधार कर दिया जाए ताकि लोगों का जीवन बसर अच्छे ढंग से हो सके। हमारे गांव का जो खेत जा रहा है, उसमें तीनों फसलें उगाई जाती हैं। कसियाडीह गांव के जयनाथ साहू ने कहा कि हमलोगों की जो जमीन और मकान जा रहा है, वह काफी कीमती है जबकि हमारे यहां सरकार ने जमीन का रेट जो तय किया है, वह काफी कम है। उन्होंने कहा कि हम सरकार और प्रशासन से आग्रह करते हैं कि जमीन आप ले लिजिए लेकिन उतनी ही जमीन दूसरी जगह पर दी जाए। बकोरिया के पीतांबर यादव ने कहा कि दो एकड़ 15 डिसमिल उसकी जमीन सड़क में जा रही है, जिसका रेट प्रति डिसमिल 16,000 रुपये के करीब है। कम से कम एक लाख रुपये प्रति डिसमिल जमीन का मुआवजा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई ऐसे रैयत हैं, जिनका म्यूटेशन एवं अन्य कागजात में परेशानी हो रही है। प्रशासन को चाहिए कि उसका भी हल निकाल कर उसे भी लाभान्वित की जाए। रैयत संघर्ष समिति के अध्यक्ष संत कुमार मेहता ने कहा कि सरकार और प्रशासन के विरुद्ध बात नहीं करेंगे। नियम के अनुसार बात करेंगे लेकिन हमलोगों को कम मुआवजा मिल रहा है, जिसके कारण रैयत काफी परेशान हैं। 300 से ज्यादा रैयतों का मामला एसी कोर्ट में चल रहा है। आज इसी मामले को लेकर प्रशासन और रैयत में सामंजस्य बनाने की कोशिश की जा रही है।

बैठक में उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी ने रैयतों को धैर्य रखने की बात करते हुए बताएं कि सभी समस्या का समाधान होगा। जिसका डिड पहले हुआ है। उसका मोटेशन तुरंत होगा और मुआवजा मिलेगा। जब एलपीसी बनेगा तो खतियान किसी का भी हो जिसके नाम से रसीद कट रहा है। और जिसके कब्जे में जमीन हो मुआवजा उसी को मिलेगा। इस मौके पर भू-अर्जन पदाधिकारी कामदेनु टुडू, कृष्ण मुरारी तिर्की के साथ रैयत आशीष कुमार सिन्हा, धीरज प्रसाद, शंभू उरांव, भोला मेहता, प्रदीप प्रसाद समेत सैकड़ों रैयत उपस्थित थे।

### लैंड एकुजेशन के अनुसार मिलेगा मुआवजा : एसडीएम

सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी ने बताया कि लैंड एकुजेशन के अनुसार प्रशासन से जो रेट तय किया जाता है, उसी के अनुसार आपकी अधिग्रहित भूमि का मुआवजा मिलेगा। उन्होंने कहा कि जमीन अधिग्रहण के पहले का बिक्रीनामा का डीड होना चाहिए, तब आपको उसी का आधार बनाकर मुआवजा के लिए लिखा जाएगा। फिलहाल भू-अर्जन को रैयतों को देने के लिए मुआवजा की राशि मुहैया करा दी गई है। उल्लेखनीय है कि 11 मई को संवेदक भारत वाणिज्य कंपनी के चार कर्मियों के साथ मारपीट करने का मामला थाना जा पहुंचा था। 20 पंचायत के 500 से अधिक रैयतों को 220 एकड़ जमीन अधिग्रहण करने का नोटिस दिया गया है तथा एलपीसी बनवाने के लिए कहा जा रहा है।

### रेलकर्मी की मौत, ट्रैक पर कर रहा था काम

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के कजारत नावाडीह स्टेशन में कार्यारत रेलकर्मी मुकेश मीना (32) वर्ष की कार्य करने के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मुकेश मीना कजरात नावाडीह नबीनगर रेलवे ट्रैक पर काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसकी तबियत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में लोगों ने उसे तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही जपला आरपीएफ, हुसैनाबाद पुलिस अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर अन्य सहयोगी रेलकर्मी से पूछताक्ष कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिये अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। इस घटना की सूचना परिजनों को मोबाइल द्वारा दे दी गईं है। मृतक मूल रूप से राजस्थान राज्य के अलवर जिला का रहने वाला था।

## आस्था

### हुसैनाबाद में 24 घंटे का अखण्ड कीर्तन शुरू


# अखंड कीर्तन से गांव के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल उत्पन्न होता है : उपाध्याय

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** मंगलवार को हुसैनाबाद प्रखंड के बुलंद बिगहा में प्राचीन बजरंगबली के प्रांगण में हरे राम हरे कृष्ण के उच्चारण द्वारा 24 घंटे का अखण्ड कीर्तन शुरू हो गया। बुधवार को भंडारा के बाद समापन होगा। उपाध्याय परिवार एवं ग्रामीणों के द्वारा मंगलवार की सुबह 10 बजे से संचालित किया गया, जो बुधवार की सुबह 10 बजे समापन किया जाएगा। इस मौके पर युवा समाजसेवी ज्ञान प्रकाश उपाध्याय ने कहा कि अखंड कीर्तन से गांव के साथ साथ पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल उत्पन्न होता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से किशोरी मोहन उपाध्याय, सुरेश उपाध्याय, जय कृष्ण उपाध्याय, जय नारायण उपाध्याय, बसंत उपाध्याय, संतोष उपाध्याय, कमांडेंट हिर्दय शंकर उपाध्याय, ओम प्रकाश उपाध्याय, जय प्रकाश उपाध्याय, भोला शंकर उपाध्याय, जय शंकर उपाध्याय, उमाशंकर उपाध्याय, ऋतिक उपाध्याय, लाला सिंह, किरानी सिंह, राजा सिंह, अशोक सिंह, देव कुमार सिंह, सचिता सिंह उर्फ पहलवान, संत कुमार सिंह, अर्जुन सिंह, पवन सिंह, किसान तिवारी, विजय सिंह सहित कई ग्रामीण शामिल थे।



### फ्रॉड कॉल से रहें सतर्क : थाना प्रभारी



**छतरपुर।** थाना प्रभारी राजेश रंजन ने अपने क्षेत्र के सभी जनता, व्यवसाई वर्ग से अपील किया है कि अब पुलिस के नाम पर फ्रॉड कॉल आ रहे हैं। जिसे सभी सतर्क रहना होगा। क्योंकि हमारे क्षेत्र में बाहर की कोई भी कम्पनी आती है। जैसे आर्मी या कोई भी तो सबसे पहले सूचना स्थानीय थाना को होती है। इसलिए किसी भी पुलिस के नाम पर फ्रॉड कॉल आते हैं तो बिना थाना को सूचना दिए हुए फ्रॉड कॉल को न सुने। हाल में ही आर्मी के नाम पर फ्रॉड कॉल छतरपुर के मशीहानी फोर लेन स्थित गौतम भोजनालय के मालिक बिंदा ठाकुर पर आया था जो करीब 20 लोगों का भोजन पैक करवाया गया और 10 हजार फोन पे में फ्रॉड कॉल वाले को भेजा गया। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है। सभी से अपील है कि इस तरह का कोई फोन आता है तो स्थानीय थाना में तुरंत स्पर्क करें।

**गोदाम प्रबंधक व परिवहन अभिकर्ता की मिलीभगत से हर महीने राशन की घोटाला**

# डीलर संघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** प्रखंड में खाद्य आपूर्ति का हाल बेहाल। पाटन डीलर संघ के अध्यक्ष शेषनाथ सिंह ने बीडीओ को आवेदन देकर बताया कि जागृति एसएचजी का अनाज गोदाम से भेजा गया। और दुकान पे तौलने पर 80 बोरा अनाज में ही 2 किवंटल 65 किलो अनाज कम हो गया। गोदाम का कांटा से भी तौलने पर परिवहन अभिकर्ता प्रतिनिधि की ओर से डीलर प्रेम कुमार एवं अन्य लोगों के समक्ष तौलने पर भी कम पाया गया। वहीं परिवहन अभिकर्ता के द्वारा स्वीकार भी किया गया कि अनाज कम है। बचा हुआ अनाज हम देंगे। यह भी बीडीओ को बताया की आखिर बिना दुकान पर तौले अन्य विक्रेता अनाज उतार लेते हैं। किसी भी विक्रेता को बोरा का वजन भी नहीं दिया जाता है। कितनी बड़ी घोटाले को गोदाम प्रबंधक और परिवहन अभिकर्ता की मिलीभगत से हर महीना अंजाम दिया जा रहा है। जिसके भुक्तभोगी हमारे कमजोर विक्रेता को होना पड़ रहा है।

पाटन प्रखंड के समस्त जन वितरण प्रणाली के विक्रेता की ओर से इस बात की कड़ी जांच की जाए। परिवहन अभिकर्ता के सहयोगी कमलेश सिंह के द्वारा बार-बार बोला जाता है कि पाटन के सभी विक्रेता का सरकारी माप तौल मशीन खराब है। अध्यक्ष ने कहा कि लोग किस कांटा को सही माने। साथ ही यह आदेश दिया जाए की सारे विक्रेता अगर खुद के नुकसान से बचना चाहते हैं तो अनाज अपने दुकान पर तौल कर ले। साथ ही बिना एसआईओ के अगर अनाज दुकान पे जाए तो गाड़ी को खाली न कराएं। क्यूंकि एसआईओ से ही आपका सही आवंटन पता चल पाएगा। नहीं तो डीलर संघ आंदोलन करेगा।




खुल गया | खुल गया | खुल गया
नीलकमल फर्नीचर
मेसर्स विनय इंटरप्राइजेज
गायत्री मंदिर रोड, सुदना
प्रो. अभिषेक कुमार
नीलकमल के अधिकृत विक्रेता सभी तरह के | फर्नीचर के लिए एक बार जरूर पधारें
दीवान, सोफा, आलमीरा, स्कूल फर्नीचर, प्लास्टिक की कुर्सी, टेबल व सभी सामानों के सेट उपलब्ध
8789497720 | 9199963588

# मतगणना के लिए प्रशासन ने तैयार की प्लान, थ्री लेयर की होगी सुरक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मतगणना 4 जून को होना है। यह मतगणना जीएलए कॉलेज के बहुउद्देशीय परीक्षा हॉल में होगी। जिला प्रशासन में टेबल और चक्र निश्चित कर लिया है। कार्मिक कोषांग के नोडल अधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए 22 टेबल होगा और 20 राउंड तक की मतगणना होगी। विश्रामपुर विधानसभा के लिए 20 टेबल होगा और 19 राउंड की मतगणना होगी। कुंदन कुमार ने बताया कि छतरपुर विधानसभा के लिए 18 टेबल होगा और 19 राउंड की मतगणना होगी। इसी तरह हुसैनाबाद विधानसभा के लिए 18 टेबल होगा और 19 राउंड की मतगणना होगी। कुंदन कुमार ने आगे बताया कि गढ़वा विधानसभा के लिए कांस्टेबल होगा और 22 राउंड कीमत गणना होगी। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 25 टेबल होगा 21 राउंड की मतगणना होगी। 2427 मतदान केंद्र पर पड़े वोट की गिनती होगी 4 जून को होगी। सुरक्षा व्यवस्था तीन स्तरीय होगी।



# प्रमंडलवासी भीषण गर्मी व हिटवेव से बचाव के लिए बरते विशेष सावधानी : आयुक्त

## छोटे बच्चों व बुजुर्गों का भी करें विशेष देखभाल



भीषण गर्मी के कारण शहर के मुख्य सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने भीषण गर्मी को देखते हुए प्रमंडलवासियों से हीट वेव यानी लू से बचने के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे लू से बचाव के लिए जरूरी प्रबंध रखें। छोटे बच्चों व बुजुर्गों का भी विशेष देखभाल जरूरी है।

### स्वयं के साथ पशु-पक्षियों का भी ध्यान रखें : आयुक्त



उन्होंने कहा कि मौसम विभाग के अनुसार पलामू में आगामी कुछ दिन और अधिक गर्मी होने के साथ लू चलेगी। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग की एडवाईजरी के अनुरूप कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, दौरे जैसे हीट स्ट्रोक, हीट रैश के संकेतों को पहचाने। यदि आप बेहोशी या बीमार महसूस कर रहे हैं तो डॉक्टर को दिखाएं। लू से बचने के लिए पानी पीएं। धूप में बाहर जाते समय चश्मे, छाता, टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग करें। ओआरएस, घर पर बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी आदि का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि स्वयं के साथ पशु-पक्षियों का भी ध्यान रखें।

# न्यूज बॉक्स

### विश्व भूख दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने जिला कार्यालय में विश्व भूख दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम व संचालन संजय कुमार ने किया। मोर्चा ने कहा कि 28 मई 2011 से प्रतिवर्ष विश्व भूख दिवस मनाया जाता हैं। दुनिया भर में भूख के बारे में जागरूकता बढ़ाना मौसम की मार, अशांति, प्राकृतिक आपदा सहित कई कारणों से हर फसलों का उत्पादन नियमित रूप से पूरी दुनिया में प्रभावित होता हैं। लगभग 800 मिलियन लोगों के पास खाने के लिए पर्याप्त नहीं है। यह काफी चौकाने वाली आंकड़ा है। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल में भूख से मरने की सूचना मिलती रहती है। दुनिया भर में महिलाएं और बच्चे युद्ध, अकाल, जलवायु परिवर्तन और अन्य कारणों से कुपोषण का सामना कर रहे हैं। आज एक अरब से अधिक किशोरियों और महिलाएं कुपोषण से पीड़ित हैं। इसका प्रभाव मां से बच्चों तक पर पड़ता हैं। अंतर्राष्ट्रीय समाज भूख से निपटने के लिए सार्थक पहल करे,ताकि भूख से किसी की मौत ना हो। इस अवसर पर जयपाल मोची, कृष्णा राम, अनिल राम, प्रेम कुमार, संजय चौरसिया, संजीत कुमार, शनि कुमार, उमेश पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे।

### ट्रैक्टर पलटने से दो लोग गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर।** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के भजनीया - कोल्हुआ मुख्य पथ में पोटो गांव में पुलिया के पास मंगलवार की दोपहर ट्रैक्टर पलटने से दो सवार लोग गंभीर रुप से घायल हो गये हैं। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर भजनिया गांव के पास ही उतर कोयल नदी के तटबंध निर्माण कार्य में लगा था। जानकारी के अनुसार घायलों को तटबंध निर्माण कार्य में लगे लोग इलाज के लिए मेदिनीनगर ले गये हैं। घायलों में भजनिया गांव निवासी अमित मेहता व जेसीबी ऑपरेटर बताया जाता है। इसकी सूचना मिलते ही मोहम्मदगंज के थाना प्रभारी पंकज तिवारी के निर्देश पर एएसआई सुबीर किस्कू घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की है। पुलिस को आने से पूर्व ही ट्रैक्टर का चालक फरार हो गया था। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी श्री तिवारी ने बताया कि पुलिस घटना की अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर गढ़वा जिला का बताया जा रहा है।

### गणपति धर्मशाला में हुआ अमृतधारा का शुभारंभ



**मेदिनीनगर।** बढ़ती गर्मी के मद्देनजर राहगीरों एवं धर्मशाला के यात्रियों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था करते हुए स्थाई पनशाला का शुभारंभ किया। पनशाला की व्यवस्था गणपति धर्मशाला के प्रांगण में की गई। पनशाला गणपति धर्मशाला के सचिव सुरेश उदयपुरी के द्वारा अपनी माता स्वर्गीय गिन्नी देवी उदयपुरी एवं अपने पिता स्वर्गीय चिरंजीवी लाल उदयपुरी की पुण्य स्मृति में लगवाया गया। पनशाला का शुभारंभ गणपति धर्मशाला के अध्यक्ष आशीष बुधिया ने किया। सुरेश उदयपुरी ने बताया कि पनशाला का उद्देश्य गर्मी से तप्त राहगीरों को शीतल एवम शुद्ध जल पिलाना है, जिससे राहगीरों को पीने की पानी की कमी का अहसास न हो। उन्होंने कहा कि आगे भी जन कल्याण के कार्यों में अपनी भागीदारी प्रदान करते रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में गणपति धर्मशाला के अध्यक्ष आशीष बुधिया, उपाध्यक्ष प्रमोद तुलस्यान, सचिव सुरेश उदयपुरी, कोषाध्यक्ष सुशील लाठ,बिमल केजरीवाल, मुरारी गोयल, राजेश उदयपुरी, डॉ. नारायण अग्रवाल, बिल्लू सांवरिया, राजेश अग्रवाल, पवन दारुका, संजय केजरीवाल, मुरारी लाठ, ज्ञानू भूत, अंशुल उदयपुरी आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# एक नजर

### जलस्तर गिरने से कई स्थानों के चापाकल से निकल रहा गंदा पानी

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के इलाके जलस्तर गिरने से कई चापाकल से गंदा कीचड़युक्त पानी निकलना शुरू हो गया है। रविन्द्र मेहता, राजेश्वर मेहता ने कहा कि इस हालात में बाजार क्षेत्र के कोईरियाडीह तीन मुहान, मरघटिया पथ के अलावे टोला गंज पर के लोगों को शुद्ध पेयजल मिलना मुश्किल हो गया है। वहीं विजेता क्लब व जगराता क्लब स्वयंसेवी संस्था के सक्रिय सदस्य जितेन्द्र कुमार, विरेन्द्र अग्रवाल, अरुण कुमार गुप्ता, आलोक कुमार, विरेन्द्र सोनी, संतन चौधरी सहित कई युवाओं ने कहा कि खासकर बाजार क्षेत्र को शुद्ध पाली मुहैया कराने वाला एकमात्र पीएचईडी की ग्रामीण जलापूर्ति योजना को यदि चालू करा दिया जाता तो सौ बीमारी का एक इलाज साबित हो जाता। यह योजना मेंटेनेंस व रखरखाव के अभाव में वर्ष 2005 से ही दम तोड़ रही है। बाजार से सटे ही टोला बगीचा के ग्रामीणों को अब तक एक भी सरकारी चापाकल की व्यवस्था नहीं होने का मलाल है। इसके विरुद्ध भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष व समाजसेवी डॉ. अजय जयसवाल ने कहा कि टोला बगीचा पर गत वर्ष ही सांसद कोटे से दो चापाकल गाड़ने के लिये उपकरण गये। पर यहां आपसी विवाद में उपकरण को वापस जाना पड़ा। उधर गत वर्ष ही चौकड़ी पंचायत मुख्यालय में प्रह्लाद पाठक के घर के सामने सरकारी चापाकल मृत हो चुका है। जिसकी कई बार विभागीय अभियंता को सूचना दिये जाने के बाद भी समाधान नहीं हो सका।

# पीटीआर में वन जीवों के लिए जमीन खोदकर पानी की व्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के गारु पूर्वी में वन जीवों के पानी के लिए एक नई पहल शुरू की गई है। यह पहल सफल दिख रही है। यह पहल हेनर पूर्वी से लेकर नीचे घाघरी जल पर्वत के बीच की गई है। हेनर पूर्वी से लेकर नीचे घाघरी तक में 25 स्थानों पर मिट्टी काट कर पानी की व्यवस्था की गई है। पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि इस क्षेत्र में 25 फीट लंबा, 25 फीट चौड़ा और 10 फीट गहरा जमीन को खोदा गया। इस जमीन के नीचे से साफ और प्रचुर मात्रा में पानी मिला। यह पानी करीब 4 फीट तक के हैं। कुमार आशीष ने बताया कि यह पानी आने वाले मानसून तक रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हेनर पूर्वी से लेकर नीचे घाघरी तक में जमीन में बहुत नमी है। इस नमी के कारण ही जमीन के नीचे से पानी निकल गया। कुमार आशीष ने दारू पूर्वी के रेंजर उमेश दुबे के मेहनत और सूझबूझ की प्रशंसा की। उमेश दुबे और उनकी टीम ने पहले हेनर पूर्वी से नीचे घाघरी तक की जमीन को देखा परखा। काफी नमी जमीन में मिली बस इसके बाद 25 फीट लंबा, 25 फीट चौड़ा और 10 फीट गहरा जमीन को खोद कर पानी निकाल लिया गया। कुमार आशीष ने कहा कि उन्होंने एक चौसिंघा को भी देखा यह एक सुखद अनुभव रहा। पलामू टाइगर रिजर्व में हर वर्ष पानी के संकट रहता हैं। पानी पटाने के लिए हर वर्ष कुछ व्यवस्था की जाती रही हैं। हेनर पूर्वी से नीचे घाघरी तक की जमीन को खोद कर पानी निकाल लिया गया है जो एक मुश्किल भरा काम था। पर सफल रहा।



पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि इस क्षेत्र में 25 फीट लंबा, 25 फीट चौड़ा और 10 फीट गहरा जमीन को खोदा गया। इस जमीन के नीचे से साफ और प्रचुर मात्रा में पानी मिला।

### पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**मेदिनीनगर।** छः मुहान चौक पर मंगलवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस मौके पर चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन का जांच किया गया। जिसमें दो पहिया वाहन के कई चालक बगैर हेलमेट और ट्रिपल लोड पकड़े गए। उन सभी के वाहन जब्त कर लिया गया। वाहन को सुरक्षार्थ हेतु शहर थाना में रखा गया। जिसमें 17 मोटरसाइकिल को परिवहन कार्यालय एवं 01 मोटरसाइकिल को सीजीएम कार्यालय चालान हेतु भेजा गया है। ट्रैफिक प्रभारी ने बताया कि अभियान जारी रहेगा।

### ट्रेनों में चला 15 दिवसीय स्वच्छता मानकों की जांच अभियान

# मेल एक्सप्रेस ट्रेनों की चकाचक वातानुकूलित कोच

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** भारतीय रेलवे ने पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के महाप्रबंधक के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन में प्रमुख सहभागिता निभाते हुए 15 दिवसीय स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत अभियान शुरू की है। इसके माध्यम से मेल एक्सप्रेस ट्रेनों के स्लीपर और वातानुकूलित कोचों को स्वच्छता बनाये रखने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने कहा है कि इस अभियान के क्रम में ट्रेनों में स्वच्छता मानकों की जांच और रखरखाव के लिए पूर्व मध्य रेलवे ने 15 दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान शुरू की है। जिसमें ट्रेनों के रखरखाव के दौरान पर्यवेक्षकों और अधिकारियों की टीम वाशिंग लाइन पर स्लीपर, एसी और जनरल कोचों की साफ - सफाई का गहन निरीक्षण करेंगे। वहीं सभी ओबीएचएस ट्रेनों में पर्यवेक्षक इसके कर्मियों के क्रियाकलापों के निरीक्षण को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा है कि क्लीन ट्रेन स्टेशन के तहत नामांकित बरौनी और पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर ट्रेनों की समुचित सफाई सुनिश्चित की गई है। इस दौरान पैंट्री कार की सफाई, भोजन की गुणवत्ता और उसकी स्वच्छता का भी जांच होगा। ओबीएचएस और पैंट्री कार के स्टाफ एकत्र किये गये कचरे को ठीक से उसे निर्धारित स्टेशनों पर उसका निष्पादन करने का कार्य करेंगे। इस कार्य के प्रति यात्रियों से फीडबैक और सुझाव प्राप्त कर उनपर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने की जवाबदेही संबधित अधिकारी और रेलकर्मियों को सौंपी गई है। इस अभियान में पूर्व मध्य रेल के विभिन्न मंडलों के 375 स्टेशनों को शामिल किया गया है।

# मतगणकों को मिला मतगणना का गहन प्रशिक्षण

### मतगणना सहायक, मतगणना सुपरवाइजर एवं माइक्रो आब्जर्वर हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशिरंजन के आदेशानुसार त्रुटि रहित व निष्पक्ष मतगणना के लिए गिरिवर+2उच्च विद्यालय मेदिनीनगर में 700 मतगणना कर्मियों को मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया। जिनमें मतगणना सहायक, मतगणना सुपरवाइजर एवं माइक्रो आब्जर्वर शामिल हैं। सदर एलआरडीसी प्यारेलाल व छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अमरेन्द्र पाठक व अशोक सिंह, प्रधान लिपिक रामलखन राम, सौरव कुमार सिन्हा, विपिन कुमार पटेल ने मतगणना प्रशिक्षण का अनुसमर्थन किया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर रामप्रवेश शर्मा, क्यूम अंसारी, श्यामलाल उरांव, चन्द्रशेखर शुक्ला, नसीम अहमद सहित अन्य लोगों के द्वारा पोस्टल बैलेट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपीएटी से मतों को गिनने सहित सम्पूर्ण मतगणना प्रक्रिया का गहन प्रशिक्षण दिया गया।

### संत मरियम के कराटेकार लगातार कर रहे हैं कमाल, प्रधानाचार्य के हाथों हुए सम्मानित

**मेदिनीनगर।** कराटे का बेल्ट ग्रेडिंग में उतीर्ण हुए संत मरियम के बाल कराटेकारो को विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आर्दश के द्वारा मंगलवार को प्रार्थना सभा में बेल्ट व प्रमाण पत्र देने के साथ-साथ उनके हौसलों का अफजाई किया गया। विदित हो कि पलामू मिक्सड मार्शल- आर्टस टाईगर्स एकेडमी के तत्वाधान में बीते दिनों एकदिवसीय बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन किया गया था। जिसमें संत मरियम विद्यालय के कराटेकारों ने हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई कराटेकारों ने विद्यालय के मान को बढ़ाया था, जिसे लेकर उन्हें विद्यालय परिसर में सम्मानित किया गया। जिनका नाम इस प्रकार हैंः- आसिफ खान अयान सिद्दीकी आशीष कुमार शर्मा प्रिंस कुमार यादव को ऑरेंज बेल्ट, ओम प्रकाश प्रियांशु कुमार सुंदरम कुमार सिंह आर्यन राज, कृष कुमार, अंकित कुमार सिंह, एकलव्य कुमार सिंह, प्रियांशु सोनी, प्रिंस कुमार चंद्रवंशी, शशिकांत सिंह। मौके पर कुमार आदर्श ने इन्हे सम्मानित करते हुए कहा कि कराटेकारों का श्रेष्ठ प्रदर्शन प्रशिक्षकों के उत्कृष्ट प्रशिक्षण अथवा इनके प्रबल हौसले का परिणाम है कि इस विद्यालय का कराटेकार लगातार कमाल कर रहे हैं।

### लिलिपुट स्कूल में समर कैंप का समापन

# पूल पार्टी में बच्चों ने मचाया धमाल, जमकर की मस्ती

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में मंगलवार को समर कैम्प के आखिरी दिन बच्चों ने जमकर पूल पार्टी मनाई। स्कूल कैंपस को गोआ समुद्री बीच की तरह सजाया गया था। नारियल का पेड़, समुद्री रेत का माहौल, रंग बिरंगे झंडे, छाते, वाटर बैलून गेम्स, स्विमिंग पूल आदि बच्चों को खूब आकर्षित कर रहे थे। इसके साथ साथ रेन डांस का सभी बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया। पूल पार्टी में बच्चों को आइसक्रीम और सैंडविच दिए गए। स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल ने बताया कि हर साल स्कूल में समर कैम्प लगाया जाता है और हम हर वर्ष कुछ नया एवं रोचक करने का प्रयास करते हैं। इस साल बच्चों को राजस्थानी कल्चर वाला पपेट शो खूब पसंद आया। साथ ही ट्रैफिक रूल्स एवं फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल भी आकर्षण का केंद्र रहा। स्कूल के निदेशक राजीव गोयल ने सभी अभिभावकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने आज अपने बच्चों को समुद्री तट वाले गेटअप में भेजा। समर कैम्प का सफल आयोजन करवाने में रश्मि हिम्मतरामका, श्याम तिवारी, अश्विनी, मन्नत सिंह बग्गा, ज्ञानवी, गणेश, नगमा, अनन्या, आयुषी, फलक, राजनन्दिनी, अरीबा, सपना, करनाली, पलक, रानी, खुशी, वंशिका, आँचल, निधि, आशी, निशा, तनु, लक्ष्मी, ईशा, नैंसी, प्रिया, तृप्ति, वंदना, जयन्तिका इन सभी की सक्रिय भूमिका रही। इस साल समर कैम्प में लगभग 60 बच्चे शामिल हुए जिनके आनवी, प्रिंस, रेयांशी, तेजस, हिमानी, इशिका, विक्रम, आराध्या, अभिजीत, कियारा, सात्विक, सौम्या, अर्श, अनिष्का, कमर, लक्ष्य, जपनीत सहित अन्य छात्र शामिल थे।




### स्वच्छ भारत
### पांच दिवसीय जागरूकता अभियान शुरू

# नगर आयुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रथ को रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भीषण गर्मी में लू से बचाव और स्वच्छ भारत अभियान को लेकर आम लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज द्वारा मंगलवार को पांच दिवसीय जागरूकता अभियान शुरू किया है। जो लोगों का जागरूक करेगा। मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ शहर के विभिन्न हिस्सों में घूम-घूम कर लोगों को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा बताए गए लू से बचाव के उपाय जैसे- खाने में तरल पदार्थ का इस्तेमाल बढ़ाने और हीट स्ट्रोक के लक्षणों को ध्यान में रखने, धूप और भीड़ भाड़ वाले स्थान में जाने बचने, खाने में स्वच्छता, पानी और छाया का ध्यान रखने आदि के बारे में जागरूक करेगा। गर्मी से संबंधित बीमारियां हल्की से लेकर गंभीर (हीट स्ट्रोक) तक हो सकती हैंए गर्मी के तनाव के लक्षणों में चक्कर आना, सर दर्द, अत्यधिक प्यास और तेजी से सांस लेना शामिल है। जागरूकता वाहन के जरिए खेल-खेल में स्वच्छ भारत अभियान को कैसे साकार कर सकते हैं इसके बारे में भी बताया गया है। जैविक और अजैविक कचरा को अलग करने के फायदे, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करने, गंदगी कम करना और प्रदूषण कम करने के फायदों के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर सीबीसी डालटनगंज के विभाग के कर्मियों और अधिकारियों ने महात्मा गांधी के स्वच्छता के प्रति समर्पण को याद करते हुए स्वच्छता शपथ ग्रहण किया और अपना श्रमदान करने का शपथ लिया। मौके पर क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार, नगर निगम कार्यालय के ी धीरज कुमार, नीरज कुमार, सोनी कुमारी, कार्यालय सहायक, सुरेश प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## एक नजर

### बीडीओ से आम बागवानी योजना की जांच कराने की मांग

**केतार।** केतार प्रखंड के चांदडीह गांव निवासी अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी को आवेदन देकर पाचाडुमर पंचायत में मनरेगा योजना से संचालित आम बागवानी योजना की जांच कराने का आग्रह किया है। बीडीओ को दिये आवेदन में उल्लेख किया है की पाचाडुमर पंचायत में संचालित सभी आम बागवानी योजना में प्राक्कलन और नियम के अनुरूप कार्य नहीं हो रहा है फिर भी लाभुकों द्वारा पैसे का निकासी मजदूरों का डिमांड भरकर निकाला जा रहा है। उन्होंने बीडीओ से सभी बागवानी योजनाओं का जांच कराकर उसके बाद ही भुगतान कराने का अनुरोध किया है।

### मारपीट में घायल हुई महिला, भर्ती

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के हूर मध्या गांव निवासी सत्यानंद चौबे की पत्नी शारदा देवी मारपीट की घटना में घायल हो गई उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस संबंध में शारदा देवी ने गढ़वा थाने में आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में शारदा देवी नें कहा गया है कि उसका पति साहेबगंज में जैप वन में पदस्थापित है घर में अपने बेटे के साथ रहती है। शारदा देवी ने आवेदन में कहा है कि वह अपने नया मकान से बेटे के साथ मंगलवार को सुबह 8 बजे पुराने घर में जा रही थी। इस दौरान वह अपने आम के पेड़ के पास पहुंची तो कामेश्वर चौबे अमित कुमार चौबे एवं सुभद्रा देवी आम को करवा कर ले जाने का प्रयास कर रहे थे। उसमें हिस्सा मांगने पर उक्त लोगों ने गाली गलौज करते हुए शारदा देवी के साथ मारपीट कर दिया शारदा देवी ने दिए गए। आवेदन में आरोप लगाया है कि उसके कान के सोने का बाली गला से सोने का चैन आदि लौटकर वहां से भाग गया।

### उमवि मझिगावां में आठवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां का जैक रांची द्वारा घोषित आठवीं बोर्ड का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय से 96 बच्चों ने आठवीं बोर्ड की परीक्षा दी। सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से सफल हुए। उन्होंने कहा यह काफी हर्ष का विषय है कि सभी बच्चे उत्तीर्ण हुए और विद्यालय का नाम रौशन किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया की यह रिजल्ट छात्रों एवं शिक्षकों के सम्मिलित प्रयास का ही परिणाम है।

### अस्पताल में भर्ती मरीजों को गर्मी से नहीं मिल रही है राहत : विधायक

**गढ़वा।** सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए विधायक प्रतिनिधि कंचन कुमार साहू ने डीसी, स्थानीय विधायक, सिविल सर्जन को मांग पत्र देकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग किया है। डीसी को दिए गए मांग पत्र में कहा है कि विगत कई दिनों से जिले में प्रचण्ड गर्मी पड़ रही है उसके बाद भी सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों को गर्मी से राहत देने के लिय जरूरी उपकरण अथवा उचित कार्य नहीं किया जाना कहीं न कहीं मरीजों के प्रति घोर लापरवाही है। विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग ने आवेदन में कहा है कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अति असंवेदनशिलता का परिचायक है मांग पत्र में कहा है कि विगत वर्ष सभी वार्डों में कूलर के माध्यम से राहत दिलाने का प्रयास किया जा रहा था परन्तु इस बार वह भी उपलब्ध नहीं हैं।

# तेज गर्मी व धूप से लोगों का हाल हुआ बेहाल




**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड में बढ़ रहे तापमान के बाद भीषण गर्मी देखने को मिल रही है। सुबह 8 बजे से ही झुलसा देने वाली गर्मी पड़ रही है। प्रखंड में मंगलवार को अधिकतम तापमान 46 डिग्री पर पहुंच गया। जिसके बाद दोपहर में सड़कों पर लोग गर्मी से बचाव करते नजर आए। खरौंधी प्रखंड में भीषण गर्मी व तेज धूप के कारण लोगों का हाल बेहाल हो गया है। लू चलने से दोपहर के समय तो लोग घरों में दुबके रहने पर मजबूर हो रहे हैं। भीषण गर्मी के इस मौसम में लोगों की दिनचर्या पूरी तरह से बदल गई है। सुबह व शाम के समय ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी ज्यादा होने के कारण उल्टी दस्त की बीमारियां भी बढ़ने लगती है। गर्मी बढ़ने के बाद ठंडे पेय पदार्थों का सेवन करना चाहिए। भूखे पेट बाहर नहीं निकले। जहां तक हो सके शरीर को ढक कर ही बाहर निकले। बढ़ते तापमान से परेशान लोग गर्मी से बचने के लिए कोल्ड ड्रिंक, लस्सी, गन्ना का जूस सहित नींबू का शरबत, शिकंजी इत्यादि ठंडी चीजें पीकर शरीर को ठंडक प्रदान कर रहे हैं।

डॉ धर्मेंद्र मेहता का कहना है कि हाइड्रेट रहना वयस्कों और शिशुओं दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। जब हम प्यास महसूस करते हैं और उसे बुझाने के लिए पानी की बोतल पकड़ते हैं, तो बच्चे स्वयं इसका उपयोग नहीं कर पाते हैं। यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप बच्चों नियमित अंतराल पर पानी पिलाएं ताकि वे डिहाइड्रेशन से न जूझें। कोशिश करें और अपने शिशु को ढीले-ढाले और हल्के वजन के कपड़े पहनाएं। इसके अलावा, हमेशा ध्यान रखें कि अपने बच्चे के लिए खरीदारी करने के लिए जाते समय, आप हमेशा सांस लेने वाले कपड़े चुनें, जो कपास जैसे प्राकृतिक कपड़े से बने हों। सिंथेटिक कपड़ों की तुलना में सूती कपड़े बेहतर तरीके से पसीना सोखते हैं।

## हीट वेव से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

प्रखंड क्षेत्र में हिट वेव से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है । लोग जरूरतमंद कार्यों को लेकर भी अपने-अपने घर से बाहर निकलना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं । मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र में व्यापक तौर पर हीट वेव का असर देखा गया । सूर्योदय के बाद अधिकतम तापमान का ग्राफ 29 डिग्री से शुरू हुआ जो दोपहर में बढ़कर 46.5 डिग्री पर पहुंच गया । जबकि शाम तक भी उसमें ज्यादा गिरावट न आकर अधिकतम तापमान का ग्राफ 45 डिग्री के आस पास रहा । शाम के समय अपने-अपने घर से बाहर निकले लोगों के द्वारा मंगलवार के हिट वेब के बारे में मूल्यांकन किया जाता रहा । इस दौरान लोगों ने बताया कि शुरूआती दौर में लग ही नहीं रहा था कि इस वर्ष गर्मी का प्रकोप भी देखने के लिए हम लोगों को मिलेगा । लेकिन जैसे-जैसे वर्षा ऋतु के करीब गर्मी का महीना आता जा रहा है वैसे-वैसे लू लक्कड़ का भी बहना शुरू होता चला जा रहा है । उन्होंने कहा कि पिछले तीन-चार दिनों से क्षेत्र में गर्मी का व्यापक बढ़ोतरी हो रहा है । मंगलवार को उक्त गर्मी को सीधे तौर पर हिट वेव में देखा गया । ग्रामीणों ने कहा कि मंगलवार को सुबह होते ही गर्मी का अधिकतम तापमान 36 डिग्री हो गया । जबकि शाम के समय तक भी उसमें ज्यादा गिरावट न आकर उसका तापमान पूरी तरह 45 डिग्री के आसपास रह गया । साथ ही कहा कि हीट वेव को देख हम सभी पूरा दिन अपने-अपने घर में दुबके रह गए । इसी तरह अगर हिट वेव दो-चार दिनों तक और क्षेत्र में प्रभावी रह गया तो उसका सीधा असर माल मवेशियों पर भी पढ़ना शुरू हो जाएगा ।

## चार सौ पार का नारा जो प्रधानमंत्री मोदी ने दिया है, उसे हम लोग करेंगे पूरा : भानु प्रताप शाही

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**



झारखंड में सफल हुआ लोकसभा चुनाव में अब तक 11 सीटो पर मतदान पूरा हो चूका है, और इन ग्यारह के ग्यारह सीटो पर दस फूल व एक फल के साथ भाजपा एनडीए गठबंधन को जनता ने स्वीकार करने का काम किया है। उक्त बाते क्षेत्रीय विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने मंगलवार को टाउनशिप स्थित अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर कहा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मुझे स्टार प्रचारक बना कर कई लोकसभा क्षेत्रो में भेजने का कार्य किया। पलामू, चतरा, रांची, हजारीबाग, धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर लोस क्षेत्र में पहुंचकर वहाँ के पार्टी कार्यकताओं के साथ जी तोड़ मेहनत कर पसीना बहाया। कहा कि अभी तक संपन्न हुए प्रदेश की 11 लोस सीट पर कार्यकताओं की फीडबैक, प्रेस मिडिया व न्यूट्रल सोर्स से यह बात सामने आ रही है, कि सभी 11 सीट भाजपा व आजसू के खाते में पहुंच चुकी है, और शेष बचे गोड्डा, दुमका व राजमहल लोस सीट भी शत प्रतिशत भाजपा के खाते में आयेगी। कहा कि सभी को 4 जून का इंतजार करना है, 4 सौ पार का नारा जो यशस्वी प्रधानमंत्री ने दिया है, उसे हम लोग पार करेंगे ये जनता के मूड से दिखाई दे रहा है। कहा कि महिलाओं ने जाती धर्म से उपर उठकर अपना शत प्रतिशत वोट बीजेपी को दिया है। देश को सशक्त, मजबूत, विकसित राष्ट्र बनाने तथा भविष्य के खुशहाली के लिए राज्य के जनता ने प्रदेश के सभी चौदहों सीट पर भाजपा को जिताने का संकल्प लिया है, ताकि अधूरे पड़े विकास कार्यो को पूरा किया जा सके।

सेल के टाउनशिप आवासीय क्वार्टरों में अनिधिकृत रूप से रहे लोगो सेल प्रबंधन द्वारा आवास खाली करने संबंधी नोटिस दिये जाने के बाद क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने सेल जीएम से मुलाकात कर आवास खाली करने संबंधी नोटिस को निरस्त करने की मांग किया है। उन्होंने कहा कि टाउनशिप में 50 वर्षो से रह रहे लोगो को सेल प्रबंधन द्वारा हटाने की कोशिश किया जा रहा है। सेल स्थापना के समय यहाँ के पूर्वजो ने हजारो एकड़ भूमि सेल को दिया। भू मालिक और यहाँ के लोगो को सेल प्रबंधन द्वारा प्रताड़ित करने की कोशिश किया जा रहा है, जो किसी भी स्थिति में बर्दास्त नही किया जायेगा।

## प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट पर मारपीट मामले में छह पर प्राथमिकी दर्ज




चार गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड सह अंचल कार्यालय केतार के मुख्य गेट पर सोमवार को भूमि विवाद में दो पक्षों में पथराव और मारपीट मामले में पुलिस ने प्रथम पक्ष के परती कूशवानी गांव निवासी विष्णुदेव प्रजापति के फर्द ब्यान पर उसी गांव के छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। मंगलवार को थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णवाल ने बताया की रामलाल प्रजापति, राम लखन प्रजापति, मनोज प्रजापति, जगरनाथ प्रजापति, सिनियर प्रजापति और बबलू प्रजापति पर धारा 341/323/325/307/34 भदवी के तहत प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। वहीं पुलिस ने रामलाल प्रजापति, मनोज प्रजापति, जगरनाथ प्रजापति और बबलू प्रजापति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।उल्लेखनीय है की दोनों पक्षों के बीच 45 डिसमिल रैयती भूमि पर दखल कब्जे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। सोमवार को अंचल कार्यालय में जनसुनवाई के लिए दोनों पक्षों को बुलाया गया था। जनसुनवाई के दौरान दोनों पक्षों में समझौता नहीं हो पाया तब सीआई ने जनसुनवाई को न्यायालय भेजना की बात कही थी। इसके बाद दोनों पक्षों में तनातनी का माहौल हो गया।

## मच्छरजनित बीमारियों को लेकर लोगों को करें जागरूक : सिविल सर्जन

**नवीन मेल संवादाता। गढ़वा**



सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में मंगलवार को जिले के विभिन्न अस्पतालों के चिकित्सा पदाधिकारी, सीएचओ एवं मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें डेंगू एवं चिकुनगुनिया से बचाव, रोकथाम एवं नियंत्रण लेकर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डा.अशोक कुमार उपस्थित थे। जबकि बतौर प्रशिक्षक जिला महामारी विशेषज्ञ डा.संतोष कुमार मिश्रा एवं जिला भीबीडी कंसल्टेंट अरविंद कुमार द्विवेदी उपस्थित थे।मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि डेंगू, चिकुनगुनिया के बारे में लोगो में जागरूकता लाने की आवश्यकता है। मानसून के समय एवं मानसून के पश्चात मच्छर जनित बीमारियों का संक्रमण बढ़ जाता है। इसलिए कोई भी बुखार को हल्के में नहीं लें। उसका जांच व इलाज कराएं। जिला भीबीडी पदाधिकारी डा. पुष्पा सहगल ने कहा कि ड़ेंगू, चिकुनगुनिया वायरल रोग है, जिसका रोकथाम एवं नियंत्रण आवश्यक है। इसके लिए एक प्लान बना कर कार्य करें। ताकि बीमारियों का नियंत्रण जल्द से जल्द किया जा सके। जबकि लोगो को सप्ताह में एक दिन सुखा दिवस मनाने के लिए जागरूक करें। जिसमे पानी रखने वाले सभी कंटेनर को धो कर एवं सुखाकर फिर से पानी भरें। प्रशिक्षकअरविंद कुमार द्विवेदी ने कहा कि डेंगू /चिकुनगुनिया संक्रमित मादा एडिस मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर साफ एवं ठहरे हुए पानी मे अंडे देती है। उन्होंने मच्छरों के नियंत्रण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।

## मंगलवार के दिन भंडारा करना पुण्य का है कार्य : विश्व हिंदू परिषद

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में मंगलवार को भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा कार्यकताओं के जन सहयोग से भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 300 से अधिक श्रद्धालुओं ने महाभंडारा का प्रसाद ग्रहण किए। भंडारा का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष गौरव पांडे और मनोज सोनी ज्वेलर्स दुकान संयुक्त रूप से भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना के बाद भोग लगाकर प्रसाद स्वरूप बेसन के लड्डू को श्रद्धालुओं के बीच महा प्रसाद का वितरण कर किया। भंडारा कार्यक्रम दोपहर 2:00 बजे से लेकर शाम 4:00 बजे तक अनवरत चलता रहा। जिसमें श्रद्धालु उमड़ते रहें। वही मुख्य पथ के किनारे हनुमान मंदिर होने के कारण सड़क से आने जानेवाले यात्रियों को भी लोगो द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर लोगों के बीच प्रसाद उपलब्ध कराने में युवा कार्यकर्ता बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।इस मौके पर विहिप के प्रखंड अध्यक्ष गौरव पांडे ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद व स्थानीय युवा समाजसेवियों के जन सहयोग से प्रत्येक मंगलवार को वीर हनुमान जी के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया जाएगा। रामनवमी के विशेष अवसर पर हम सभी बजरंगी भक्त साथ में मिलकर भंडारा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। वही संध्या में महा आरती का कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि मंगलवार के दिन भंडारा करना पुण्य का कार्य है, क्योंकि यह दिन वीर हनुमान का होता है। उन्होंने कहा की हनुमान मंदिर परिसर के पास भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की।उन्होंने कहा कि हनुमान मंदिर में क्षेत्र के लोगो की भरपूर आस्था है।

जो लोग सच्चे मन से हनुमानजी का पूजा अर्चना करते हुए मन्नत मांगते है वह पूर्ण होता है। भंडारा कार्यक्रम में मुख्य रूप से बजरंग संयोजक युवा समाजसेवी बिट्टू जायसवाल ऋतिक जायसवाल अनुराग कुमार ,अंकित चंद्र, विकास कुमार, रोहित वर्मा, ललित पासवान,विकास कुमार पाल, अमन प्रताप देव ,राहुल चंद्रवंशी, चंचल पासवान, मंटू पासवान, निखिल कुमार तिवारी, विजय जायसवाल, आदि ने अपना-अपना योगदान दिया।



## नाबालिग लड़की को भगाने के जुर्म में पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

**मझिआंव।** मझिआंव थाना क्षेत्र से एक नाबालिक लड़की को शादी के नियत से भगा ले जाने के जुर्म में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार नाबालिक लड़की क्षेत्र की बताई जा रही है। इस संबंध में परिजनों ने बताया कि 17 वर्षीय लड़की पलामू जिला के रेहला में 6 माह से काम कर रही थी । वहीं 17 मई 2024 को अचानक गायब होने की सूचना मिली तो मैं 18 मई को मझिआंव थाना में गुमशुदगी का सूचना दी की और थाना द्वारा खोज बीन किया जा रहा था। वहीं पुलिसिया दबाव मिलने के बाद गढ़वा जिला के परठीया गांव निवासी सुरेंद्र चौधरी अपने लड़का सुभाष चौधरी एवं लड़की को गढ़वा थाना को प्रस्तुत किए।

## पति की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** गढ़वा शहर के डफली मोहल्ला में सोमवार की रात्रि एक महिला ने अपने पति से अजीज होकर छत से कूद कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उक्त महिला डफली मोहल्ला निवासी दिवेशवर सिंह की पत्नी सुगंधा सिंह बताया गया है उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में सुगंधा सिंह ने आरोप लगे है। कि उसका पति शादी के कुछ दिन बाद से ही उसके साथ बराबर मारपीट करते रहता है। तथा उसे शारीरिक शोषण करता रहता है। वह गढ़वा शहर के चिनिया रोड स्थित अपने के बहन के शादी में आई हुई थी। इसी दौरान उसके पति ने मोबाइल कर उसे डफली मोहल्ला स्थित घर पर बुलाया था। इसके बाद वह रात्रि में आने से मना किया तो उसे धमकी दिया कि नहीं आने पर उसे छोड़ देगा।

## डीडीसी ने की प्रखंड में चल रही सभी तरह की विकास योजनाओं की समीक्षा की, कहा

# जिस कुआं की खुदाई हो गई है, उसे 30 जून तक हर हाल में करें पूर्ण

**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी**



धुरकी प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में प्रखंड में चल रहे सभी तरह के विकास योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की गयी. समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त ने सभी तरह की विकास योजना का बारी-बारी से समीक्षा कर जानकारी लिया। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम अबुआ आवास योजना का समीक्षा करते हुए कहा कि जिन लोगों को पहली किस्त की राशि दी गयी है वे लोग उसके अनुरूप कार्य कर दिये हैं तो कार्य प्रगति को देखते हुए दूसरी किस्त की राशि भी उन्हें दिया जाए। वहीं प्रखंड में चल रहे बिरसा हरित क्रांति योजना के तहत कुप का भी समीक्षा किया और कहा कि जिस कुआं की खुदाई हो गयी है उसे 30 जून तक हर हाल में पूर्ण करें नहीं तो बरसात होने पर कूप की खुदाई गिर सकती है।जिससे सरकार के राजस्व का नुकसान होगा। वही पीएम आवास योजना का भी समीक्षा किया। उन्होंने समीक्षा के दौरान प्रखंड में बनाए जा रहे हैं नये आंगनबाड़ी भवन का भी अध्यतन रिपोर्ट की समीक्षा की और कहा कि प्रखंड में अभी सबसे बड़ी समस्या पानी की सुनने को मिल रही है इस पर निर्देश दिया कि पंचायत के मुखिया 15 वीं वित्त की राशि से नियम संगत इसकी मरम्मती करें ताकि पानी की समस्या दूर हो।वहीं सभी मुखिया पंचायत सचिव वह मारेगा कमी को निर्देश दिया कि मनरेगा से संचालित सभी योजनाओं को बरसात आने से पूर्ण कार्य में तेजी लाकर योजनाओं को पूर्ण करें और अधिक से अधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कारयें इस दौरान उन्होंने पंचायत समिति के साथ पंचायत के मुखिया को समन्वय बनाकर विकास योजना में सहभागिता निभाने को कहा। इस दौरान बैठक में बीडीओ जुल्फिकार अंसारी, प्रखंड प्रमुख शांति देवी, जिला परिषद सदस्य संगीता कुमारी, उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव, मुखिया महबूब अंसारी, शंभू प्रसाद गुप्ता, रघुनाथ सिंह, सगुनी राम, अजरून निशा, नजारा बीवी ,अंजू देवी, अनिल देवी ,के अलावा सभी पंचायत समिति सदस्य, एवं सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक स्वयंसेवक बैठक में शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### प्रमुख ने डीडीसी को सौंपा ज्ञापन नई योजना संचालित कराने की मांग



**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्र को आवेदन देकर प्रखंड में नयी विकास योजना संचालित करने की मांग की है। प्रमुख ने कहा की गत चार महीने से छोटी- छोटी मनरेगा योजनाएं पुरी तरह बंद कर दी गई है।इस कारण मजदूर बड़ी संख्या में पलायन करने को विवश हैं। वहीं पुरानी संचालित योजनाओं में पदाधिकारियों द्वारा कई तरह के नियम कानून लगाकर जांच और एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दी जाती है।इस वजह से लाभुकों का मनरेगा योजना से मोहभंग होते जा रहा है। वो अब प्रखंड कार्यालय से दुरी बना रहे हैं।प्रमुख चंद्रावती देवी ने सभी सात पंचायतों में मेडबंदी,टीसबी, समतलीकरण की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। ताकि प्रखंड वासीयों को अपने पंचायत में रोजगार उपलब्ध हो सके और उन्हें बाहर पलायन न करना पड़े।

### बिजली बिल शिविर में उपभोक्ताओं ने 2,20,000 रुपये किए जमा



**चिनियां।** चिनियां प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर मे हर महीने की तरह इस महीने की भी 28 तारीख को बिजली विभाग के द्वारा बिजली बिल जमा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने बारी-बारी से लाइन में लगकर कुल 220000 बिजली बिल जमा किये । वहीं बिजली बिल जमा करने को लेकर क्षेत्र के उपभोक्ताओं में काफी खुशी देखी गई, लोगों ने बताया कि पहले हम लोगों को गढ़वा मुख्यालय में जाकर अपना बिजली बिल जमा करना पड़ता था जिससे हम लोगों को काफी परेशानी हो रही थी । लेकिन अब प्रखंड मुख्यालय में ही विभाग के द्वारा यह व्यवस्था हो जाने से हम लोगों को काफी सहूलियत हुई है । पूछे जाने पर बिजली विभाग के कनीय अभियंता दीपक कुमार ने बताया कि प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में हर महीने की तरह इस महीने की भी 28 तारीख को आज बिजली विभाग के द्वारा बिजली बिल जमा शिविर का आयोजन किया गया था । जिसमें उपभोक्ताओं ने कुल 220000 जमा किए । साथ ही उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के पास 2000 से ऊपर बिजली बिल की राशि बाकी है वे समय रहते अपना बिजली बिल जमा शिविर में पहुंच कर अपना बिजली बिल जमा कर दे । नहीं तो हमारे विभाग के कर्मचारियों के द्वारा उनका बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा । और कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई भी की जाएगी । इस मौके पर कैशियर मुनेश कुमार, लाइनमैन सिकंदर कुमार, सीमंत चंद्रवंशी, पवन कुमार, रामनंदन सिंह, तम्जीद मंसूरी उपस्थित थे ।

### झामुमो नेता ने किया परिवार क्लिनिक का उद्घाटन



**श्री बंशीधर नगर।** शहर केचेचरिया स्थित मेन रोड पर परिवार क्लिनिक का उद्घाटन मंगलवार को हुआ। उद्घाटन वरिष्ठ झामुमो नेता ताहिर अंसारी,झामुमो नेत्री व शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान झामुमो वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी ने कहा की शहर में एमबीबीएस डॉक्टरों की कमी थी। जिस कारण इलाज के लिए लोगों को बाहर जाना पड़ता था। जिससे समय के साथ पैसा भी अधिक खर्च होता था। इस क्लिनिक में 3 विशेषज्ञ डॉक्टर सेवा देंगे जो सराहनीय है। अस्पताल संचालक सौरभ पाण्डेय और उज्वल कुमार ने बताया कि अस्पताल में एमडी डॉक्टर डीबी चक्रवर्ती, स्त्री रोग विशेषज्ञ एमबीबीएस डॉ सुष्मिता सिंह और एमबीबीएस डॉ गोखुल प्रसाद सेवा देंगे। जिससे लोगों को अब शहर के बाहर इलाज के लिए नही जाना पड़ेगा। इस दौरान झामुमो नेत्री किरण देवी, झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, तारकेश्वर पांडेय, सुधीर प्रसाद जायसवाल, रजनीकांत देव,डॉ प्रवीण मिश्रा, डॉ आलोक पांडेय,डॉ कैसर आलम, अजय तिवारी, अमित पासवान, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### डैम में नहाने के दौरान डूबने से बच्चे की मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र की जमीरा पंचायत के अरधे गांव में एस्सार पावर लिमिटेड द्वारा जल संग्रह के लिए बनाये गये बांध (डैम) में डूबने से सोमवार की दोपहर एक छह साल के बच्चे की मौत हो गयी। बच्चे की पहचान अरधे गांव निवासी पुसवा गंझू के पुत्र आनंद गंझू के रूप में हुई है। घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि छह वर्षीय आनंद गंझू गांव के अन्य दोस्तों के साथ बांध में नहाने गया था। नहाने के दौरान आनंद गंझू गहरे पानी में चला गया और अचानक डूबने लगा। इस दौरान उसके साथ गये अन्य बच्चों ने उसे डूबते देखा लेकिन पानी गहरा होने के कारण उसे बचा नहीं सके। इसके बाद बच्चों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुन आसपास के लोग तुरंत वहां पहुंचे और बच्चे को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी। इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बरवाडीह रेल विद्युत कर्षणकेंद्र में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया

**बरवाडीह।** धनबाद रेल मंडल के बरवाडीह रेलवे स्टेशन में रेल विद्युत ट्रेन परिचालन (ओएचई) हेतु बनाए गए विद्युत कर्षण केंद्र टीएसएस (132केवी) के बदले में मालगाड़ियों के परिचालन हेतु बनाए जा रहे थर्ड रेलवे लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद मालगाड़ियों का सफल परिचालन हेतु पुराने कर्षण केंद्र में लगाए गए 132केवी के जगह पर नवीन उन्नत ट्रांसफार्मर 30/42 एमवीए का सफलता पूर्वक लगा कर टेस्टिंग किया गया। इस कार्य को सफलता पूर्वक अधिष्ठापित करने के लिए मेसर्स कल्पतस इंटरनेशनल प्रोजेक्ट लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक पंकज कुमार ओएचई/पीएसआई के साथ उनके टीम के सदस्य निवास जैन, मथुन घोष द्वारा ट्रांसफार्मर लगाए जाने के बाद इसकी सफलता पूर्वक संचालन किया गया। मौके पर अधिकारियों ने बरवाडीह विद्युत कर्षण केंद्र का निरीक्षण भी किया।

### 12 जून को रांची पुराना विस स्थित विधायक क्लब में बैठक

**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा पलामू जिला कमेटी की बैठक कचहरी परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दाऊद केरकेट्टा ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला कार्यालय पलामू में खोलाने, पलामू प्रमंडल क्षेत्र का सम्मेलन करने तथा 12 जून को रांची पुराना विधानसभा स्थित विधायक क्लब में आयोजित केंद्रीय समिति की बैठक में भाग लेने का निर्णय लिया गया। बैठक में झारखंड आंदोलनकारी सरोजिनी कक्षा के पति सुशील कक्षा के निधन पर 2 मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

# महुआडांड़ में संपन्न परिवार भी उठा रहे अबुआ आवास योजना का लाभ

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** महुआडांड़ में अबुआ आवास योजना आवंटन में धड़ल्ले से नियमों की अनदेखी की गई। महिला सामाजिक कार्यकर्त्ता अफसाना खातून द्वारा सूचनाधिकार से मिले दस्तावेजों का सत्यापन जब आवास लाभुकों के वास्तविक स्थिति से सत्यापन किया गया तब कई चौंकाने वाले तथ्य सामने उजागर हुए हैं। 8 सदस्यीय सत्यापन समिति जिसमें नरेगा सहायता केंद्र की अफसाना खातून, प्रशांता किंडों, जल साहिया कुंती देवी, महिला स्वयं सहायता समूह की सक्रिय दीदी सरस्वती देवी, वार्ड सदस्यगण दोलोरोसा मिंज, रीना देवी, अनूप कुमार एवं महुआडांड़ ग्राम पंचायत की उप मुखिया चंद्रमणि देवी ने मिलकर स्थलीय सत्यापन किया है। ग्राम प्रधान विकास उरांव ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिस सरकारी ग्राम सभा में इन लाभुकों की सूची तैयार की गई है उस बैठक के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

ग्राम महुआडांड़, रामपुर एवं दीपाटोली के 13 परिवारों को अबुआ आवास योजना आवंटित किया गया है। जिसमें ग्राम पंचायतकर्मियों द्वारा सरकारी मापदंडों की धज्जियां उड़ाई गई है। महुआडांड़ की लाभुक पिंकी देवी पति अमित, कुमार इनका पंजीकृत आईडी 1310872 है। इनके परिवार में पहले से दो जगह पर तीन मंजिला पक्के मकान हैं। रामपुर चौक में उनका किराना दुकान एवं होटल है। साथ ही तीसरा पक्का मकान भी है जिसमें किराये पर सेवा सदन नामक निजी अस्पताल संचालित है। संगीता सिंह पति जितेंद्र सिंह (आईडी 1355701), ये झारखंड के निवासी हैं ही नहीं ये बिहार राज्य के निवासी हैं। उनके पति सीआरपीएफ के जवान हैं। गौरी देवी पति महेंद्र प्रसाद (आईडी 1322955), यह परिवार वर्त्तमान में स्वयं के पक्के मकान में रह रहे हैं तथा महेंद्र प्रसाद झारखंड पुलिस में नौकरी करते हैं। ऐसे ही कई अन्य लाभुक हैं जो अबुआ आवास योजना में निर्धारित मापदंडों के सर्वथा अयोग्य हैं।







## क्या है अबुआ आवास योजना के लिए सरकार का निर्धारित मापदंड

सरकार ने अबुआ आवास योजना के लिए वैसे परिवारों को प्राथमिकता सूची में शामिल करने हेतु मापदंड निर्धारित किए हैं जो परिवार अब तक कच्चे घरों में रह रहे हों। आवासविहीन एवं निराश्रित परिवार। विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (पीवीटीजी) के परिवार। प्राकृतिक आपदा के शिकार परिवार। कानूनी तौर पर रिहा किए गए बंधुआ मजदूर परिवार। ऐसे परिवार जिन्हें राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार द्वारा संचालित आवास योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण / बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर आवास योजना / बिरसा आवास योजना / इंदिरा आवास योजना का लाभ नहीं मिला हो।

### गलत जानकारी देने वालों को करना पड़ सकता है कानूनी कार्रवाई का सामना

अबुआ आवास योजना का लाभ लेने हेतु सरकार ने लाभुकों से निर्धारित आवेदन पत्र में बुनियादी जानकारी मांगी गई थी। जिसमें पारिवारिक विवरणी, आय के साधन एवं वार्षिक आय, वर्त्तमान आवास की स्थिति, पूर्व से यदि पक्का आवास है तो उसकी जानकारी भी आवेदन पत्र में दर्ज करना अनिवार्य था। आवेदन के अंत में लाभुक ने इस घोषणा के साथ हस्ताक्षर किया है कि मेरे द्वारा दी गई उपर्युक्त सभी सूचना सही है एवं गलत सूचना के लिए मैं स्वयं जिम्मेवार हूँ। यदि मेरे द्वारा गलत सूचना दी जाती है तो मेरे ऊपर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। भारतीय दंड सहिंता 1860 की धारा 177, स्पष्ट कहता है कि किसी लोक सेवक या अधिकारी को झूठी जानकारी देना एक अपराध है। इस आधार पर प्रशासनिक जांच में मामले सही पाए जाते हैं तो ऐसे फर्जी लाभुकों पर प्रशासन प्राथमिकी दर्ज करा सकेगा साथ ही ब्याज के साथ सरकारी राशि की वसूली की जा सकेगी।

## रात्रि रक्त पट संग्रह कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** फाइलेरिया उन्नमूलन कार्यक्रम के तहत रात्रि रक्त-पट्ट संग्रहण के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देशानुसार जिला समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में संबंधित पदाधिकारियों के साथ आहूत की गई। उक्त बैठक में लातेहार जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों के चयनित ग्रामों में रात्रि रक्त-पट्ट संग्रह कार्य किया जाना है ताकि जिले में फाइलेरिया रोग के संचरण की स्थिति का आकलन किया जा सके। इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० अवधेश सिंह, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक भीबीडी सलाहकार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस, संबंधित अन्य उपस्थित थे।

## लोकपाल ने किया मनरेगा से संचालित योजनाओं का निरीक्षण, दिए कई निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड (चतरा)।** मंगलवार को मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान मयूरहंड प्रखंड के बेलखोरी पंचायत में मनरेगा से संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ मनीष कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। लोकपाल ने उपरौंध के अलावा अन्य गांवों में डोभा, आमबागनी, कुआ समेत अन्य संचालित योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर संबंधित कर्मियों को कई दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सालेय में छरू एकड़ में लगे आम बागवानी को देख लोकपाल ने लाभुकों की सराहना की और बीडीओ को मनरेगा पार्क संचालित करवाने को लेकर दिशा निर्देश दिया। ताकि इस मनरेगा पार्क को देख दूसरे पंचायत के लोग भी अनुसरण कर लाभ उठाएं। इस दौरान रोजगार सेवक को संचालित योजनाओं का समय से अभिलेख संधारण कर मजदूरों को मांग के अनुरूप काम देने, योजना स्थल पर प्राथमिकता के आधार पर मजदूरों के लिए छाव और पानी के अलावा दवा किट की समुचित व्यवस्था रखने का निर्देश दिया।



निरीक्षण में जिला समन्वयक मनरेगा पंकज गुप्ता, पंचायत सचिव अर्जुन पासवान, कनिय अभियंता उमेश उरांव, बीएफटी पिन्टु यादव के अलावा मनरेगा कर्मी आदि उपस्थित थे।

## इंदुमती टिबड़ेवाल एसवीएम के भैया-बहनों को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** शहर स्थित इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय में मंगलवार को 2024 के जैक एवं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों का अभिनंदन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह कार्यक्रम का उद्घाटन विद्या भारती हजारीबाग विभाग प्रमुख ओम प्रकाश सिन्हा, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष संतन पांडेय, कोषाध्यक्ष मुकेश शाह, सदस्य रंजीत अग्रवाल, सुमन गुप्ता, हजारीबाग सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य संजीव कुमार झा व विद्यालय प्राचार्य रमेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात बहनों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सीबीएसई बोर्ड में सफल भैया-बहनों को स्मार्ट वॉच, प्रोजेक्ट फाइल देकर व उनके अभिभावकों को अंग वस्त्र, श्रीमद्भगवतगीता धार्मिक ग्रंथ भेट कर सम्मानित किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग विभाग प्रमुख ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा आज विद्या भारती विद्यालय के बच्चे हर क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। यहां के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और विद्या भारती का मान बढ़ाया है। वहीं प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री पाण्डेय ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी और कहा आगे भी प्रतिस्पर्धा होगी लेकिन आप सभी से उम्मीद है और बेहतर करेंगे। प्राचार्य श्री सिंह ने कहा कि इस वर्ष सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शामिल सभी 42 परीक्षार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन किए। जिसमें स्नेहा कुमारी 92.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय का परिणाम दिन पर दिन अच्छा होता जा रहा है। हम कामना करते हैं कि हमारे विद्यालय के भैया-बहन चतरा ही नहीं पूरे झारखंड में विद्या मंदिर सर्वोच्च स्थान प्राप्त करता रहा है। इस बार भी जैक बोर्ड में पूरे राज्य में पांचवां स्थान रहा है। जैक बोर्ड में शामिल सभी 250 भैया-बहन प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इसका श्रेय विद्यालय प्रबंधन समिति, आचार्यों एवं शुभ चिंतकों को जाता है। मंच संचालन कक्षा दशम अ की कुमारी सोनम व दशम स की रिशु पाण्डेय संयुक्त रुप से किया।






## न्यूज बॉक्स

### टीएसपीसी और माओवादी संगठन ने अपने अस्तित्व को बचाने के लिए मिलाए हाथ

**चतरा।** जिले में बिखरते अस्तित्व को बचाने के लिए टीएसपीसी और भाकपा माओवादी नक्सलियों ने हांथ मिला लिया है। दोनों मिलकर अब क्षेत्र में घटनाओं को अंजाम देकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में लग गए हैं। हिंदिया कला में पिता-पुत्र की हत्या की घटना इसी की एक बानगी है। सूत्रों की माने तो नक्सली इस हत्याकांड के बहाने पुलिस और सुरक्षा बलों को ट्रेप करने के फिराक में थे। यही कारण था कि घटना के 48 घण्टे बाद तक नक्सलियों का हथियारबंद 60-70 का दस्ता पास के जंगल में घात लगाए बैठे थे। अगर पुलिस इस प्रकरण में थोड़ी सी भी जल्दबाजी में पहुंचने की भूल करती तो उन्हें जानमाल की भारी क्षति उठाना पड़ती। परन्तु पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय के सूझ बूझ के कारण नक्सलियों की न सिर्फ योजना विफल हुई, बल्कि बड़ी घटना भी टल गई। विश्व सूत्रों की मानें तो एरिया कमांडर सलीम टीम का नेतृत्व कर रहा था। ज्ञात हो कि इन दिनों बीड़ी पत्ता तोड़ाय का समय चल रहा है। ऐसे में नक्सली लेवि की मोटी रकम वसूलने को लेकर घटनाओं को अंजाम देकर बीड़ी पत्ता ठेकेदारों के साथ आम जनता में दहशत कायम करना चाह रहे हैं।

**हिंदिया कला में पिता-पुत्र की हत्या के 48 घंटे बाद भी पास के जंगल में जमे रहे नक्सली, पुलिस टीम को निशाना बनाने की नक्सलियों की योजना हुई विफल**

### अवैध रूप से सेंचुरी एरिया में हो रही केंदू पत्ते की खरीदारी, विभाग मौन



**चतरा।** वन विभाग के लापरवाही कहें या मिली भगत से अवैध रूप से केंदू पत्ता (बीड़ी पत्ता) की खरीदारी चतरा जिले के सेंचुरी एरिया से बे रोकटोक की जा रही हैं। प्राप्त सूत्रों के अनुसार लावालौंग व कुंदा प्रखंड के प्रतिबंधित सेंचुरी क्षेत्र में केंदू पत्ता की खरीदारी बेधड़क हो रही हैं। बजापते क्षेत्र में कई खलिहान खोल कर पत्ते की खरीदारी की जा रही हैं। जबकी वन्य प्राणी आश्रयणी क्षेत्र में लकड़ी व अन्य पेड़ पौधों की कटाई व तोड़ाई पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। जबकी उक्त क्षेत्र में ठेकेदारों द्वारा केंदू पत्ते की खरीदारी की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार हर वर्ष के भांती इस वर्ष भी चतरा, पलामू आदि क्षेत्र के ठेकेदारों द्वारा अवैध रूप से पत्ते की खरीदारी की जा रही है। हर वर्ष करोड़ रुपये पत्ते की खरीदारी वन विभाग के पदाधिकारी की मिलीभगत से ठेकेदारों द्वारा की जाती है। लगभग एक पखवाड़े से पत्ते की खरीदारी की जा रही है। ऐसे में अब तक लाखों रुपये के पत्ते की खरीदारी हो चुकी है। सूत्रों कि माने तो नक्सलियों के आड़ में पत्तों की खरीदारी की जाती है और इसके बदले नक्सलियों द्वारा लेवी के रूप में मोटी रकम वसूली जाते है। यही नहीं कुछ ठेकेदार उक्त क्षेत्र में प्रतिबंधित क्षेत्र से बाहर के जंगल का टेंडर लेकर अवैध रूप से सेंचुरी एरिया में खरीदे गये पत्ते को खपाते हैं। इसके अलावे ठेंकेदारों द्वारा मजदूरों का शोषण करं सही मजदूरी भी नहीं दिया जा रहा है।

### शंकुल संगठन की समीक्षा बैठक संपन्न

**बारियातु।** प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित शंकुल संगठन कार्यालय में सीएलएफ की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक संतोष कुमार, जिला वित्तिय समावेशन प्रबंधक कुमार कवि, जिला प्रबंधक एसएम आबी राजा आलम, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक दिपक कुमार सिंह की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। बैठक मे सभी सदस्यों को पुर्व मे किए हुए जीवन बीमा को 31 मई तक रेनुअल कराने को कहा गया। इसके लिए सभी सदस्य को उचित राशि अपने बैंक खाते में रखने को कहा गया। समुह के माध्यम से लेन देन पर विशेष चर्चा की गई। इसके लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। साथ ही समाजिक सुरक्षा व समाज मे व्याप्त कुरीतिओं बाल विवाह, नशापान, डायन प्रथा व अंधविश्वास पर समुह में चर्चा कर जन-जागरूकता लाने तथा दुर करने की अपील सभी महिला के सदस्यों से की गई। मौके पर सीआरपी दिपाली देवी, अखिलेश कुमार, अनिल उरांव, सत्यम देवी, उत्तम कुमार, सुमित्रा देवी प्रमिला देवी सहित काफी संख्या में समुह के सदस्य मोजुद रहे।

### 50वां साल पुरा होने पर पवित्र परिवार पल्ली गोठगांव ने मनाई गई गोल्डन जुबिली

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड के ग्राम - गोठगाव पारिष में पवित्र परिवार पल्ली पुरोहितों द्वारा स्वर्ण जयंती क अवसर पर मुख्य अतिथि झारखंड सर्वश्रेष्ठ एवं मनिका विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय व चहेते विधायक रामचन्द्र सिंह एवं बिशप फादर मसकरेंहस के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें मेंढ़ारी, असनारी, हामी, मिरगी, लोध, तेवाही, उरूंमबी, चैनपुर अन्य जगहों से आए हजारों धर्मप्रांतियो की साथ धुमधाम से मनाई गई। विधायक की आगमन पर गांव की माताओं बहनों द्वारा स्वागत नृत्य नाच-गान कर उनके साथ आए अतिथियों का स्वागत किया वही लोगों की मौजूदगी में पारंपरिक रूप से पवित्र परिवार पल्ली गोठगांव स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित किया गया। जिसका संचालन गोठगांव पारिष के फादर ने किया। इसी बीच कई तरह के एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों प्रस्तुत किया गया। वही विधायक ने अपनी मधुर वाणी से हजारों धर्मप्रांतियो की बीच अपनी ओर से दो शब्द बोलकर संबोधित किया। मौके पर झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, कांग्रेस वरिष्ठ नेता रामनरेश ठाकुर, उपप्रमुख अभय मिंज, पंचायती राज के जोनल कोर्डिनेटर अजित पाल कुजूर, कोमल किंडो, रानु खान एवं हजारों धर्मप्रांतियो मौजूद थे।

## जागरूकता

### विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, बोले मुखिया

# भ्रांतियों को करें दूर, माहवारी पर खुलकर करें चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र के डुमारो पंचायत सचिवालय में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ के संयुक्त समन्वय से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया सुनीता खलखो ने कहा कि आज विश्व स्तर पर माहवारी स्वच्छता प्रबंधन दिवस मनाया जा रहा है। महिलाएं माहवारी के बारे में खुलकर बात करें जिससे कि आम ग्रामीण क्षेत्रों में भी इससे जुड़ी भ्रांतियां समाप्त हो सके। राज्य स्तर से चलाए जा रहे इस अभियान के बारे में जानकारी देते हुए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जिला समन्वयक शैलेंद्र कुमार ने कहा कि स्वच्छता के बिना हम अच्छी जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। माहवारी के दिनों में सुरक्षित प्रबंधन जरूरी है, उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में महिलाएं एवं छात्राओं के द्वारा असुरक्षित प्रबंधन करना कई बीमारियों का निमंत्रण देना है। माहवारी के संबंध में खुलकर बात करने से समाज में फैली कई भ्रांतियां दूर होगी। कार्यक्रम में उपस्थित संजीत कुमार ने कहा कि माहवारी एक नियमित प्रक्रिया है, जो स्वस्थ महिलाओं को प्रत्येक 28 में दिन एक चक्र की भांति आता है। उसके बारे में खुलकर बात करने से कई भ्रांतियों से निजात मिलेगी। यूनिसेफ एवं स्वच्छ भारत मिशन के सहयोग से पूरे जिले में चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन की प्रखंड समन्वयक विवेकानंद उरांव, पंचायत क्षेत्र की सभी जलसहिया स्वास्थ्य सहिया आंगनबाड़ी सेविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं एवं किशोरी छात्राओं ने शिरकत की।




**कार्यालय,**
**वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ दिनांक .............................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.12.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर मलगो मोड़, अमलिया पी0एफ0 के पास से 23 पीस तुन्द बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0–अज्ञात, इंजन सं0–RHM2BBN030 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सिसई स्थायी पौधशाला में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 13.06.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR.NO.325154 Forest, Environment and Climate Changes(24-25):D

# आजादी के 76 साल बाद भी विकास की बाट जोह रहा है चैनपुर प्रखंड का जोबला पाठ

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत कातिंग पंचायत का गांव जोबला पाठ आज भी विकास की बाट जोह रहा है जोबला पाठ आदिम जनजाति बाहुल गांव है जहां आज भी बिजली-पानी-सड़क का है, घोर किल्लत किस युग में जी रहे हैं यहां के लोग, देखने के लिए सरकारी नुमाइंदों को फुर्सत नहीं है गांव तक पंहुच पथ नहीं होने के कारण अधिकारी गांव नहीं जाना चाहते है। बताते चलें कि इस गांव में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ, रोजगार, आंगनबाड़ी केंद्र, जन वितरण प्रणाली दुकान आदि मौलिक सुविधाओं का अभाव है। जोबला पाठ जाने के लिए सड़क नहीं है। लोग पगडंडियों के सहारे बाजार, जिला मुख्यालय, प्रखंड मुख्यालय पंचायत, एवं स्कूल कॉलेज आना जाना करते हैं।





**पहाड़ी पगडंडियों के सहारे 8 किमी दूर जाते हैं लोग स्वास्थ्य केंद्र :** जोबला गांव में स्वास्थ्य के लिए कोई साधन नहीं है। यहां के लोगों को उप स्वास्थ्य केंद्र जाने के लिए पहाड़ी के नीचे चितरपुर गांव या फिर 8 किलोमीटर दूर टोंगो गांव जाना पड़ता है सड़क नहीं रहने के कारण बीमार व्यक्तियों को खटिया में टांग कर अस्पताल ले जाना पड़ता है।

**राशन दुकान के लिए 8 किमी दूर जाते हैं लोग :** जोबला गांव में आदिम जनजाति के लोग रहते हैं जिन्हें सरकार के द्वारा डोर-टू-डोर राशन पहुंचाने का प्रावधान है लेकिन गांव के लोगों को राशन लेने के लिए 8 किमी दूर टोंगो गांव आना पड़ता है।

### पानी के लिए हाहाकार, एक भी चापानल नही

जोबला गांव में पानी के लिए हमेशा हाहाकार मची रहती है। एक भी चापाकल नहीं है नल जल योजना से दो जलमिनार लगाया गया है जो खराब और बेकार पड़ा है गांव के लोग कुएं का गंदा पानी पीने को विवश हैं गर्मीयों में कुएं का पानी सूख जाने से स्थिति और भी बदतर हो जाती है।



**ढिबरी युग में जीने की विवश्ता, गांव में बिजली नही पहुंची :** पूरे भारत में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत गांव में बिजली पहुंचाई जा रही है लेकिन जोबला गांव में अब तक बिजली नहीं पहुंची है यहां के लोग आज भी ढिबरी युग में जी रहे है

**पहाड़ पर बसे इस गांव में नही है शौचालय की व्यवस्था, खुले में शौच करते ग्रामीण :** स्वच्छता विभाग की ओर से भारत के हर गांव में शौचालय बनाया जा रहा है। लेकिन सिमरा जरा गांव में किसी के घर में शौचालय नहीं बना है। लोग खुले में शौच जाने को मजबूर है।

**गांव में रोजगार का कोई साधन नहीं :** जोबला गांव में रोजगार का कोई साधन नहीं है यहां के लोग जलावन लकड़ी, दतवन एवं दोना पत्तल बेचकर अपनी जिवीका चलाते हैं।

**सरकारी योजनाओं से वंचित हैं इस गांव के लोग :** जोबला गांव के लोगों की मानें तो सरकारी लाभ के नाम पर बस उन्हें राशन ही मिल पाता है बाकी अन्य योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है जबकि सरकार के द्वारा आदिम जनजातियों के लिए अनेक प्रकार की लाभकारी योजना चला रही है

## एक नजर

### बेदाल में युवक ने फांसी लगाकर दी जान, गांव में शोक की लहर

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के बेदाल गांव में एक युवक द्वारा अपने घर में ही दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों की मदद से परिजनों ने युवक को सदर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों से युवक को मृत घोषित कर दिया। प्राप्त सूत्रों के आधार पर बेदाल गांव निवासी प्रेम महतो का 20 वर्षीय पुत्र सुनील महतो ने मंगलवार की दोपहर जब घर के सभी परिजन खेत में काम करने गए थे। सुनील 12 बजे नहा कर घर आया। और घर में ही दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। जब परिजन घर पहुंचे तो सुनील को दुपट्टे से झूलता देख। तत्काल नीचे उतार कर ग्रामीणों की मदद से सदर अस्पताल लोहरदगा ले गए पर चिकित्सकों ने सुनील को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सुनील रांची नगड़ी में अपने मामा के घर में रहता था।

### लोहरदगा के मशहूर ढाक बजाने वाले लुपु महली का निधन

**लोहरदगा।** ढांकदार की दुनिया के मशहूर बजाने वाले लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र के सिठियो गांव निवासी लूपु महली का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर लोहरदगा आंजन धाम समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सिंह उर्फ पप्पू ने शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट किया। समिति शोकाकुल परिवारों के दुख के घड़ी में उनके साथ खड़ा है। वही बता दे की लूपु महली शादी -विवाह से लेकर बड़े-बड़े कार्यक्रमों में ढांकदार बजाने का काम करते थे। उनके निधन से पूरे लोहरदगा क्षेत्र में अशोक का माहौल है। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व सांसद समीर उरांव, समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सिंह उर्फ पप्पू, मुख्य संरक्षक दिवाकर पाठक, कोषाध्यक्ष मनीष राजगढ़िया, मुखिया शोभा देवी, रिपुसूदन साहू, मनी रतन भगत, सुजीत भगत समेत अन्य शामिल है।

### अग्निवीर में संगीतकार के पदों पर नियुक्ति के लिए अधिसूचना जारी

**लोहरदगा।** भारतीय सेना द्वारा अग्निवीर में संगीतकार के पदों पर नियुक्ति के लिए अधिसूचना जारी किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी 05 जून 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए भारतीय वायु सेना के अधिकारिक वेबसाइट में लॉग इन का ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के बाद केवल रजिस्ट्रेशन पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को ही प्रोविजनल एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा जिसे लेकर रैली स्थान पर पहुंचना होगा। भर्ती हेतु रैली का आयोजन 03 जुलाई से 12 जुलाई के बीच एएससी/सीओ एयर फोर्स स्टेशन कानपुर और 8 एएससी बंगलुरू में किया जाएगा। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी का अविवाहित होना आवश्यक है। साथ ही, उनका 10 वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

# गुमला विज्ञान केंद्र में 3 दिवसीय समर कैंप

- *विज्ञान से जुड़े रोचक तथ्यों से बच्चों को कराया जाएगा अवगत*
- *राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक अमृत कुमार मेटे ने किया उत्साहवर्धन*



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी की पहल से गुमला विज्ञान केंद्र में मंगलवार से तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैंप में बच्चों को थ्रीडी प्रिंटिंग, रोबोटिक्स सहित विज्ञान से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी। कैंप का उद्देश्य बच्चों का ज्ञानवर्धन करने के साथ ग्रीष्मावकाश में उन्हें नई तकनीक सीखाने की है। इस समर कैंप के उद्घाटन के अवसर पर प्रेरणा सत्र में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक अमृत कुमार मेटे ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। कैंप को सफल बनाने में नोडल पदाधिकारी दिलदार सिंह तथा डीएमएफटी फेलो अविनाश गौरव सहित साइंस सेंटर से कोऑर्डिनेटर अंकिता, आकांक्षा एवम काजल आदि शामिल हैं। समर कैंप में निजी तथा सरकारी विद्यालय के कुल 26 बच्चे भाग ले रहे हैं जिसमें सरकारी विद्यालय के सात बच्चों को जिला प्रशासन द्वारा स्पॉन्सर किया जा रहा हैं। इस कैंप में विभिन्न रोचक गतिविधि व विज्ञान केंद्र के भ्रमण सहित म्यूजिकल गतिविधि भी कराई जा रही है। कैंप का समापन 30 मई को उपायुक्त करेंगे व सभी बच्चों को पुरस्कृत करते हुए प्रमाणपत्र वितरित किए जाएंगे। नोडल पदाधिकारी दिलदार सिंह ने जानकारी दी कि समर कैंप की शुरूआत की गई है। यदि कोई विद्यार्थी या बच्चे भी समर कैंप में भाग लेना चाहते है तो वे अगले ग्रुप के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे, जून माह के प्रथम सप्ताह से पुनः समर कैंप के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। जिसमें सभी बच्चे अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर इस ग्रिष्म छुट्टी का सदुपयोग कर सकेंगे एवं विज्ञान से जुड़े नई गतिविधियों से खुद को जोड़ सकेंगे।

### जन शिकायत निवारण दिवस पर सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आएं ग्रामीण



उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के दूर दराज से आए नागरिकों ने उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। कामडारा प्रखंड के ग्राम गाड़ा के ग्राम वासियों ने उपायुक्त से सकरघटिया नाला के पास चेकडैम निर्माण करने का आग्रह किया। ग्रामीणों ने कहा कि चेक डैम के निर्माण हो जाने से उनके क्षेत्र में खेती करने में सहायता मिलेगी। जिसपर उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को आवेदन अग्रसारित करते हुए उक्त क्षेत्र का निरीक्षण कर आवश्यक जांच रिपोर्ट से उन्हें अवगत कराने का निर्देश दिया। डुमरी प्रखंड के अरमयी नवाटोली के ग्राम निवासियों ने अपना आवेदन समर्पित करते हुए उनके क्षेत्र में बिजली आपूर्ति करने का आग्रह किया, ग्रामीणों ने कहा कि वहां बिजली का पोल लगाया गया है परंतु तार का कनेक्शन नहीं होने के कारण बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसपर उपायुक्त ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को पत्र अग्रसारित करते हुए उक्त क्षेत्र में अविलंब बिजली कनेक्शन देते हुए अधोहस्ताक्षर के कार्यालय में रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। झारखंड बचाओ ग्राम सभा समिति नामक एनजीओ में गुमला जिले से कार्य करने वाले कर्मियों द्वारा उपायुक्त के समक्ष शिकायत पत्र समर्पित किया, कर्मियों ने कहा कि उक्त एनजीओ के द्वारा उनसे यूनिफार्म के नाम पर 7,000 रुपए जमा राशि ली गई, उक्त एनजीओ के द्वारा हजारों की संख्या में कर्मियों की बहाली भी की गई जिसमें से लगभग 400 लोग कार्यरत थे।

## न्यूज बॉक्स

### कंडरा से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के विभिन्न बालू घाट से अवैध बालू उठाव को लेकर पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमा के निर्देश पर अवैध बालू के खनन और परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला पुलिस बल और सेन्हा थाना के गस्ती दल के द्वारा प्रशिक्षु एस पी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर के नेतृत्व में संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के तहत कोराम्बे कोयल नदी से कंडरा की ओर आते बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का महिंद्रा टैक्टर को अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को रोककर चालक से कागजात का मांग की गई। वही बालू से सम्बंधित चालक द्वारा किसी तरह का कागजात नही दिखाने पर अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया है।

### अनियंत्रित होकर कार के पलटने से दंपति घायल, रिम्स रेफर

**भंडरा।** बेड़ो लोहरदगा मुख्यपथ में पझरी गांव के समीप अनियंत्रित होकर कार के पलटने से दंपति घायल हो गए। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया गया। जहां जय श्री राम समिति के सदस्यों द्वारा इलाज में सहायता की गई। अनियंत्रित होकर कार पलटने से कार में सवार कोलकाता निवासी आंनद साहू व उनकी पत्नी मधु प्रिया कुमारी (25 वर्ष) को गंभीर चोटें आई है। सड़क दुर्घटना में मधु प्रिया कुमारी का एक पैर टूट गया है। जिसे सदर अस्पताल से रांची रेफर किया गया है।

### दो मोटरसाइकिल की टक्कर में पांच घायल अधेड़ व्यक्ति रिम्स रेफर

**सेन्हा-लोहरदगा।** चमडू साप्ताहिक सोमवार बाजार के समीप दो बाइक की टक्कर में दो युवती सहित पांच लोग घायल स्थानीय ग्रामीणों की मदद से निजी वाहन द्वारा सभी को इलाज के लिये सदर अस्पताल में कराया गया भर्ती। वही एक अधेड़ व्यक्ति का स्थिति चिंताजनक घटना लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के चमडू साप्ताहिक बाजार के समीप का है। बताया जाता है की दो मोटरसाइकिल की टक्कर में दो युवती सहित पांच लोग घायल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया जाता है। दोनों बाइक चालक बाइक को तेज रफ्तार से लापरवाही के साथ चलाते जा रहे थे।

### लोहरदगा में इंटर डिस्ट्रिक्ट कबड्डी मैच का आयोजन

**लोहरदगा।** मंगलवार को बरवाटोली स्थित नगर भवन लोहरदगा में इंटर डिस्ट्रिक्ट कबड्डी मैच प्रतियोगिता का आयोजन होप एवं लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में टीडीएच कोलकाता के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर टीडीएच कोलकाता से श्रेया दास आई हुई थी। कार्यक्रम में मंच का संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक गणेश लाल के द्वारा किया गया ' यह कार्यक्रम कबड्डी का एंपावरमेंट किशोरियों के सुरक्षा हेतु लगातार 3 वर्षों से लोहरदगा एवं रांची जिला के बेड़ो के पंचायतों में होप तथा लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के द्वारा कबड्डी द्वारा किशोरियों की सुरक्षा के लिए पहल की गई। इसमें रांची जिला के दो टीम अंडर 14 और अंडर 18 तथा लोहरदगा जिला के दो टीम अंडर 14 और अंडर 18 ने कबड्डी टूर्नामेंट में भाग लिया। इस टूर्नामेंट में होप की टीम अंडर 14 और अंडर 18 दोनों विनर हुए तथा लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान की दोनों टीम रनर हुई। यह प्रतियोगिता बहुत ही दिलचस्प रही किशोरियों ने अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन किया। खेल की अगुवाई नेशनल स्तर के कोच सतीश रंजन उरांव एवं उनकी ऑफिशियल टीम के अगवाई में हुआ होप टीम की कोच प्रकाशित मिज के बेहतर अगुवाई में दोनों टीम ने विनर का खिताब लिया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए चंद्रपति यादव ने इस कार्यक्रम के बारे में बतलाया। मनोरमा एक्का मैनेजिंग ट्रस्ट ने भी उपस्थित खिलाड़ियों एवं उनके अभिभावकों एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए कबड्डी का प्रोटेक्शन प्रक्रिया को पूरी तरह से बतलाया तथा टीडीएच के सहयोग की सराहना की।

### सौतेली मां पर जानलेवा हमला करने वाला युवक गिरफ्तार, जेल

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के पोड़हा गांव में नशे से धुत युवक द्वारा अपनी सौतेली मां पर धारदार हथियार से हमला कर घायल करने वाले आरोपी युवक को भंडरा पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को लोहरदगा जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि नशे में धुत जोगिंदर उरांव ने अपनी सौतेली मां वीणा उरांव के पैर में दबिया से वार कर घायल कर दिया। जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने आक्रोशित हो कर नशे में धुत जोगिंदर उरांव को बंधक बनाकर जमकर पिटाई कर दी। इस घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर घायल वीणा उरांव व आरोपित जोगिंदर उरांव को इलाज के लिए भंडरा सदर अस्पताल पहुंचाया।

### भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से बढ़ी परेशानी

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ने के कारण दिन भर बाजार एवं दुकानों में सन्नाटा पसरा रहा। लोग अपने-अपने घरों में दुबके नजर आए। चैनपुर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रहा। इधर एक ओर लोग गर्मी से बेहाल है, तो दूसरी ओर बिजली की आंख मिचौली से परेशान हैं सुबह होते ही बिजली के बार-बार कटने से लोग परेशान हैं। लाईट नहीं रहने से लोगों को पानी के लिए भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गर्मी के कारण प्रखंड के व्यापारियों का हाल भी बेहाल हो गया है। 10 बजे के बाद बाजार में दिन भर सन्नाटा पसरा रहता है जिसके कारण होटलों, बैंक एवं दुकानों में भीड़ कम देखने को मिल रही है।

# जेठ जतरा सह आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित पालकोट प्रखंड के टेंगरिया गांव के एक्का बगीचा में जेठ जतरा सह आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। काय्रर्कम में मुख्य अतिथि सिमडेगा विधानसभा के विधायक भूषण बड़ा शरीक हुए। काय्रर्कम में सर्वप्रथम विधायक का आदिवासी परंपरा अनुसार स्वागत किया गया। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलित कर काय्रर्कम को आगे बढाय़ा गया। इस अवसर पर विधायक भूषण बड़ा ने जेठ जतारा में आम जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी का परंपरा को बचाने की जरूरत है। सफेद साडी.व लाल पाइर ही आदिवासी की पहचान है।आदिवासी समाज के लोग अपनी परंपरा को कभी मत भूले। जे नाची से बाची के पंरपरा को लेकर चले। इस अवसर पर विधायक भूषण बड़ा के द्वारा टेंगरिया गांव के पहान पुजार को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा जेठ जतरा में सरना प्रार्थना सभा के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश बारला ने भी संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज के लोग भिखूओं के आक्रमण को रोकने के लिए रोहतास गढ़ के महिलाओं के द्वारा पुरूषों के वेश में प्राचीन हथियार के साथ लड़ते हुए बिजय प्राप्त किये थे तभी से हम जेठ जतारा मनाते हैं। जेठ जतरा को सफल बनाने में मेला कमिटी के अध्यक्ष पुरूषोत्तम कुजूर, रामनाथ उरांव, घूरन उरांव, समीर उरांव, बिमल उरांव, कुश उरांव, करमा उरांव, कुलदीप उरांव, सूरज उरांव, अशोक उरांव, प्रदीप उरांव, सुकरा उरांव, रंजीत उरांव, बिनोद उरांव, जितिया उरांव, सोमरा कुजूर, उज्ववल प्रसाद, बासिल इंदवार, आदि लोगों के संख्या में सरना धर्म के लोग मौजूद थे।

### जेठ जतरा धूमधाम के साथ संपन्न

**कैरो / लोहरदगा।** जेठ चढ़ने के पांचवे दिन कैरो में लगने वाला जेठ जतरा हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हुई। सरना धर्मावलम्बियों के द्वारा पारंपरिक रूप से कोडहा के रूप में ढोल मांदर की थाप पर नाचते गाते हुए कैरो बाजार टांड के बगल स्थित जेठ जतरा टांड पहुंचकर रीति रिवाज के अनुसार पूजा अर्चना किया और अपनी कला संस्कृति के अनुरूप पारम्परिक नृत्य प्रस्तुत किया।मौके पर कैरो और जिन्गी का खोड़हा शामिल हुआ। मौके पर सुरेंद्र पहान, लखन उरांव, बजरंग उरांव, बाबूलाल उरांव, लालदेव उरांव, आदि उपस्थित थे।

## विकास योजनाओं को लेकर शिविर का आयोजन

# सरकार की योजनाओं का धरातल पर कार्यान्वयन कराया जाए : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो/लोहरदगा।** ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल संचालन एवं ग्रामीणों को सहजता से लाभ प्रदान करने हेतु सभी पंचायतों में अभियान के रूप में शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसके तहत मंगलवार को प्रखंड के उतका गांव में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओ अबुवा आवास, मनरेगा द्वारा संचालित सिंचाई कूप निर्माण, दीदी बाड़ी, सर्वजन पेंशन, किसान क्रेडिट कार्ड, खाद आपूर्ति योजना, पशुपालन, पेयजल एवं स्वच्छता, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग समेत अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक संबधित पदाधिकारी द्वारा दी गई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी छन्दा भटाचार्य ने कहा कि हमारा प्रयास है कि सरकार के योजनाओं को धरातल पर कार्यान्वयन कराया जाए, अहर्ता धारी ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले। जिन लाभुकों को अबुवा आवास, सिंचाई कूप निर्माण कार्य या अन्य कोई भी योजना दिया गया हो वे उसे समय से पूर्ण करें। शिविर में ग्रामीणों ने भी अपनी अपनी समस्याएं रखी। मौके पर डॉक्टर राकेश प्रसाद, बी पी ओ रघुनाथ मुंडा, ग्राम प्रधान पंचम उरांव, मुखिया बीरेंद्र महली,उप मुखिया रवि प्रजापति, रोजगार सेवक नंदा भगत, पंचायत सचिव पावन कुमार, दीपक कुमार, खालिक अंसारी संदीप रविदास, ग्रामीण मोती साहू, शिवनाथ उरांव, सुधीर उरांव, कार्तिक उरांव, शिशिर टोप्पो, इद्रजीत उरांव, एहसान अंसारी, रमीज अंसारी, ब्रजकिशोर साहू, जाकिर अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**परेशानी**

## रहमत नगर, बटन मुहल्ला, इंदिरा गांधी चौक में जद्दोजहद

# पेयजल के लिए पानी-पानी हो रहे हैं कुडू प्रखंड के ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू/लोहरदगा।** कुडू का मुख्य मार्केट इंदिरा गांधी चौक, रहमत नगर इलाके के लोग लंबे समय से पेयजल के लिए काफी जद्दोजेहद कर रहे है। कुडू बाजार गेट और थाना के समीप का चापाकल कई वर्षों से खराब है। इसकी कमी को पूरा करने के लिए कुडू थाना गेट के नजदीक एवं रहमत नगर बटन मुहल्ला में 14 वें वित्त से दिसम्बर 2020 में लगाये गए सोलर जल मीनार में भी बनने के दो माह बाद से ही जल गायब है। अब सिर्फ मीनार खड़ा है जो आने जाने वाले और मुहल्ले के प्यासे लोगों का मुंह चिढ़ा रहा है। फिलहाल हालत यह है कि इंदिरा गांधी चौक, रहमत नगर की एक बड़ी आबादी पानी के लिए काफी परेशान है। मुहल्ले की महिलाएं और बच्चे बेसिक स्कूल, ब्लॉक मोड़ से पानी लाने को मजदूर है। अब स्थिति ऐसी है कि अत्यधिक लोड के कारण वे भी खराब होने की स्थिति है। दमफुलाव हेंडिल मारने के बाद काफी कम पानी निकलता है। वही नीचे स्टैंड में पंचायत सचिवालय के नजदीक बने जलमीनार और चापाकल भी लंबे समय से खराब पड़ा हुआ है। इस चापाकल से पीएनबी, यूनियन बैंक, बैंक ऑफ इंडिया प्रतिदिन पहुँचने वाले सैकड़ो लोगो के अलावे पूरा नीचे स्टैंड और बढ़निया मुहल्ला के लोगो की प्यास बुझती थी, लेकिन पिछले माह से खराब हो जाने के कारण लोगो को पेयजल के लिए काफी परेशान है।






### कुडू में नेताओं की भरमार, लेकिन एक भी प्याऊ नही

कुडू के इंदिरा गांधी चौक, नीचे स्टैंड, ब्लॉक मोड, बस स्टैंड, मस्जिद मोड, रहमत नगर इन सभी जगहो पर हर वक्त लोगों की भीड़ लगी रहती है। लेकिन कही भी प्याऊ की व्यवस्था नहीं है। जिस कारण इस भीषण गर्मी में पेयजल के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### जार का पानी बना लोगों का सहारा

कुडू शहरी इलके के अधिकतर लोगों के घरों में पानी खरीद कर पीना पड़ता है। जार वाला पानी ही लोगों का एकमात्र सहारा बचा है। प्रतिदिन टेंपो में पानी लादकर बिक्री के लिए घर-घर पहुंचाया जाता है जिससे खरीद कर ही लोग अपनी प्यास बुझाते हैं।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल



**बिरनी।** बिरनी थाना के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के चिताखरो पेट्रोल पंप के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवकों घायल हो गया।घायल युवकों का पहचान राजधनवार थाना के गोरहन्द गाँव निवासी विनोद यादव वा सूरज राणा के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है। दोनो युवक गिरीडीह से आपने गांव गोरहन्द जा रहे थे। इस दरमियान में चिताखरो पेट्रोल पंप के समीप अनियंत्रित होकर दुर्घटना हो गया। जिसमें दोनों युवक घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से एम्बुलेंस को सूचना देकर दोनो घायलों का गिरीडीह सदर अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया।

### चाईबासा ब्लड बैंक में रक्त की कमी होने से मरीज परेशान

**चाईबासा।** सदर अस्पताल में ब्लड बैंक में ब्लड की कमी होने से मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को बी पॉजिटिव और ए पॉजिटिव के मरीजों को बिना ब्लड के ही लौटना पड़ा। सदर अस्पताल में कई मरीज भर्ती हैं, लेकिन उन्हें ब्लड नहीं मिल पा रहा है। ब्लड बैंक के इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि ब्लड की भारी कमी हो गयी है। लंबे समय से कोई भी सामाजिक संगठन ने रक्तदान शिविर नहीं लगाया है। इसके कारण बैंक में ब्लड नहीं है। मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। सामाजिक संगठन से अपील है कि रक्तदान शिविर लगाकर रक्तदाता से रक्तदान कराएं।

### ग्रामीणों पर ऑटो कब्जा कर 80 हजार रुपये वसूलने का आरोप

**चाईबासा।** पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत घाटशिला थाना क्षेत्र के माहलीडीह गांव के समीप शुक्रवार को बाइक और ऑटो में टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। दोनों घायलों का नाम सनातन भगत और गुणाधर बताया जा रहा है। घटना के संबंध में घायल सनातन भगत ने बताया कि दुर्घटना शुक्रवार रात की है। घाटशिला से बड़ाजुड़ी गांव जाने के क्रम में दुर्घटना घटी थी। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों के समक्ष दोनों पक्ष में समझौता हुआ। समझौता के तहत टेम्पो चालक ने इलाज का पूरा खर्च देने का वादा किया था। लेकिन टेम्पो मालिक अरुण सिंह ने घाटशिला थाना में ग्रामीणों द्वारा टेम्पो चालक की जमकर पिटाई किए जाने के बाद ऑटो कब्जा करने और 80 हजार रुपये वसूले जाने की शिकायत की। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### चोरी की बाइक के साथ दो युवक गिरफ्तार

**आदित्यपुर।** आरआईटी पुलिस ने बीते दिनों चोरी हुए बाइक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद दोनों युवकों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। गिरफ्तार चोर राजू लोहार और सोनू लोहार आदित्यपुर थाना के दिंदली बस्ती के रहने वाले हैं। थाना प्रभारी विनीत कुमार ने बताया कि मीरूडीह थाना क्षेत्र से 20 मई को एक बाइक चोरी हुई थी। इस संबंध में आरआईटी थाना कांड संख्या-53/24, बाइक चोरी के मामले में भारतीय दण्ड विधान के धारा- 79 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। चोरों ने मोटरसाइकिल (जेएच 05 सीए 3869) की चोरी की थी। जिसे अब बरामद कर लिया गया है।

# जमुआ थाना क्षेत्र में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर पर कार्रवाई से मचा हड़कंप

**नवीन मेल संवाददाता। जमुआ**

जमुआ अंचलाधिकारी संजय पांडेय के नेतृत्व में मंगलवार को जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार ने जमुआ के अलग अलग जगहों पर छापेमारी कर पांच बालु लदे वाहन ट्रैक्टर जब्त किया है। जब्त सभी ट्रैक्टर को जमुआ थाना लाया गया। जहां जमुआ सीओ ने आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को प्रेषित किया है। बताया जाता है जमुआ खोरीमहुआ पथ पोबी मोड़ से बालु लदे चार ट्रैक्टर जब्त किया। वहीं डोमनपहाडी धुरगडगी पथ तारा से एक ट्रेक्टर को जब्त किया। जिसमें बिना निबंधन का सहित कुल पांच ट्रेक्टर जब्त किया गया है।



इस बाबत जमुआ अंचलाधिकारी ने बताया कि कुल पाँच ट्रेक्टर जब्त कर जिला खनन पदाधिकारी को कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया है।

### बालू के बिना निर्माण कार्य प्रभावित

प्रखण्ड क्षेत्र में निजी भवनों के अलावा कई सरकारी योजनाओं से पुल पुलिया ,भवन निर्माण , प्रधानमंत्री आवास सहित कई निर्माण कार्य संचालित हैं। ऐसे में बालू का नहीं मिलना परेशानी का सबब बना हुआ है।

### सीढ़ी से गिर जाने से युवक का टूटा पैर



**बिरनी ।** बिरनी थाना के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के पेशम पंचायत के सुईयाडीह रहने वाला युवक का पैर टूट गया। जिसकी पहचान सुईयाडीह गाँव निवासी मदन राणा के पुत्र पिंटू राणा का पैर टुटा है।जानकारी के अनुसार बता दे कि रात्रि को छत पर सोने के लिए जा रहे थे। इस दौरान सीढ़ी चढ़ने के दौरान पैर फिसल गया। जिसके बाद वह सीढ़ी से नीचे गिर गया,जिसके उनका पैर टूट गया।युवक को इलाज के लिए रांची रिम्स अस्पताल में कराया जा रहा। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू सिन्हा रिम्स पहुचकर स्थिति जाना।

## न्यूज बॉक्स

### महिला अपने पुत्र के साथ छत से नीचे गिरी, बच्चे की मौत



**गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र अंतर्गत पटना पंचायत स्थित पुरना डाबर गांव में मंगलवार की अहले सुबह एक महिला अपने पुत्र के साथ छत से नीचे गिर गई। घटना में बच्चें की मौत हो गई। जबकि माँ गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मी देवी पति उदय कुमार अपने तीन वर्षीय पुत्र रिशा कुमार को लेकर खाना बना रही थी। अचानक चक्कर आने पर वे अपने बच्चे को लेकर उठी व छत पर बोन्ड्रीवाल नहीं होने के कारण बच्चे के साथ नीचे गिर गई। ग्रामीणों के सहयोग से दोनो को सामुदायिक स्वास्थ्य गावां लाया गया। जहां डॉ हब्बीबुल्लाह खान ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। वहीं महिला का प्राथमिक उपचार करने के बाद घर भेज दिया गया। बच्चे की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

### आदित्यपुर के वार्ड नंबर 32 में दूर होगी पेयजल समस्या, सर्वे टीम गठित



**आदित्यपुर।** आदित्यपुर के वार्ड नम्बर 32 में उत्पन्न पेयजल समस्या को लेकर मंगलवार को वार्ड प्रतिनिधिमंडल नगर निगम प्रशासक से मिला. विषय को लेकर नगर निगम प्रशासक की ओर से टीम गठित कर सर्वे कराने का आश्वासन दिया गया। उन्हें बताया कि लोकसभा इलेक्शन रिजल्ट आते ही मिनी वाटर सप्लाई योजना के तहत उचित स्थान का चयन किया जाएगा। जिसके बाद एचवाईडीटी बोरिंग कर घर-घर कनेक्शन द्वारा पानी की सप्लाई की जाएगी। इस दौरान तत्काल टैंकर द्वारा पूर्व की भांति पानी दी जाती रहेगी। वार्ड 32 के अंतर्गत रोड नंबर 15 और 16 के एचवाईडीटी कनेक्शन व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा, ताकि पानी सबको मिल सके। वार्ता में उप प्रशासक शंभू कुशवाहा के अलावा सिटी मैनेजर हिमांशु शेखर, सहायक अभियंता रितेश कुमार उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि डबल्यूटीपी कार्य प्रणाली में विलंब हो रही है। इस कारण जिंदल ने असमर्थता जाहिर की है, इसे नगर निगम ने काफी गंभीरता से लिया है। आवेदन पर गंभीरता से निर्णय लेते हुए युद्ध स्तर पर कार्य को गति प्रदान की जा रही है। प्रतिनिधिमंडल में विष्णु देव गिरी, राकेश रंजन चौधरी, दीपक राय, मनोज पंडित और रविंद्र शर्मा शामिल थे।

### आवश्यकता आधारित शिक्षकों की आर्थिक स्थिति चरमराई



**चाईबासा।** कोल्हान विश्वविद्यालय में कार्यरत आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों की आर्थिक स्थिति अब चरमरा गयी है। झारखंड राज्य विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय ने बताया कि कोल्हान विश्वविद्यालय में लगभग 150 आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यपक कार्यरत हैं। इन शिक्षकों की आर्थिक स्थिति पूरी तरह चरमरा गई है। कोल्हान विश्वविद्यालय में कार्यरत इन शिक्षकों को फरवरी महीने से वेतन नहीं मिला है। आलम यह है कि बच्चों की फीस, घर का किराया, राशन वाले का बकाया भुगतान नहीं हो पा रहा है,जिस कारण इन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।राकेश कुमार पांडेय ने कहा है कि विश्वविद्यालय में बिल जमा है, फिर भी भुगतान नहीं होना चिंता का विषय है। राज्य सरकार ने एलॉटमेंट शायद नहीं भेजा है। जब-तक एलॉटमेंट नहीं आता है, तब तक भुगतान होने की उम्मीद नहीं है। पांडेय ने कहा कि बहुत सारे विभाग आवश्यकता आधारित शिक्षकों के भरोसे ही चल रहे हैं। एक तो मई महीने की गर्मी उपर से वेतन न मिलने से शिक्षक मानसिक रुप से भी पीड़ा झेल रहे हैं। जल्द ही संघ का प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति और राज्यपाल सह कुलाधिपति से मिलकर वेतन भुगतान की गुहार लगाएगा।

### अंतर संस्था लीग में सेरसा चक्रधरपुर ने रुंगटा माइंस को दी शिकस्त

**चक्रधरपुर।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ द्वारा अंतर संस्थानिक लीग का आयोजन हुआ. जिसके अंतर्गत आज खेले गए मैचों में सेरसा चक्रधरपुर ने रूंगटा माइंस लिमिटेड को छह विकेट से पराजित किया। हेमंत नायक एवं नमन जैन की बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत टीम को जीत मिली। पहले बल्लेबाजी करते हुए रूंगटा माइंस ने निर्धारित बीस ओवर में पांच विकेट खोकर 183 रनों का स्कोर खड़ा किया। अभिषेक कच्छप ने चार चौकों एवं एक छक्का की मदद से सर्वाधिक 39 रन बनाए। जय प्रकाश राजपूत ने एक चौका एवं चार छक्कों की मदद से 36 रन, कुमार करण ने तीन चौकों एवं दो छक्कों की सहायता से 34 रन, सत्यम यादव ने दो चौकों एवं तीन छक्कों की मदद से 33 रन तथा कप्तान अनुराग संजय पुर्ति ने 16 रनों का योगदान दिया। सेरसा चक्रधरपुर की ओर से अमित दास ने 36 रन देकर दो विकेट हासिल किए प्रकाश सीट, ए पवन कुमार एवं हिमांशु शर्मा को एक-एक सफलता हाथ लगी। जीत के लिए आवश्यक रनों का पीछा करने उतरी सेरसा की टीम ने 183 ओवर में चार विकेट खोकर 184 बनाए और मैच अपने नाम कर लिया। हलांकि सेरसा के दो विकेट जल्द ही गिर गए थे और एक समय टीम का स्कोर चार विकेट खोकर 98 रन था। ऐसा लग रहा था कि रुंगटा माइंस की टीम मैच में अपना पकड़ बना लेगी। लेकिन पांचवें विकेट के लिए हेमंत नायक एवं नमन जैन ने 86 रनों की नाबाद साझेदारी निभाकर टीम को जीत दिला दी। हेमंत नायक ने आठ चौकों एवं एक छक्का की सहायता से 60 नाबाद रन तथा नमन जैन ने पांच चौकों एवं तीन छक्कों की मदद से 50 नाबाद रनों की बेहतरीन पारी खेली। बल्लेबाज राजीव रंजन ने छः चौकों एवं एक छक्का की मदद से 39 रनों की उपयोगी पारी खेलकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। रुंगटा माइंस की ओर से उत्कर्ष सिंह, तन्मय तंतुबाई, सत्यम यादव एवं सुधांशु पाल को एक-एक विकेट मिला।

## सहिया को दिया गया प्रशिक्षण, एक जुलाई से चलेगा टीकाकरण अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को बीसीजी वयस्क टीकाकरण अभियान को लेकर सहिया को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण बीपीएम प्रमोद कुमार बरनवाल के देखरेख में दिया गया। यह अभियान अगले तीन महीने यानी जुलाई, अगस्त व सितंबर तक चलेगा। प्रशिक्षण में टीकाकरण के दौरान किन बातों को ध्यान में रखना है और कैसे टीकाकरण करना है। इसको लेकर सहिया को जानकारी दी गई। मौके पर बीपीएम प्रमोद कुमार बरनवाल ने वयस्क टीकाकरण से जुड़े बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान के तहत बीसीजी का टीका 18 साल से अधिक उम्र के 6 श्रेणियों के व्यक्तियों को लगाया जाएगा। इसमें जिन व्यक्तियों को पहले टीबी की बीमारी हुई हो, टीबी मरीजों के सम्पर्क में रहने वाले व्यक्तियों, 60 साल और उससे अधिक के बुजुर्ग, कुपोषित वयस्क, धूम्रपान करने वाले व्यक्ति तथा मधुमेह के मरीजों को बीसीजी का टीका लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत में जन्म के समय या जीवन के पहले साल के भीतर बच्चों को बीसीजी दी जाती है। यही टीका व्यस्कों में भी इस्तेमाल किया जायेगा।



### विस्थापन की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कोलियरी कार्यालय का किया घेराव



**धनबाद।** विस्थापन व मुआवजा की मांग को लेकर आगरडीह के ग्रामीणों ने मंगलवार को बीसीसीएल एरिया तीन की गोविन्दपुर ब्लॉक चार कोलियरी कार्यालय का घेराव किया. लोगों ने प्रबंधन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने बताया कि आगरडीह बस्ती में जमीन के नीचे से लंबे समय तक अवैध खनन किया गया, जिसके कारण एक माह पहले भू-धंसान की घटना घटी थी। इसमें कई आवास जमीनदोंज हो गए थे, जिससे लोग बेघर हो गए हैं। घटना के बाद बीसीसीएल प्रबंधन ने लोगों को सुरक्षित स्थान पर विस्थापित करने व मुआवजा देने का आश्वासन दिया था। लेकिन अब तक प्रबंधन ने अपने वादे को पूरा नहीं किया है। ग्रामीण एक माह से इधर-उधर रहने को मजबूर हैं। घंटों हो हंगामा के बाद कंपनी अधिकारियों ने लोगों को शीघ्र समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। कहा कि ग्रामीणों को बसाने के लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है। इसके बाद ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त किया।

### झरिया में दो परिवारों के बीच जमकर मारपीट, चार लोग घायल

**धनबाद।** झरिया थाना क्षेत्र के भेड़ाकांटा में सोमवार की रात दो परिवारों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों से चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को एसएनएमएमसीएच धनबाद मे भर्ती कराया गया है। बताया गया कि रात में दोनों परिवारों के बीच विवाद को लेकर पहले कहा-सुनी हुई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले, पथराव भी हुआ। घायलों में एक पक्ष के सुबोध रविदास व उसकी पत्नी नेपूरा देवी, जबकि दूसरे पक्ष के योगेंद्र रविदास उर्फ टिंकू व उसकी दिव्यांग बहन शामिल है।

# पोस्टल बैलेट के जरिए पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी और कर्मियों ने किया मतदान



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

लोकसभा चुनाव के सांतवे और अंतिम चरण के तहत झारखंड के गोड्डा, राजमहल और दुमका में 1 जून को मतदान होना है। इन तीनों संसदीय क्षेत्र के मतदान की प्रकिया मंगलवार को गिरिडीह प्रशासन ने पोस्टल बैलेट पेपर से शुरू कराया। इस दौरान मतदान की प्रकिया में तीनों संसदीय क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारी, पुलिस जवानों के साथ प्रशासनिक पदाधिकारी और कर्मियों ने हिस्सा लिया और पोस्टेल बैलेट के जरिए अपना मतदान डाला। दोपहर के बाद पुलिस पदाधिकारियों के साथ जवानों और प्रशासनिक पदाधिकारी के साथ कर्मियों ने मतदान किया। गिरिडीह प्रशासन की ओर से मतदान के लिए समाहरणालय परिसर, न्यू पुलिस लाईन के बैठक कक्ष और पुराने पुलिस लाईन के आईआरबी कैंप में मतदान केन्द्र बनाएं गए थे। जहां तीनों संसदीय क्षेत्र के आईआरबी के जवानों के साथ पुलिस जवान मतदान करते नजर आएं।

# आठवीं बोर्ड में चाईबासा के नगरपालिका बंगला मध्य विद्यालय के 96%छात्र सफल

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**



झारखंड अकादमिक काउंसिल ने आठवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। चाईबासा के अमला टोला वार्ड संख्या 19 में स्थित आदर्श नगरपालिका बंगला मध्य विद्यालय का परिणाम 96% रहा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक असीम कुमार सिंह ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विद्यालय के कुल 79 छात्र-छात्राओं ने 8वीं बोर्ड में निबंधन कराया था। परीक्षा में शत-प्रतिशत बच्चें शामिल हुए थे। जैक द्वारा जारी किए परीक्षा परिणाम में नगरपालिका बंगला मध्य विद्यालय के 79 में से 76 बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं। जबकि तीन बच्चे असफल रहे। प्रधानाध्यापक ने बताया कि जिन 76 बच्चों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की है उसमें 17 बच्चों नें 80% से अधिक अंक हासिल कर अ+ ग्रेड प्राप्त किया है। जो विद्यालय के लिए गर्व की बात है। इनमें अपराजिता सिंकु एवं अंजलि गोप ने सभी बिषयों में 80% से अधिक अंक हासिल किया है। अपराजिता सिंकु बहुमुखी प्रतिभा की धनी छात्रा हैं। उन्होंने शिव स्तुति एवं संस्कृत के कई श्लोक कंठस्थ याद किया है। अ+ ग्रेड हासिल करने वाले छात्रों के नाम इस प्रकार हैं अपराजिता सिंकु, अंजलि गोप, चितरंजन कोड़ा, सुदीप पैड़ा, जयराम विरुवा, शिव शंकर सवैयां, सुशीला देवगम, जाह्नवी जामुदा, सविता गोप, लक्ष्मी हेस्सा, आर्यन शर्मा, सुचित्रा पैड़ा, ओम प्रकाश महतो, नेहा बोदरा, सुरजो सिंह सरदार, अतुल दास एवं तुलसी तियु।

### कतरास में ब्लास्टिंग से उड़े पत्थरों से तीन युवक घायल

**धनबाद।** बीसीसीएल कतरास क्षेत्र में एकेडब्ल्यू एमसी की कांटा पहाड़ी पेंच में संचालित अम्बे आउटसोर्सिंग परियोजना में मंगलवार की दोपहर हैवी ब्लास्टिंग से उड़े पत्थरों से बुद्धू बाबू बंगला कुम्हार पट्टी के कई आवास क्षतिग्रस्त हो गए। घटना में तीन युवक घायल हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने आउटसोर्सिंग कंपनी का कार्य बाधित कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पाकर पहुंची सीआईएसएफ टीम को भी लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा।

### पत्नी को लाने ससुराल गए युवक की जमकर पिटाई, अस्पताल में भर्ती

**धनबाद।** पत्नी को लाने ससुराल गए युवक की पिटाई का अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। घटना गोधर के पहाड़ी गोदाम की है। अपनी पत्नी को लाने ससुराल गए राजगंज थाना क्षेत्र के मैराकुल्ही निवासी अमित कुमार दास की ससुरालवालों ने जमकर पिटाई कर दी। उसे गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल धनबाद में भर्ती कराया गया है। बताया गया अमित कुमार दास की ससुराल गोधर स्थित पहाड़ी गोदाम में है। वह मंगलवार को पत्नी जया कुमारी को लाने के अपने पिता माणिकलाल दास के साथ गोधर गया था। अमित ने बताया कि ससुराल पहुंचते ही ससुराल वालों ने उनलोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उसे गहरी चोट लगी है। उसने घटना की सूचना केंदुआडीह थाना को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को थाने ले गई और समझा-बुझाकर मामला शांत कराया।

### 24वें झारखंड यूथ बास्केटबॉल टूर्नामेंट में बोकारो जिले का दबदबा

**बोकारो।** बोकारो के एमजीएम सेकेंडरी हाई स्कूल में चल रहे 24वें झारखंड स्टेट यूथ बास्केटबॉल टूनामेंट में दूसरे दिन मंगलवार को बोकारो जिले के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। बोकारो की ब्वायज व गर्ल्स टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। दोनों टीमों ने क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है। बॉयज टीम ने जहां तीन मैच जीत कर अपनी क्षमता का लोहा मनवाया। वहीं, गर्ल्स टीम ने दो में से एक मैच जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।क्वार्टर फाइनल मैच में गर्ल्स टीम आरबीए ने सरायकेला पर 02-16 से बढ़त हासिल कर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया। वहीं, जैप वन टीम ने बीडीबीए (बोकारो) को 7 के मुकाबले 34 से हरा दिया। ईएसडीबीए की टीम डब्ल्यूएसडीबीए को 2-55 से हरा कर सेमीफाइनल पहुंची। वहीं, बीएसए ने रोमांचक मुकाबले में जेबीए पर 25-27 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया। ईएसडीबीए ने डब्ल्यूएसडीबीए पर 20-37 से जीत दर्ज की। धनबाद की टीम ने जामताड़ा पर 04-26 से आसान जीत हासिल की। वहीं, बीडीबीए (बोकारो) ने दुमका पर 19-26 से जीत दर्ज की। एचबीए व रामगढ़ के बीच रोचक मुकाबले में रामगढ़ ने एचबीए को 25-28 से हरा दिया। इवनिंग सेशन में बीएसए ने सरायकेला को 29-40 से हराया। बीडीबीए ने रामगढ़ पर 16-38 से जीत दर्ज की। जैप वन टीम ने जामताड़ा को 12-39 से हराया। ईएसडीबीए ने आरबीए को 22-41 से हराया।

### रईसजादों के बिगड़ैल बेटे रात में करते थे छिनतई, पुलिस ने 3 को दबोचा

**धनबाद।** धनबाद में अपराधियों के हौसले काफी बुलंद हैं। अब तो शहर के पॉश इलाकों में रहने वाले कई रसूखदारों के बिगड़ैल बेटे भी रात के अंधेरे में गरीबों को लूटने लगे हैं। ताजा मामला ग्रामीण क्षेत्रों से पोड़ा कोयला साइकिल से शहर लाकर बेचने वालों से लूटपाट करने का सामने आया है। सदर थाना की पुलिस ने सोमवार की देर रात वैसे तीन युवकों को धर दबोचा है। ये युवक पिछले 3 माह से रोजाना शाम ढलते ही बरवाअड्डा किसान चौक से धनसार तक साइकिल वालों का पीछा कर उनके साथ लूटपाट करते थे और पैसे नहीं देने पर मारपीट भी करते थे।

# 20 टेबल पर होगी गिरिडीह लोस सीट की मतगणना, पोस्टल बैलेट के लिए अलग से 25 टेबल

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**




गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की मतणना 4 जून को बोकारो के आईटीआई मोड़ चास स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति परिसिर में बनाए गए मतगणना स्थल पर होगी। इसकी तैयारी जोरों पर चल रही है। बोकारो समाहरणालय सभागार में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी विजया जाधव व एसपी पूज्य प्रकाश ने तैयारियों को लेकर बैठक की। उन्होंने मतगणना से जुड़े अधिकारियों का उनके कार्य दायित्व के बारे में विस्तार से जानकादी दी। डीसी ने बताया कि वोटों की गिनतली विधानसभा वार होगी। इसके लिए कुल 20 टेबल लगाए जाएंगे। इससे पहले 25 टेबल पर पोस्टल बैलेट के वोटों की गिनती होगी। मतगणना सुबह 8 बजे से सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी। इसकी वीडियोग्राफी भी की जाएगी। मतगणना हाल में मोबाइल फोन, माचिस, लाइटर आदि ले जाने पर रोक रहेगी।

एसपी पूज्य प्रकाश ने बताया कि मतगणना केंद्र पर त्री स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। अंदर प्रवेश करने वाले पदाधिकारियों व कर्मियों को अलगझअलग रंग का पहचान पत्र जारी किया जाएगा। ज्ञात हो कि गिरिडीह लोकसभा में कुल छह विधानसभा क्षेत्र गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, टुंडी व बाघमारा आते हैं। बैठक में डीडीसी संदीप कुमार, डीपीएलआर निदेशक मेनका, अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, चास एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सुप्रभात

**जीवन को घटित होने दो। विश्वास करो, वह सदैव सही दिशा में चल रहा होता है: रेनर मारिया रिल्के**



# वर्क फ्रॉम होम वरदान से अभिशाप

**कोरोना** के समय वरदान बनता 'वर्क फ्रॉम होम' अब सिरदर्द बनता जा रहा है। हालांकि स्वास्थ्य जगत से जुड़े लोग इसे लेकर पहले से ही काफी आशंकित थे कि अपनी मनमर्जी से काम करने की आदत सेहत पर भारी पड़ेगी। वही अब हकीकत में दिखने लगी है। लोगों को अब इसका नुकसान समझ में आने लगा है। कोरोना के चलते पूरी तरह बदली हुई जिंदगी में कभी असंभव सा लगने वाला 'वर्क फ्रॉम होम' इस कदर हावी हुआ कि दुनिया भर में लोग घर से ही काम करने लगे। जर्नल ऑफ एप्लाइड साइकोलॉजी में प्रकाशित उस अध्ययन ने तो दो बरस पहले ही इसको लेकर आगाह कर दिया था। तभी ऐसे शारीरिक और मानसिक दुष्परिणामों की दस्तक सामने आने लगी, जो वीडियो कॉन्फ्रेंस या ज्यादा वक्त ऑनलाइन रहने के चलते सेहत के लिए नुकसानदेह साबित हो रही थी। लेकिन जानते, समझते हुए भी बहुतेरे लोगों ने 'वर्क फ्रॉम होम' की आड़ में घर में रहने और अपनी मनमर्जी के मुताबिक आरामदेह परिस्थितियों में काम करना जारी रखा। आराम के साथ काम करने की शैली ने शारीरिक दक्षता और फिटनेस को बुरी तरह प्रभावित किया। बिस्तर पर लेटे-लेटे, लैपटॉप पर काम निपटाना या घरेलू पोशाक में यहां-वहां बैठकर काम करने की आदत ने जहां दफ्तरों के अनुशासन को खत्म किया, वहीं रोज-रोज संगी-साथियों के साथ मुलाकात का अवसर भी छीन लिया। एक तरह से दफ्तर का रोजाना का गेट-टूगेदर भी खत्म हो गया। इस तरह 'वर्क फ्रॉम होम' के जरिये काम करने वाला वर्ग नितांत अकेला हो गया। माना कि कोरोना काल में यह मजबूरी थी, लेकिन प्रतिबंधों के हटने के बाद यह जरूरी क्यों बनी हुई है? डाटा जर्नलिज्म वेबसाइट 'स्टैटिस्टा' के हालिया सर्वे ने और चिंताएं बढ़ा दी हैं। अमेरिका में लगभग छह हजार लोगों के बीच कराए गए सर्वे में पाया गया कि वर्क फ्रॉम होम यानी घर से काम करने वाले लोग ज्यादा संख्या में बीमार हुए। इसमें बताया गया है कि 59 प्रतिशत लोगों को कमर दर्द, सिरदर्द ने परेशान किया, तो 54 प्रतिशत लोग ऐसे मिले, जिन्हें किसी न किसी प्रकार के दर्द ने जकड़ लिया। वर्क फ्रॉम होम करने वालों का पाचन तंत्र भी बुरी तरह प्रभावित हुआ। जिन्हें पेट की कभी कोई गंभीर शिकायत नहीं थी, उन्हें पाचन की समस्याएं होने लगीं। ऐसे लोगों का आंकड़ा 40 प्रतिशत तक पहुंच गया। दूसरी ओर, कार्यस्थल पर जाकर काम करने वालों में ये समस्याएं केवल 34 प्रतिशत निकलीं। हैरानी की बात यह रही कि घर के बंद कमरे में काम करने वाले 40 प्रतिशत लोग सर्दी-खांसी का शिकार हुए, वहीं दफ्तर के खुले माहौल में काम करने वालों का आंकड़ा केवल 34 प्रतिशत निकला। यह काफी चिंताजनक था कि घर बैठे लोग सर्दी-खांसी का ज्यादा शिकार हुए, जबकि ऑफिस वाले कम। मानसिक रूप से परेशान रहने वालों की संख्या भी चौंकाने वाली रही। घर से काम करने वाले 46 प्रतिशत लोगों को शिकायत थी कि घर से काम के दौरान उन्हें मानसिक समस्या से जूझना पड़ा, जबकि जो लोग अपने कार्य स्थल से काम करते थे, उनमें यह प्रतिशत केवल 36 रहा। निश्चित रूप से कोरोना ने लोगों को बुरी तरह प्रभावित किया। लेकिन कोरोना के बाद जिनको 'वर्क फ्रॉम होम' से सहूलियत महसूस हो रही थी, उनका शरीर तरह-तरह की बीमारियों का घर बन गया। एक ही जगह बैठे-बैठे या लेटे-लेटे काम करने या सुबह उठते ही या फिर रात में देर तक काम करते रहने जैसी आदतों ने दफ्तर के अनुशासन को खत्म किया। कई बार लोग हफ्ते-दस दिन घरेलू काम में मशगूल रहते या खाली समय बिस्तर पर खर्राटे भरते। न कोई शारीरिक कसरत और न ही सूरज की किरणों से सामना। स्वाभाविक है बीमारियां तो घेरेंगी ही। कम समय में वरदान से लगते 'वर्क फ्रॉम होम,' को अभिशाप में बदलते देर नहीं लगी। अब भी कुछ ज्यादा बिगड़ा नहीं है। हमें शरीर के लिए जितने आराम की जरूरत है, उतना ही कसरत और पसीना बहाने की भी। बेहतर स्वास्थ्य के लिए दफ्तर और कमरे के बाहर की दुनिया की गतिविधियां, मेल, मुलाकात, घूमना, फिरना, टहलना और कार्य स्थल पर संगी-साथियों से वातार्लाप मानसिक और शारीरिक जरूरतों के लिए क्यों आवश्यक है, शायद यह अब सबको समझना जरूरी है।

गर्मी का प्रकोप

# बढ़ता ताप, झुलसती धरती



आयुषी दवे



**दुनिया** और कितनी गर्मी झेलने को तैयार है? यह सवाल बेहद गंभीर है और लोग इससे कब तक बेखबर रहेंगे यह समझ से परे है। अब तो इंसान क्या दूसरे जीव, जन्तु भी गर्मी से बेहाल होकर इस कदर बेकाबू हो रहे हैं कि कई तरह की तबाहियों का कारण बने हुए हैं। लेकिन हम हैं कि अपनी प्यारी धरती की तपिश को बजाए कम करने के और बढ़ाए जा रहे हैं। दुनिया में क्या धरती का तापमान बढ़ाकर ही विकास की कहानी लिखी जा सकती है?

क्या दुनिया में अबकी बार साल 2023 से अधिक गर्म 2024 कहलाएगा? जलवायु शोधकर्ता इसी पर चिंतित हैं। हमें नहीं भूलना चाहिए कि वैज्ञानिकों ने ही खुलासा किया था कि पिछले साल उत्तरी गोलार्ध में इतनी गर्मी पड़ी कि करीब 2,000 साल का रिकॉर्ड टूटा और इसीलिए 2023, धरती पर अब तक का सबसे गर्म वर्ष कहलाया। अब इंग्लैंड में रोहेम्पटन विश्वविद्यालय का सामने आया नया शोध बेहद चिंताजनक है जो बताता है कि जब पृथ्वी का बाहरी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार हो जाता है तो इंसान का शरीर इससे ज्यादा गर्मी सहन करनी की शक्ति खोने लगता है। इसके चलते कई अंग प्रभावित होने लगते हैं। अनेकों चिकित्सकीय शोधों से भी साफ हो चुका है कि मानव शरीर अनुकूल परिस्थितियों तक ही तापमान सहजता से सहन कर पाता है। प्रतिकूल परिस्थितियों में कई अंगों के प्रभावित होने या शिथिल या काम बंद कर देने के खतरे बढ़ जाते हैं। सबको पता है कि शरीर का 70 फीसदी से ज्यादा हिस्सा जलतत्व से निर्मित है।

यही शरीर के तापमान को स्थिर बनाए रखने के लिए गर्मी से मुकाबला करते हैं। इसका साधारण उदाहरण शरीर में गर्मी लगते ही पसीना आना है। लेकिन जब शरीर में मौजूद जलतत्व, पसीना बनकर उड़ जाएगा तो स्वाभाविक है कि शरीर में पानी की कमी होगी। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। वहीं शरीर के कई ऐसे संवेदनशील आंतरिक अंग हैं जो पानी या जलतत्व के निश्चित मात्रा में रहे आने पर ही सुचारु पूर्वक काम करते हैं। जब भीषण गर्मी में लगातार शरीर में पानी की आवश्यक मात्रा को बनाए रखना अनजाने या मजबूरी में संभव नहीं हो पाता है तब इसका असर हमारे आंतरिक अंगों पर भी पड़ता है। इससे शरीर कई गंभीर बीमारियों का अनायास शिकार हो जाता है।

शरीर में जलतत्व की कमीं का प्रभाव लोगों पर सेहत के हिसाब से अलग-अलग पड़ता है। किसी को चक्कर आता है तो कोई सिरदर्द की शिकायत करता है। कई बेहोश हो जाते हैं तो किसी की नाक से खून आ जाता है। कई लोगों को सांस में दिक्कत होने लगती है। कई कारण हैं जो बाहर से तो समझ आ जाते हैं लेकिन आंतरिक अंगों पर पड़ने वाले गंभीर दुष्परिणाम बाहर न तो दिखते हैं और न ही जल्द समझ आते। यही बहुत हानिकारक होते हैं। सांस फूलने से हृदय में रक्त का प्रवाह अनियमित हो जाता है। फेफड़ों पर भी बुरा असर पड़ता है। रक्तचाप भी अनियंत्रित हो जाता है और मौत तक संभव है।

हम भारत के संदर्भ में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी को देखें तो इससे जहां आम मध्यम लोगों में गुर्दों पर बुरा असर पड़ने के साथ हृदय या सांस संबंधी बीमारियां एकाएक बढ़ सकती हैं। वहीं गरीबों या आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, किसान और रोजाना कमाने खाने वाले मजदूर इसके ज्यादा शिकार होते हैं। अब भारत में गर्मियों में पहाड़ों वह भी ठंडे इलाकों के जंगलों में लगातार आग की घटनाएं और भी ज्यादा चिंताजनक हैं। ऐसा नहीं है कि गर्मी को लेकर चिंता केवल भारत में ही सबसे ज्यादा है। यूरोप के तो आंकड़े सामने हैं जब 2022 की गर्मियों में करीब 61,000 लोगों की मौत हुई। वहां भी कुछ वर्षों में तेज गर्मी के चलते जंगलों में भीषण आग लग रही है। बड़े पैमाने पर सूखा पड़ रहा है। यह सब बेहद चिंताजनक है। सोचिए, इस स्थिति में पहुंचने के बाद भी हम कब तक अनजान रहेंगे? सबको पता है कि विकास के नाम पर हो रहे ताबड़तोड़ निर्माण और प्राकृतिक संरचनाओं से लगातार छेड़छाड़ के अलावा बेतहाशा कार्बन उत्सर्जन जिनमें प्राकृतिक संसाधनों जैसे जीवाश्म ईंधन जलाने, जंगलों को काटने और पशुधन की खेती से जलवायु और पृथ्वी के तापमान पर तेज प्रभाव पड़ रहा है।

इससे वायुमंडल में प्राकृतिक रूप से मौजूद ग्रीनहाउस गैसों में भारी मात्रा में प्रदूषित गैसें, धुआं आदि जुड़ जाती हैं और ग्रीन हाउस प्रभाव और 'भूमण्डलीय ऊष्मीकरण' यानी ग्लोबल वार्मिंग बढ़ जाती है। प्राकृतिक गैसों, पेट्रोलियम, कोयला, खनिज व दूसरे तत्वों के लगातार दोहन और उपयोग से निकलती प्रदूषित गैसों और दूसरे हानिकारक तत्वों से दूषित होते वायुमण्डल के अलावा निरंतर छलनी होते जंगल, पहाड़, नदियां अन्य अनेकों प्राकृतिक संपदाओं का क्षरण, दोहन तापमान बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं। इसी बेतरतीब दोहन से निरंतर बढ़ता कार्बन उत्सर्जन भू-तल से लेकर नभ तक प्रदूषित कर रहा है। प्रकृति का सारा का सारा प्राकृतिक नियंत्रण डगमगाया हुआ है। जलवायु परिवर्तन पर नजर रखने वाले 99 प्रतिशत से ज्यादा वैज्ञानिक मानते हैं कि इसका सबसे अहम कारण इंसानी करतूते हैं जो कंक्रीट के विकास के दिखावे के लिए विनाश की गाथा लिख रहे हैं।

ग्लोबल वॉर्मिंग से निपटने के लिए दुनिया के क्षत्रपों के पास बड़ी-बड़ी कागजी योजनाएं हैं। पेरिस जलवायु समझौता-2015 अहम है जो उत्सर्जित ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा को सीमित करने पर केन्द्रित है। लेकिन इसे 10 साल होने को हैं पर लगता है कि क्या किसी भी देश ने इस पर ठोस काम किया? जवाब आपके पास भी है। ऐसे में भला कैसे बढ़ता तापमान नियंत्रित होगा, कैसे प्रकृति से इंसाफ होगा और कैसे हम अपनी भावी पीढ़ी को न्याय की गारण्टी दे पाएंगे? निश्चित रूप से जब तक पूरी दुनिया में एक-एक इंसान इसे नहीं समझेगा, तब तक विनाश की ओट में विकास की पल-पल लिखी जा रही गाथा भी नहीं रुकेगी। लगता नहीं कि फिर हम जानते हुए, भविष्य में रुग्ण, अशक्त मानव बस्तियों के कंक्रीट महलों की तैयारी में हैं। **(लेखिका, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियर हैं।)**

## आपकी बात

### महज इस वर्ग की ही चिंता क्यों?



राकेश दुबे

**साफ** बात यह देश किसी एक जाति, संप्रदाय, नस्ल, वर्ग, भाषा और जमात का नहीं है। यह देश हिंदू-मुसलमान या जैन-बौद्ध अथवा सिख-जट या पारसी-ईसाई आदि का भी नहीं है। यह देश दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों का भी है तथा अल्पसंख्यक सवर्ण गरीबों का भी है। यह देश समस्त भारतीयों का है, लिहाजा सभी के दुख-सुख और हित में सोचना और नीतियां बनाना अनिवार्य है। दुर्भाग्य और विडंबना है कि इस बार के आम चुनाव में इस विविधता और व्यापकता पर कोई बहस नहीं की गई। सिर्फ मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा सबसे अधिक गूंजता रहा है। विपक्ष के खेमे का लगभग समवेत स्वर रहा है कि मुसलमानों को आरक्षण जरूर देंगे। लालू यादव तो 100 प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों को ही देने के पैरोकार हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उच्च न्यायालय के फैसले के बाद सार्वजनिक ऐलान किया है कि मुस्लिम आरक्षण जारी रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी लगातार पलटवार करते रहे हैं कि वह मुस्लिम आरक्षण लागू नहीं होने देंगे। जब तक वह जिंदा हैं, तब तक दलितों, आदिवासियों और ओबीसी का आरक्षण छिनने नहीं देंगे। वैसे आरक्षण किसी का संवैधानिक मौलिक अधिकार नहीं है। हमारे संवैधानिक पुरखों ने एक व्यवस्था 10 साल के लिए तय की थी, ताकि सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक विषमताएं समाप्त की जा सकें, लेकिन आजादी के 77 साल बाद भी वह 'संवैधानिक कृपा' बरकरार है, विषमताएं भी मौजूद हैं, क्योंकि आरक्षण आज भी लागू है। आरक्षण आज राजनीतिक हथियार बन चुका है। संविधान पीठ भी फैसला दे चुकी है कि धर्म पर आधारित आरक्षण 'संवैधानिक' नहीं है। कुछ राज्य सरकारों ने मुसलमानों को धार्मिक कोटा देने की जुर्रत की थी, लेकिन सर्वोच्च अदालत ने उन्हें खारिज कर दिया। सिर्फ बिहार और बंगाल ही नहीं, मध्यप्रदेश, गुजरात, उप्र, केरल, आंध्रप्रदेश, ओडिशा आदि राज्यों में भी कई-कई जातियों की आड़ में मुसलमानों को आरक्षण देने की व्यवस्था है। अदालत की आंख में धूल झोंकी गई है। कई राज्यों में तो भाजपा की सरकारें है। कुछ भी संवैधानिक नहीं है, फिर भी आरक्षण का चुग्गा फेंक कर मुस्लिम तुष्टिकरण और बंधक वोट बैंक की राजनीति खेली जा रही है। मुसलमानों की आड़ में बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या सरीखी देश-विरोधी गतिविधियां भी जारी हैं। यह कड़ा आदेश मुख्यमंत्रियों को भी दिया जाना चाहिए कि ऐसे रंगे सियार वोट बैंक असंवैधानिक हैं, लिहाजा देश में एनआरसी भी अनिवार्य की जानी चाहिए। अब तो कुछ दिनों के बाद नई सरकार भारत में बनेगी, लिहाजा वोट बैंक की चिंताएं कम होंगी, लिहाजा भारत सरकार ऐसा अभियान चलाए, ताकि अवैध घुसपैठियों को देश से बाहर किया जा सके। हम पूरा दोष घुसपैठियों को या वोट बैंक के तुष्टिकरण को ही नहीं दे सकते, क्योंकि देश में ही कांग्रेस पूरी तरह 'मुस्लिमवादी' रही है। मुस्लिमवादियों के अपने कुतर्क हैं। कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार ने ही 2004 में जस्टिस रंगनाथ मिश्र आयोग गठित किया था। उसने 2007 में मुसलमानों को ओबीसी आरक्षण देने की सिफारिश की थी। जस्टिस रंगनाथ मिश्र देश के प्रधान न्यायाधीश रह चुके थे। मुसलमानों के लिए ही सच्चर कमेटी का गठन किया गया। यूपीए सरकार के तहत अलग से 'अल्पसंख्यक मंत्रालय' भी बनाया गया, जिसका फोकस मुसलमानों पर ही रहा है। उस दौर में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का विवादास्पद बयान भी सामने आया कि देश के संसाधनों पर पहला दावा और अधिकार खासकर अल्पसंख्यक मुसलमानों का है। 2024 के आम चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी का 2012 का एक वीडियो बेनकाब किया है, जिसमें राहुल मुस्लिम आरक्षण का दावा ठोंकते देखे और सुने जा सकते हैं। सवाल है कि इन सरकारों को महज मुसलमानों की ही चिंता क्यों सताती रही है? उनके सरोकार और कार्यक्रम भी मुस्लिम सम्मत क्यों रहे हैं? क्या भारत सिर्फ उन्हीं का देश है? वे करीब 15 प्रतिशत आबादी हैं। शेष 85 प्रतिशत आबादी क्या हाथ मलती रहे? यह संवैधानिक न्याय नहीं है। मदद उनकी की जानी चाहिए, जो विपन्न, वंचित और निरक्षर हैं, चाहे उनकी जाति और समुदाय कुछ भी हो। अधिकांश देश का यह विनम्र आग्रह है कि बंधक वोट बैंक और तुष्टिकरण के खिलाफ कोई संवैधानिक व्यवस्था बनाई जानी चाहिए और मौलिक अधिकार भी खंडित नहीं होने चाहिए। (भोपाल)

धर्म सांप्रदाय

# धर्मस्थलों के अतिक्रमण हटाने में देखने में आया सांप्रदायिक सौहार्द



प्रमोद भार्गव

**अकसर** हमारे राजनेता या प्रदेश प्रमुख हिंदू एवं मुस्लिम संप्रदायों से जुड़े मंदिर एवं मस्जिदों के अतिक्रमण हटाने से भयभीत दिखाई देते हैं। इनके पीछे उनकी स्वयं की धार्मिक भावना एवं आस्था तो होती ही है, कहीं सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ न जाए, इसका डर भी मन में रहता है। अतएव ज्यादातर मुख्यमंत्री ऐसे अतिक्रमणों को हटाने से बचते हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनेक धार्मिक स्थलों एवं भू-माफिया के अतिक्रमण हटाकर एक मिसाल पेश की है। अब ऐसा ही उदाहरण मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन में पेश किया है। उन्होंने उज्जैन के केडी मार्ग चौड़ीकरण में आ रही बाधाओं को दूर करने में दृढ निर्णय के साथ सभी धर्मावलंबियों और शासन के बीच सामंजस्य बिठाकर इन अतिक्रमणों को हटाने का अनूठा उदाहरण पेश किया है। कुल 18 धार्मिक स्थलों के अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। इनमें 15 मंदिर, 2 मस्जिद और एक मजार शामिल हैं। इन्हें पीछे करने या अन्य स्थल पर स्थापित रजामंदी से किया जा रहा है। जो भी धार्मिक स्थल विस्थापित किए जा रहे हैं, उन्हें प्रशासन अपने-अपने धार्मिक विधि-विधान से प्रशासन के जरिए स्थापित कराएगा। जिन भवनों के अतिक्रमण हैं, उन्हें भवन मालिक स्वयं हटा रहे हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव पूरी तरह धार्मिक हैं, लेकिन उनमें धर्मजन्य मिथकीय जड़ता नहीं है। जब वे मुख्यमंत्री बने थे, तब उन्होंने इस पद पर असीन होने के बाद पहली बार उज्जैन में रात बिताने का निश्चय किया था। इस खबर के फैलने के बाद कथित धर्म के प्रचारकों ने प्रश्न उठाया कि राजा महाकाल की नगरी की परिधि में कोई दूसरा राजा या मुखिया रात बिताएगा तो उसे महाकाल के आक्रोश से पद गंवाना पड़ सकता है। इस पर मुख्यमंत्री यादव ने सार्थक टिप्पणी करते हुए कहा था, ''मैं तो उज्जैन का ही निवासी हूं और महाकाल भगवान की शरण में ही रहा हूं। आज मेरी जो भी राजनीतिक व अन्य उपलब्धियां हैं, वह उन्हीं की कृपा और आशीर्वाद से हैं। भगवान महाकाल का दायरा कोई उज्जैन नगर निगम तक सीमित नहीं है। वे विश्व के कण-कण में व्याप्त हैं। अतएव उन्हें मुझे दंडित करना होगा तो उज्जैन नगर की सीमा से बाहर भी दंडित कर सकते हैं। इसलिए मैं उन्हीं की शरण में उज्जैन में रात बिताऊंगा और मुझ पर उनकी कृपा भी रहेगी।'' **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

> **मुख्यमंत्री म ेहन यादव पूरी तरह धार्मिक हैं, लेकिन उनमें धर्मजन्य मिथकीय जड़ता नहीं है। जब वे मुख्यमंत्री बने थे, तब उन्होंने इस पद पर असीन होने के बाद पहली बार उज्जैन में रात बिताने का निश्चय किया था।**



## बोधि वृक्ष

### स्वर्ण मंदिर अमृतसर का इतिहास और अन्य जानकारी

**5. अमृतसर में घूमने की जगह**


अगर आप स्वर्ण मंदिर गए हैं, तो इसके आसपास आप बहुत सी खूबसूरत जगहें भी घूमने जा सकते हैं। यहां से मात्र एक घंटे की दूरी पर स्थित है वाघा बॉर्डर। यहां भारत और पाकिस्तान के बीच देशभक्ति और प्यार देखकर बहुत गर्व महसूस होता है। जबकि इसके पास आप माता देवी लाल मंदिर के भी दर्शन कर सकते हैं। स्वर्ण मंदिर से इस मंदिर की दूरी मात्र 17 मिनट की है। इसके अलावा आप अकाल तख्त देख सकते हैं। ये सिखों के पांच तख्तों में से एक है। कहा जाता है कि अमृतसर जाने वाले सिख धर्म के लोगों को अकाल तख्त जरूर जाना चाहिए। वहीं यहां का दुर्घियाना मंदिर भी देखने लायक है। इसकी पॉपुलैरिटी स्वर्ण मंदिर से कम नहीं है। इस मंदिर को लक्ष्मीनारायण



मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। ये मंदिर अमृतसर स्टेशन से मात्र 1.5 किमी की दूरी पर स्थित है। इसके अलावा आप एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित जलियांवाला बाग देख सकते हैं। यहां आप 30-40 मिनट आराम से बिता सकते हैं। यहां जाने के लिए कोई एंट्री फी नहीं है।

**(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से

**Akhilesh Singh** @akhileshsi1 · 31m

रांची में बार में हुई हत्या के पहले की फुटेज। डीजे सैंडी की हत्या करने वाले युवक को ऑरेंज कलर की टी शर्ट में देख सकते हैं। बार में बाउंसरों के द्वारा पिटाई के बाद अभिषेक सिंह देर रात राइफल लेकर आया, कोई नहीं मिला तो उसने डीजे को ही गोली मार दी।




1 3 11 283

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# शांति रक्षकों में भारत के बलिदानी सर्वाधिक



योगेश कुमार गोयल

**संयुक्त** राष्ट्र एक ऐसा अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जो अपनी स्थापना के बाद से ही विश्व शांति के साथ-साथ मानवाधिकार, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति तथा अंतरराष्ट्रीय कानूनों को सुविधाजनक बनाने के लिए कार्यरत रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 29 मई 1948 को पहला संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन स्थापित किया गया था। उस समय इजराइल तथा अरब देशों के बीच फैली अशांति को दूर करने के लिए वहां यूएन द्वारा शांति रक्षक सैनिकों की तैनाती की गई थी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा अफ्रीका, अमेरिका, एशिया, यूरोप तथा मध्य पूर्व में 71 शांति अभियानों की स्थापना की गई। दुनियाभर में शांति बहाल करने में संयुक्त राष्ट्र के शांति रक्षकों की अहम भूमिका रहती है, जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जान दांव पर लगाकर कार्य करते रहे हैं और फिलहाल विश्वभर में एक लाख से भी अधिक पुरुष व महिला बतौर शांति रक्षक यूएन के शांति अभियानों में संलग्न हैं। संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन में सबसे ज्यादा संख्या इथोपिया और बांग्लादेश के शांति रक्षकों की है और इन दोनों देशों के बाद इसमें सर्वाधिक योगदान देने वाले देशों में भारत है। फिलहाल सात हजार से भी अधिक भारतीय सैन्य और पुलिस जवान अफगानिस्तान, कांगो, हैती, लेबनान, लाइबेरिया, मध्य पूर्व, साइप्रस, दक्षिण सूडान, पश्चिम एशिया और पश्चिम सहारा में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशनों में शांति रक्षा के लिए तैनात हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2002 में प्रस्ताव संख्या ए/ईएस/57/129 के जरिये आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए पहली बार 'शांति रक्षा मिशन' को अधिकार दिए गए और 29 मई को 'शांति रक्षक दिवस' के रूप में नामित किया गया, तभी से प्रतिवर्ष इसी दिन को 'संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की अपनी कोई स्वतंत्र सेना नहीं होती और शांति रक्षा का प्रत्येक कार्य सुरक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित होता है। यूएन के शांति रक्षा कार्यों में भाग लेना वैकल्पिक होता है और कनाडा तथा पुर्तगाल ही विश्व में अब तक सिर्फ दो ऐसे देश हैं, जिन्होंने प्रत्येक शांति रक्षा अभियान में हिस्सा लिया है। शांति रक्षक दल संयुक्त राष्ट्र को उसके सदस्य देशों द्वारा प्रदान किए जाते हैं, जो प्रायः ऐसे क्षेत्रों में भेजे जाते हैं, जहां हिंसा कुछ समय पहले से बंद है ताकि वहां शांति संघ की शर्तों को लागू रखते हुए हिंसा को रोककर रखा जा सके। यूएन का शांति रक्षा मिशन इस साल अपनी 76 वीं सालगिरह मना रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव का कहना है कि दुनिया भर में हिंसक संघर्षों में फंसे लाखों लोगों के लिए शांति रक्षा एक आवश्यकता एवं आशा है तथा शांति रक्षा को और ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए जरूरत है कि हम सब मिलकर इसके लिए काम करें ताकि लोगों को सुरक्षा दी जा सके और शांति को बढ़ावा मिल सके। उनका कहना है कि वैश्विक शांति और सुरक्षा में संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा एक अहम निवेश है लेकिन इसके लिए मजबूत अंतरराष्ट्रीय संकल्प चाहिए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 'एक्शन फॉर पीस कीपिंग' पहल की शुरूआत की गई है, जिसका मूल उद्देश्य यूएन मिशनों को मजबूत, सुरक्षित और भविष्य के लिए उपयुक्त बनाना है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## टेक वर्ल्ड

### एसी खरीदने जा रहे हैं तो ध्यान रखें इन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर

एसी की बात करें तो अगर आपके पास ऐसा कैमरा है जिसमें विंडो नहीं है या ओपन एरिया नहीं है तो यहां के लिए स्प्लिट एसी काफी कारगर होता है। इसके अलावा अगर आप शोर शराबी वाले इलाके में भी रहते हैं तो आपको स्प्लिट एसी का चुनाव करना चाहिए। जिस तरीके से गर्मी पड़ रही है उसको देखकर सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि आगे वाले जून-जुलाई के महीने में और भी ज्यादा पसीने छूटने वाले हैं। हालांकि अप्रैल खत्म होते-होते लोग AC का आनंद लेना शुरू कर देते हैं, लेकिन अगर आप अब AC खरीदने जा रहे हैं तो यहां हम कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहेंगे जिससे आप सही AC का चुनाव कर सकेंगे अपने घर के लिए, क्योंकि अगर आपने बिना जानकारी के AC खरीदा तो बाद में चलकर आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**आईए जानते हैं कौन से हैं वह महत्वपूर्ण बिंदु**

अगर आप गूगल पर AC सर्च करते हैं तो आपको तमाम कंपनियों के कैटलॉग सामने दिखाई देने लग जाएंगे जिन में तरह-तरह के AC और उनके फीचर्स बताये जा रहे होंगे, और इतनी सारी इनफार्मेशन सामने आने के बाद जाहिर तौर पर आप कंफ्यूज होंगे ही कि अपने घर के लिए मुझे कौन सा AC लेना चाहिए। यहां हम आपकी मदद करते हुए कुछ पॉइंट्स बता रहे हैं। सबसे पहले है आप AC के टाइप का ध्यान रखें यानी कि किस तरीके का अउ का चुनाव करना चाहिए।

मुख्य तौर पर AC दो तरीके के वेरिएंट में आते हैं जिनमें एक स्प्लिट और एक विंडो होता है।

बता दें कि दोनों ही तरह के AC जबरदस्त होते हैं लेकिन उनके कुछ अपने फायदे और कुछ नुकसान होते हैं आईए जानते हैं कि स्प्लिट एसी किन्हे लगाना चाहिए और विंडो एसी किन्हे लगाना चाहिए।

**(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आज का राशिफल

**मेष** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृषभ** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**मिथुन** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है।

**कर्क** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**सिंह** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा।

**कन्या** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**तुला** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**वृश्चिक** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें।

**धनु** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**मकर** 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें।

**कुम्भ** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन** व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

# वीर सावरकर की जयंती पर वीडियो शेयर कर पीएम ने दी श्रद्धांजलि



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो भी शेयर किया है। जिसमें वह देश स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर के त्याग और साहस के बारे में बता रहे हैं। 1 मिनट 31 सेकंड के इस वीडियो में पीएम मोदी की आवाज में सुना जा सकता है कि 28 मई 1883 को महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की जयंती है। उनके त्याग, साहस और संकल्प शक्ति से जुड़ी गाथाएं आज भी हम सबको प्रेरित करती हैं। वीडियो में पीएम मोदी का एक पुराना भाषण भी है जिसमें वह एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कह रहे है, "वीर सावरकर को लेकर जितनी भी बातें सुनी और पढ़ी है वो एक-एक घटना दृश्य बनकर जीवंत हो जाती है, ना जाने किस मिट्टी के बने थे। उन्होंने तब हंसते-हंसते यातनाएं झेली थी। सेल्युलर जेल के कैंपस में चलते हुए ऐसा अनुभव होता है कि भारत माता के वीर सपूत समंदर की लहरों पर अपने खून-पसीने से भारत मां की जय लिख रहे हैं। वो पल-पल, तिल-तिल अपने आप को जला रहे हैं ताकि आजादी की रोशनी प्रकट हो। ये वीर सावरकर के ही संस्कार हैं जो राष्ट्रवाद को हमने राष्ट्र निर्माण के मूल में रखा है।" इसके साथ पीएम मोदी ने वीर सावरकर की जयंती श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, "मातृभूमि की सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर जी को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन।" गृह मंत्री अमित शाह ने भी वीर सावरकर की जयंती पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, "वीर सावरकर ने अपने ओजस्वी विचारों से करोड़ों युवाओं में राष्ट्रभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित करने के साथ-साथ एक राष्ट्र, एक संस्कृति के भाव को मजबूती दी। उन्होंने राष्ट्रीयता के मंत्र को आत्मसात कर तुष्टीकरण की नीतियों का डटकर विरोध किया। अंग्रेजों की असंख्य यातनाएं भी मातृभूमि के प्रति उनके संकल्प को डिगा न सकी। जीवन का एक-एक क्षण राष्ट्र के प्रति समर्पित करने वाले वीर सावरकर ने अस्पृश्यता जैसी कुरीतियों के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चलाया। एक सच्चे राष्ट्रभक्त और महान युगद्रष्टा स्वातंत्र्य वीर सावरकर जी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन।

# पटना में छात्र की हत्या मामले में एक युवक गिरफ्तार, सड़कों पर उतरे लोग

- *हमले का साजिशकर्ता पटना कॉलेज का छात्र चंदन यादव गिरफ्तार*

एजेंसी

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में सोमवार को लॉ कॉलेज में एक छात्र की पीट-पीटकर हत्या के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दूसरी तरफ इस घटना के विरोध में छात्रों ने मंगलवार को सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। सड़कों पर उतरे लोगों को हटाने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। पटना (ईस्ट) के पुलिस अधीक्षक भरत सोनी ने बताया कि छात्र हर्ष की हत्या मामले में पुलिस ने चंदन यादव को गिरफ्तार किया है। वह पटना कॉलेज का छात्र है और उसने ही मामले में लाइनर की भूमिका निभाई थी और साजिश रची थी।

उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इस पूरे मामले के सबूत इकट्ठा करने के लिए टीम को लगाया गया है। हर्ष की हत्या के विरोध में आक्रोशित छात्रों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। सड़कों पर आगजनी कर यातायात बधित करने की कोशिश की। इस दौरान कारगिल चौक पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शन कर रहे छात्रों को खदेड़ दिया। बता दें कि पटना के लॉ कॉलेज परिसर में सोमवार की दोपहर बदमाशों ने बीएन कॉलेज के छात्र हर्ष राज (22) की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। घटना के वक्त बीए अंतिम वर्ष का छात्र हर्ष परीक्षा देकर बाहर निकला था। पहले से घात लगाए नकाबपोश बदमाशों ने छात्र पर लाठी-डंडे और ईंट से हमला बोला। इससे छात्र के सिर में गंभीर चोटें आई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित फरार हो गए।



**आक्रोशित छात्रों ने आगजनी कर यातायात बाधित की**

> *जब से एनडीए की सरकार आई है, लॉ एंड ऑर्डर बद से बदतर होता जा रहा है। इन लोगों का प्रशासन पर कोई कंट्रोल नहीं रह गया है। छात्र के परिवार के प्रति हमारी पूरी संवेदना है। लेकिन दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। जल्द से जल्द गिरफ्तारी भी होनी चाहिए।*
>
> ***तेजस्वी यादव, नेता प्रतिपक्ष***

### डांडिया विवाद में कराई हत्या

गरफ्तार चंदन यादव पटना कॉलेज में बीए फाइनल इयर का छात्र है और जैक्सन हॉस्टल में रहता है। पूछताछ के दौरान चंदन यादव ने पुलिस को बताया है कि मिलर हाई स्कूल में डांडिया नाइट कार्यक्रम के दौरान उसका विवाद हुआ था और उसी विवाद में इस वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। हर्ष राज ने पिछले साल पटना के मिलर हाई स्कूल में डांडिया नाइट का आयोजन किया था। इस आयोजन में पटना विश्वविद्यालय के सैकड़ों छात्र शामिल हुए थे।

## सेक्स स्कैंडल : सांसद प्रज्वल की गिरफ्तारी पर एसआईटी लेगी फैसला



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि जेडीएस सांसद और सेक्स वीडियो मामले के मुख्य आरोपी प्रज्वल रेवन्ना को उनके भारत आगमन पर हवाई अड्डे पर गिरफ्तार करने का निर्णय विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा लिया जाएगा। गौरतलब है कि एक वीडियो जारी कर दावा किया गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना 31 मई को एसआईटी के समक्ष पेश होंगे। गृहमंत्री परमेश्वर ने कहा, हमने सभी आवश्यक कदम उठाए हैं। केंद्र सरकार को लिखा है, वारंट जारी किया गया है और विदेश मंत्रालय को सूचित किया गया है। ब्लू कॉर्नर नोटिस भी जारी कर दिया गया है। यदि वह वापस नहीं आता है, तो उसका पता लगाया जाएगा और इंटरपोल हस्तक्षेप करेगा।"

## रणजीत हत्याकांड में गुरमीत राम रहीम दोष मुक्त करार



**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उसे रणजीत सिंह मर्डर केस में दोषमुक्त कर दिया है। 2021 में पंचकूला की सीबीआई कोर्ट ने उसे रणजीत सिंह हत्या मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। जिसे बाद में गुरमीत ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। मंगलवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सीबीआई कोर्ट द्वारा सुनाए गए फैसले को पलटते हुए गुरमीत राम रहीम द्वारा पेश की गई सभी दलीलों को सही ठहराया और उसे दोषमुक्त कर दिया। इसे गुरमीत के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। बता दें कि रणजीत सिंह सिरसा डेरे का पूर्व मैनेजर था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एक शक की वजह से 22 साल पहले उसकी हत्या कर दी गई थी। वो हरियाणा के कुरुक्षेत्र का रहने वाला था। उसकी हत्या 10 जुलाई 2002 को गोली मारकर कर की गई थी।

## केजरीवाल की जमानत 7 दिन बढ़ाने पर तत्काल सुनवाई की मांग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से अपील की कि उनके द्वारा दायर अंतरिम जमानत को बढ़ाने वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई की जाय। केजरीवाल ने मेडिकल जांच के लिए अंतरिम जमानत सात दिन और बढ़ाने की मांग की है। सीएम केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने जस्टिस जेके माहेश्वरी और केवी विश्वनाथन की वेकेशन बेंच से तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया। सिंघवी ने कहा, "इसकी तत्काल जरूरत है क्योंकि 20 दिन की अंतरिम जमानत समाप्त हो रही है और मेडिकल टेस्ट करवाना भी बेहद जरुरी है। मैं सिर्फ अंतरिम जमानत को सात दिन बढ़ाने की ही मांग कर रहा हूं।" इस पर, जस्टिस माहेश्वरी ने कहा कि जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली एक अन्य पीठ ने 17 मई को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था और आवेदन को भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के पास भेजना उचित होगा। हम आपके आवेदन को माननीय मुख्य न्यायाधीश के पास भेजेंगे। सीएम केजरीवाल 1 जून तक अंतरिम जमानत पर हैं।

### अदालत ने उमर खालिद की जमानत याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगा मामले में जेल में बंद उमर खालिद को एक बार फिर अदालत से झटका लगा है। दिल्ली की एक अदालत ने उमर खालिद की जमानत याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया। दिल्ली दंगे की साजिश के आरोपों को लेकर उमर खालिद की गिरफ्तारी हुई थी। खालिद की जमानत याचिका की अर्जी दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट में लगाई गई थी। जहां से उसे झटका लगा है। बता दें कि दिल्ली कोर्ट ने यूएपीए के तहत दिल्ली दंगों की बड़ी साजिश रचने के मामले में आरोपी उमर खालिद को जमानत देने से इनकार कर दिया।

## इजराइल में हमास के हमले के लिए ईरान चीन और रूस जिम्मेदार : निक्की हेली

एजेंसी

**तेल अवीव।** अमेरिका की रिपब्लिकन पार्टी की नेता और संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी दूत निक्की हेली ने पिछले साल सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में हमास के हमले के लिए ईरान, चीन और रूस को जिम्मेदार ठहराया है। हमले में 1,200 लोग मारे गए थे और 250 को बंधक बना लिया गया था। इजराइल के दौरे पर गईं निक्की हेली ने सोमवार को एक बयान में कहा कि ईरान ने रूसी खुफिया जानकारी के आधार पर हमले की साजिश रची। चीन ने पूरे ऑपरेशन को आर्थिक मदद पहुंचाई। निक्की हेली ने कहा, "वे सभी हत्यारे और सहयोगी हैं। हमें ऐसी घटना को दोबारा होने से रोकने के लिए खुद के प्रति ईमानदार होगा। उन्होंने यह भी कहा, अगर अमेरिका आत्मसंतुष्ट और अहंकारी हो गया, तो वहां भी यही होगा। हालांकि, निक्की हेली ने घटना में चीन और रूस के शामिल होने का कोई सबूत नहीं दिखाया। गौरतलब है कि पिछले साल सात अक्टूबर के हमले के बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मास्को में हमास नेताओं की मेजबानी की थी। रूसी उप विदेश मंत्री मिखाइल बोगदानोव ने ईरान के उप विदेश मंत्री अली बघेरी कानी के साथ रूस गए हमास नेता मूसा अबू मरजौक, हमास के अंतर्राष्ट्रीय संबंध कार्यालय के प्रमुख और हमास के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बसेम नईम से मुलाकात की थी। रिपब्लिकन नेता निक्की हेली ने दक्षिणी इजराइल का दौरा किया। वह सात अक्टूबर को हमास के हमले में नष्ट सेडेरोट पुलिस स्टेशन भी गईं।



### रफा हमले के बाद इजरायल से कोई बातचीत नहीं : हमास

**गाजा।** गाजा के सबसे दक्षिणी शहर रफा पर इजरायल के हमले के बाद हमास ने कथित तौर पर मध्यस्थों को बता दिया है कि वह युद्ध विराम या कैदी विनिमय समझौते पर कोई बातचीत नहीं करेगा। हमास के एक सूत्र के हवाले से बताया कि यह निर्णय इजरायली सेना द्वारा रफा के उत्तर-पश्चिम में विस्थापित नागरिकों को निशाना बनाने और दर्जनों को मारने और घायल करने के जवाब में लिया गया है। सूत्र ने यह भी कहा कि हमास को बातचीत फिर से शुरू करने के बारे में मिस्र या कतर में मध्यस्थों से कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को एक प्रेस बयान में कहा कि रफा शहर के पास विस्थापित लोगों के टेंट पर इजरायली हवाई हमलों में बच्चों और महिलाओं सहित कम से कम 45 फिलिस्तीनी मारे गए।

## अमेरिका में तूफान से अब तक 20 लोगों की गई जान



एजेंसी

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका में पिछले सप्ताह के अंत में आए तूफान से अब तक कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई है। तूफान का सबसे ज्यादा प्रभाव टेक्सास, अर्कांसस, ओक्लाहोमा और केंटुकी राज्य में पड़ा है। तूफान ने टेक्सास में भारी तबाही मचाई। राज्य के कुक काउंटी में तूफान की चपेट में आकर कुछ मकान धराशाई हो गए। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि राज्य में अब तक सात लोगों के मारे जाने और 100 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। अर्कांसस की गवर्नर सारा हुकाबी सैंडर्स ने रविवार रात बेंटन काउंटी शेरिफ कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में राज्य में तूफान से आठ लोगों के मारे जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि तूफान के कारण भारी मात्रा में संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा है। कई मकान ढह गए और पेड़ गिर पड़े। केंटुकी में, लुइसविले के मेयर क्रेग ग्रीनबर्ग ने शनिवार रात आए तूफान के बाद एक शख्स के मारे जाने की पुष्टि की। मर्सर काउंटी आपातकालीन प्रबंधन निदेशक ब्रैड कॉक्स के अनुसार, मर्सर काउंटी, केंटकी में एक और व्यक्ति की मौत हुई है। केंटुकी के गवर्नर एंडी बेशियर ने भी एक और व्यक्ति के मारे जाने की बात कही। उन्होंने केंटुकी की पांच काउंटियों में आपातकाल की घोषणा की है।

## रेमल का प्रकोप / मिजोरम, असम व प. बंगाल में भारी बारिश के चलते तबाही


# पत्थर खदान ढहने से 12 की मौत, कई लापता

एजेंसी

**आइजोल।** मिजोरम के आइजोल जिले में मंगलवार को चक्रवात रेमल के कारण हुई लगातार बारिश से एक पत्थर की खदान ढह गई। इस हादसे में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और कई लोगों के लापता होने की भी खबर है। वहीं असम में भी भारी बारिश से काफी तबाही हुई है। आपदा प्रबंधन और पुलिस अधिकारियों ने आइजोल हादसे की जानकारी देते हुए कहा कि अब तक दस शव बरामद किए जा चुके हैं और कई अन्य लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं। जिला प्रबंधन के अधिकारी व कर्मी, पुलिस व अन्य स्थानीय लोग फंसे हुए लोगों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं। एक आपदा प्रबंधन अधिकारी ने कहा कि भारी बारिश और तेज हवा से बचाव कार्यों में परेशानी आ रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि मलबे के नीचे कितने लोग फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पीड़ितों में से सात स्थानीय हैं, जबकि बाकी लोग राज्य के बाहर के हैं। वहीं कई अन्य जिलों से बारिश के कारण भूस्खलन की खबरें सामने आ रही हैं, अन्य जगहों पर कम से कम दो लोगों की मौत हुई है। जिलों के बीच वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई है। भारी भूस्खलन और भारी बारिश के कारण कई इमारतें, घर, सड़कें और पुल बह गए हैं।

वहीं, रेमल तूफान ने पश्चिम बंगाल, असम और बांग्लादेश में भी तबाही मचा दी है। इसकी वजह से बंगाल से लेकर बांग्लादेश में लोगों को भारी बारिश का सामना करना पड़ रहा है। रेमल तूफान बांग्लादेश के तट से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से टकराया। वहीं रेमल तूफान की वजह से हुई भारी बारिश से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

रेमल का असम पर भी व्यापक आर पड़ा है। रविवार की रात से भारी से बहुत भारी बारिश हो रही है। तूफान के कारण सोमवार की रात से ही राजधानी गुवाहाटी समेत राज्य के अधिकांश जिलों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित है। वहीं, तूफान का असर इंटरनेट पर भी पड़ा है।



### राष्ट्रपति ने लोगों की मौत पर दुख जताया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को मिजोरम में आइजोल के पास पत्थर की खदान ढहने से लोगों की मौत पर दुख जताया है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं बचाव और राहत कार्यों की सफलता के लिए प्रार्थना करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।



# चारधाम यात्रा में अब तक 62 तीर्थयात्रियों की मौत

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड चारधाम यात्रा शुरू होने के 19 दिन में 62 तीर्थयात्रियों ने दम तोड़ दिया है। इसमें सबसे ज्यादा 30 तीर्थयात्रियों की मौत केदारनाथ में हुई है। अधिकतर तीर्थयात्रियों की मौत हार्टअटैक और पल्मोनरी एडिमा (फेफड़ों के वायु कोशिकाओं में तरल पदार्थ की मात्रा अधिक होने) के कारण हुई है। चारधाम बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री यमुनोत्री उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्थित है, जहां पर ठंड के साथ ऑक्सीजन की कमी से सांस से संबंधित दिक्कतें आती हैं। 10 मई से शुरू हुई चारधाम यात्रा में 19 दिनों में हृदय गति रुकने, पल्मोनरी एडिमा, हाईपोथर्मिया (शरीर का तापमान कम होने पर हृदय गति रुक जाती है) और सिर पर गंभीर चोट से अब तक 62 तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र देहरादून की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार अब 12,27,545 तीर्थयात्री चारधाम यात्रा पर आ चुके हैं। चारधाम यात्रा को लेकर रुद्रप्रयाग जनपद के प्रभारी सचिव और स्वास्थ्य सचिव डॉ आर. राजेश ने बताया कि यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की नियमित स्क्रीनिंग की जा रही है। स्वास्थ्य जांच में जिन श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य ठीक नहीं है उन्हें डॉक्टर यात्रा न करने की सलाह दे रहे हैं।



**मृतकों की संख्या-**

| | |
|---|---|
| केदारनाथ : 30 | गंगोत्री : 03 |
| बदरीनाथ : 16 | कुल- 62 |
| यमुनोत्री : 13 | ------- |

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग के एक सीजन में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड तोड़ा




**एजेंसी। रियाद**

पुर्तगाल और अल नासर के स्टार के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग के एक सीजन में सबसे अधिक गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया है। सऊदी प्रो लीग मैच में सोमवार को रोनाल्डो ने पहले हाफ के स्टॉपेज समय में और बाद में 69वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को अल इत्तिहाद के खिलाफ 4-2 से जीत दिला दी।

इन दो गोलों के साथ, मौजूदा सऊदी प्रो लीग सीजन में रोनाल्डो के गोलों की संख्या कुल 35 गोल तक पहुंच गई, जिससे उन्होंने 2018-19 सीजन में मोरक्को के अब्देर्राजक हमदल्ला द्वारा बनाए गए 34 गोलों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

रिकॉर्ड तोड़ने के बाद उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैं रिकॉर्ड्स का अनुसरण नहीं करता, रिकॉर्ड मेरा अनुसरण करते हैं।

शुक्रवार को किंग कप के फाइनल में जब अल नासर का सामना अजेय टीम अल-हिलाल से होगा तो रोनाल्डो एक्शन में दिखेंगे।

क्लब ने दिसंबर 2022 में रोनाल्डो के साथ अनुबंध किया। ईएसपीएन के अनुसार, 37 वर्षीय खिलाड़ी को प्रति वर्ष 75 मिलियन डॉलर मिल रहे हैं, जिससे वह इतिहास में सबसे अधिक भुगतान पाने वाले फुटबॉलर बन गए हैं।

रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ दो बार काम किया है। क्लब के साथ उनका पहला कार्यकाल 2003-09 तक रहा। उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में क्लब के लिए 196 मैच खेले और 84 गोल किये। उन्होंने उनके साथ तीन प्रीमियर लीग खिताब और एक यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब जीता।

इसके बाद वह 2009 से 2018 तक रियल मैड्रिड में रहे और क्लब के इतिहास में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने टीम के साथ अपने नौ अविश्वसनीय रूप से सफल सीजन बिताए। इस दौरान उन्होंने ला लीगा चैंपियनशिप और चार चैंपियंस लीग भी जीती। 292 मैचों में, उन्होंने उनके लिए 311 गोल किए।

मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए उनका दूसरा कार्यकाल 2021-22 में आया, जिसमें उन्होंने 40 मैचों में 19 गोल किए।

रोनाल्डो ने 2018-21 तक जुवेंटस में तीन साल बिताए। जुवेंटस के लिए, उन्होंने 98 मैचों में 81 गोल किए। उनके साथ, उन्होंने दो सीरी ए (शीर्ष इतालवी लीग) खिताब जीते।

# भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी सिंधु

**एजेंसी। कल्लांग**


भारत की शीर्ष शटलर, पीवी सिंधु आज से शुरू हो रहे सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2024 बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूनामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी। हाल ही में कुआलालंपुर में मलेशिया मास्टर्स में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद सिंधु सिंगापुर में अपने खिताबी सूखे को समाप्त करना चाहेंगी। पुरुष युगल स्पर्धा में भारत के चिराग शेट्टी/सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी पर सभी की निगाहें होंगी, जो फ्रेंच और थाईलैंड ओपन के बाद सीजन के अपने तीसरे खिताब की तलाश में हैं। मौजूदा ओलंपिक एकल चैंपियन विक्टर एक्सेलसेन और चेन युफेई बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूनामेंट में शीर्ष वैश्विक सितारों के विश्व स्तरीय वर्गीकरण का नेतृत्व करेंगे।



पेरिस 2024 ग्रीष्मकालीन खेलों में अपने ओलंपिक ताज का बचाव करने की राह पर, एक्सेलसेन ने रविवार को फाइनल में मलेशियाई ऐस ली जी जिया को हराकर मलेशिया मास्टर्स पुरुष एकल खिताब जीता। एक्सेलसन अपने अभियान की शुरूआत राष्ट्रमंडल खेलों के मौजूदा चैंपियन भारत के लक्ष्य सेन के खिलाफ करेंगे। वहीं, विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में दसवें स्थान पर काबिज ली की नजरें इस महीने थाईलैंड और मलेशिया में खिताब के निर्णायक मुकाबले में जगह बनाने के बाद फाइनल की हैट्रिक पर होगी। दो बार के मौजूदा सिंगापुर ओपन पुरुष एकल चैंपियन एंथनी सिनिसुका गिंटिंग इस साल की प्रतियोगिता के लिए सातवीं वरीयता प्राप्त होंगे, जबकि उनके इंडोनेशियाई हमवतन मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन जोनाथन क्रिस्टी, तीसरी वरीयता प्राप्त हैं। पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू से होगा, जो अपने शुरूआती मैच में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के लू गुआंगजू से भिड़ेंगे। महिला वर्ग में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चेन और रियो 2016 की स्वर्ण पदक विजेता कैरोलिना मारिन को क्रमशः दूसरी और तीसरी वरीयता दी गई है। कोरिया गणराज्य की एन सेयॉन्ग को शीर्ष वरीयता मिली है। ताई त्जु-यिंग को चौथी वरीयता दी गई थी, लेकिन चीनी ताइपे स्टार ने अपना नाम वापस ले लिया है।

## निशानेबाजों ने शीर्ष राइफल कोच पर लगाया बंदूक से छेड़छाड़ का आरोप

**नई दिल्ली।** एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कोच पर कुछ निशानेबाजों के अभिभावकों ने उनकी राइफलों के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है जिसका राष्ट्रीय महासंघ ने खंडन किया है। कथित तौर पर प्रभावित एक निशानेबाज के अभिभावक ने गोपनीयता की शर्त पर मंगलवार को पीटीआई को बताया कि कोच ने उनके बेटे की राइफल से छेड़छाड़ कर दी थी जिसके कारण उन्हें नए उपकरण खरीदने पड़े। उन्होंने हालांकि कोच की पहचान बताने से भी इंकार कर दिया। इस निशानेबाज के पिता ने कहा, ह्यकोच ने मेरे बेटे की बंदूक को खराब कर दिया, इस कारण हमें नई बंदूक खरीदनी पड़ी।



# हार्दिक ने काफी मुश्किल समय देखा है, चाहता हूं कि टी20 विश्व कप में अच्छा करें : हरभजन सिंह

**चेन्नई ।** हार्दिक पांड्या के लिए पिछले दो महीने काफी मुश्किल भरे रहे हैं और उन से हमदर्दी रखने वाले पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह चाहते हैं कि यह भारतीय हरफनमौला आगामी टी20 विश्व कप में अपने प्रभावी प्रदर्शन से इस बुरे समय को पीछे छोड़े। हार्दिक की कप्तानी में मुंबई इंडियंस का इंडियन प्रीमियर लीग में प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। टीम तालिका में 10वें पायदान पर रही और इस दौरान वह खुद गेंद और बल्ले से प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। उनके लिए चीजें उस समय और मुश्किल हो गयी जब स्टेडियम के अंदर दर्शक उनके खिलाफ हूटिंग करने लगे। हरभजन को हालांकि उम्मीद है कि अमेरिका में टी20 विश्व कप के दौरान चीजें बदलेंगी। उन्होंने इंटरव्यू में कहा, जब वह नीली जर्सी (भारतीय टीम की जर्सी) पहनेगा तो वह एक अलग हार्दिक पांड्या होगा क्योंकि हम जानते हैं कि वह रन बना सकता है और विकेट ले सकता है। मैं चाहता हूं कि हार्दिक अच्छा प्रदर्शन करें क्योंकि वह बहुत कुछ झेल चुका है और मैं उन्हें भारत के लिए बहुत अच्छे टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं देता हूं।'

## टी20 विश्व कप में इन 5 युवा क्रिकेटरों पर रहेंगी सबकी नजरें



भारत के होनहार युवा बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय निरंतरता दिखा रहे हैं। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और दबाव में पारी बनाने की क्षमता ने उन्हें एक विश्वसनीय खिलाड़ी के रूप में ख्याति दिलाई है।



इंग्लैंड के हैरी ब्रुक (बल्लेबाज) 23 वर्षीय बल्लेबाज ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी शैली से काउंटी चैंपियनशिप में तहलका मचा दिया है।



अफगानिस्तान के नूर अहमद (विकेटकीपर-बल्लेबाज)19 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ने पहले ही घरेलू टूर्नामेंटों में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी शैली से सभी को प्रभावित किया है।



बांग्लादेश के तौहीद हृदयोय (बल्लेबाज) बाएं हाथ का यह युवा बल्लेबाज हाल के बांग्लादेश प्रीमियर लीग सीजन में बेहतरीन फॉर्म में है। वह अपने शानदार स्ट्रोकप्ले और बड़ी पारी खेलने में महीर है।



कनाडा के कंवरपाल ताथगुर दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने अपनी तेज और स्विंग गेंदबाजी से ध्यान खींचा है। वह इस साल आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप में कनाडा के लिए एक आश्चर्यजनक हथियार हो सकते हैं।

## चोटों के बावजूद भारत सबसे मजबूत टीम : मोर्गन

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन का मानना है कि भारत का प्रतिभा का भंडार और टीम के भीतर जबरदस्त गहराई उन्हें आगामी टी20 विश्व कप जीतने का प्रबल दावेदार बनाती है। भारत लगभग उसी टीम के साथ उतर रहा है जो पिछले टी20 विश्व कप में खेली थी। हालांकि युवा यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है। मोर्गन ने कहा, चोटों के बावजूद टूर्नामेंट में भारतीय टीम सबसे मजबूत है। उनकी मजबूती और गइराई शानदार है।' उन्होंने कहा, वे मेरे लिए प्रबल दावेदार हैं, कागजों पर उनका स्तर। अगर वे मैदान पर भी ऐसा करते हैं तो मुझे लगता है कि वे टूनामेंट में किसी को भी आसानी से हरा सकते हैं।

## बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया ए से भिड़ेगा भारत ए

**एजेंसी। मेलबर्न**

भारत ए' इस साल के अंत में प्रतिष्ठित बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया ए' के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच खेलेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मंगलवार को यह घोषणा की। सीए ने कहा कि ये मुकाबले 31 अक्टूबर से तीन नवंबर तक मैकाय के ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और सात से 10 नवंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में खेले जाने हैं। इन अभ्यास मैचों से दोनों टीम के उभरते हुए खिलाड़ियों को टेस्ट टीम में जगह बनाने की दावेदारी पेश करने का मौका मिलेगा। सीए के क्रिकेट संचालन और कार्यक्रम प्रमुख पीटर रोच ने कहा, नवीनीकृत ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और एमसीजी में इन ए मैचों की मेजबानी इन ए' मैचों को महत्वपूर्ण दर्जा देती है और दोनों टीम के खिलाड़ियों को चयन के लिए दावा मजबूत करने का शानदार अवसर प्रदान करेगी।' भारतीय टीम 17 नवंबर से वाका मैदान पर आपस में टीम बनाकर तीन दिवसीय मैच खेलेगी। भारत ने 2020-21 में अपने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे पर भी ऑस्ट्रेलिया ए' के खिलाफ मैच खेले थे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुरूआती टेस्ट 22 नवंबर से पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में होने वाला है।



# बीसीसीआई को मुख्य कोच पद के लिए मिले मोदी, सचिन व धोनी के आवेदन

**मिले तीन हजार से भी अधिक फर्जी आवेदन**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद समाप्त होने वाला है। ऐसे में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस महीने की शुरूआत में टीम इंडिया के हेड कोच पद के लिए आवेदन खोले थे जिसके आवेदन की अंतिम तिथि 27 मई थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई को मुख्य कोच पद के लिए 3000 से अधिक के फर्जी आवेदन मिले हैं जिसमें भारत के मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी सहित गॉड ऑफ क्रिकेट सचिन तेंदुलकर तक शामिल हैं। पिछले साल भी बीसीसीआई को ऐसी प्रतिक्रिया मिली थी, जहां धोखेबाजों ने आवेदन किया था और इस बार भी कहानी कुछ ऐसी ही है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने एक मीडिया हाउस से कहा, 'बीसीसीआई को गूगल फॉर्म पर आवेदन आमंत्रित करने का कारण यह है कि एक ही शीट पर आवेदकों के नामों की जांच करना आसान है।'



यह ध्यान देने वाली बात है कि यह पहली बार नहीं है जब बीसीसीआई को ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा है। 2022 में, बीसीसीआई ने मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए और उन्हें सेलिब्रिटी नामों का इस्तेमाल करने वाले धोखेबाजों से 5000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। लेकिन उन्हें ये आवेदन मेल के जरिए मिले और 2024 में उन्होंने गूगल फॉर्म पर आवेदन प्राप्त करने का विकल्प चुना। बीसीसीआई ने पुष्टि की कि नया भारतीय मुख्य कोच 2027 के वनडे विश्व कप तक काम करेगा। बीसीसीआई ने 13 मई को टीम इंडिया की पुरुष सीनियर टीम के मुख्य कोच की भूमिका के लिए आवेदन खोलते समय स्पष्ट किया था कि वह व्यक्ति 2027 के विश्व कप तक सभी प्रारूपों में कोच के रूप में काम करेगा जो 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाएगा।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# ज्यादा टीडीएस कटौती से बचने के लिए 31 तक पैन को आधार से जोड़ें करदाता : आयकर विभाग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आयकर विभाग ने करदाताओं को ऊंची दर पर कर कटौती से बचने के लिए 31 मई, 2024 तक स्थायी खाता संख्या (पैन) को आधार से जोड़ने की सलाह दी है।

आयकर विभाग ने मंगलवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा, ह्यऊंची दर पर कर कटौती से बचने के लिए कृपया 31 मई, 2024 से पहले अपने स्थायी खाता संख्या (पैन) को आधार से जोड़ें, यदि आपने पहले से नहीं किया है। आयकर नियम के मुताबिक यदि पैन बायोमेट्रिक आधार से जुड़ा नहीं है, तो लागू दर से दोगुनी दर पर टीडीएस काटा जाना आवश्यक है। विभाग ने एक अन्य पोस्ट में बैंकों, विदेशी मुद्रा डीलर सहित रिपोर्टिंग संस्थाओं को दंड से बचने के लिए 31 मई, 2024 तक निर्दिष्ट वित्तीय लेनदेन का विवरण (एसएफटी) दाखिल करने को भी कहा है। आयकर विभाग ने कहा कि एसएफटी दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित है। ऐसे में सही और समय पर दाखिल अपना एसएफटी दाखिल कर दंड से बचें।




उल्लेखनीय है कि आयकर विभाग ने पिछले महीने एक परिपत्र जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि यदि निर्धारित तारीख 31 मई, 2024 तक अपने पैन को आधार से जोड़ा जाता है तो कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। इसके साथ ही एसएफटी अंतिम तिथि 31 मई, 2024 तक दाखिल करने की अपील की थी।

**क्या होता है टीडीएस**

**स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) किसी व्यक्ति के खाते में राशि जमा होने से पहले उसके वेतन से काटा गया टैक्स है। इसको सरल शब्दों में आप कह सकते हैं कि टीडीएस एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें किसी व्यक्ति से उसके वेतन या अन्य आय के स्रोत पर कर लिया जाता है। टीडीएस का उद्देश्य आयकर का संग्रह करना और कर चोरी को रोकना है।**

## फिनटेक नेताओं ने यूपीआई में भारत के अग्रणी होने पर पीएम मोदी को सराहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

फिनटेक नेताओं ने सोमवार को भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) में अग्रणी होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि देश का फिनटेक परिदृश्य अब नवाचार का केंद्र बन गया है, जो देश की निडर भावना को दशार्ता है। आईएएनएस के साथ पीएम मोदी की विशेष बातचीत पर प्रतिक्रिया देते हुए रेजरपे के सीओओ राहुल कोठारी ने कहा, आज, यूपीआई ग्राहकों के लिए भुगतान का आम और पसंदीदा तरीका बन गया है। कोठारी ने कहा, न्यू नॉर्मल की स्थिति न केवल भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए आशाजनक प्रक्षेपवक्र को दशार्ती है, बल्कि हमारे नागरिकों द्वारा डिजिटल भुगतान में दिखाए गए अपार भरोसे के बारे में भी बताती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपीआई जैसे डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) मॉडल से प्रेरित होकर देश अब वैश्विक फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र का नेतृत्व कर रहा है और कई देश जनता को सशक्त बनाने के लिए 'इंडिया स्टैक' समाधान अपनाने के लिए तैयार हैं। यूपीआई प्लेटफॉर्म ने वित्तवर्ष 23 में 139 लाख करोड़ रुपये के 8,376 करोड़ लेनदेन की तुलना में वित्तवर्ष 24 में 13,115 करोड़ के लेनदेन संसाधित किए, जिसका कुल मूल्य लगभग 200 लाख करोड़ रुपये था।

बीएलएस ईसर्विसेज के सीओओ लोकनाथ पांडा ने आईएएनएस को बताया कि सुदूर गांवों में भी छोटे व्यापारी अपनी सुविधा और दक्षता के लिए डिजिटल भुगतान में निवेश कर रहे हैं।

## 80 प्रतिशत भारतीय नियोक्ता मानते हैं, टेक्नोलॉजी से मिली मदद



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में करीब 80 फीसदी नियोक्ता मानते हैं कि टेक्नोलॉजी ने उन्हें ज्यादा लचीला बनने में मदद की है, जिससे लैंगिक समानता को बढ़ावा मिला है। यह खुलासा ग्लोबल स्टाफिंग फर्म मैनपावरग्रुप इंडिया की रिपोर्ट में हुआ है, जो भारत में विभिन्न उद्योगों और संगठनों के विभिन्न स्तरों पर डाइवर्सिटी (विविधता), इक्विटी (समानता), समावेश (इंक्लूजन) पहल पर किए गए सर्वे पर आधारित है। सर्वे में 3 हजार 150 भारतीय नियोक्ताओं को शामिल किया गया। नतीजा निकला कि ज्यादातर नियोक्ता प्रगतिशील नीतियों, स्किल बढ़ाने और लचीलेपन के माध्यम से समानता को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय कदम उठा रहे हैं। करीब 77 फीसदी नियोक्ताओं ने कहा कि एडवांस टेक्नोलॉजी लैंगिक समानता में मदद कर रही है। 74 फीसदी का कहना था कि एडवांस टेक्नोलॉजी आईटी कंपनियों को पेशेवरों को जोड़ने में मदद करती है। जबकि 70 फीसदी का दावा था कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल के कारण बेहतर कैंडिडेट मिलते हैं। इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) सेक्टर (58 प्रतिशत) कंपनियों के विविधता अनुपात को मजबूत करने में सबसे आगे है। इसके बाद हेल्थकेयर और लाइफ साइंस सेक्टर (54 प्रतिशत) और फाइनेंशियल एंड रियल एस्टेट सेक्टर (54 प्रतिशत) का स्थान है, लेकिन कंज्यूमर गुड्स और सर्विस सेक्टर (34 प्रतिशत) पीछे है। मैनपावरग्रुप इंडिया और मिडिल ईस्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप गुलाटी ने कहा, भारत की लैंगिक विविधता दुनिया भर में सबसे अच्छी है। संदीप गुलाटी ने कहा कि टेक्नोलॉजी ने लचीलेपन को संभव बनाया है। कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने इस बात पर भी विश्वास जताया कि यदि काम करने वालों में ज्यादा से ज्यादा महिलाएं शामिल की जाएं तो भारत तेजी से विकास कर सकता है।

## 29,000 करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड की नीलामी 31 मई को होगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त मंत्रालय ने सोमवार को 31 मई को मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित की जाने वाली नीलामी के जरिए तीन लॉट में 29,000 करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्?ड की बिक्री की घोषणा की। पहले लॉट में कई मूल्य विधियों का उपयोग करके उपज-आधारित नीलामी के जरिए 12,000 करोड़ की अधिसूचित राशि के लिए नई सरकारी प्रतिभूति 2029 शामिल है। 6,000 करोड़ रुपये मूल्य की न्यू जीओआई एसजीआरबी 2034 की दूसरी खेप भी मल्टीपल प्राइस पद्धति का उपयोग करके नीलाम की जाएगी, जबकि 11,000 करोड़ मूल्य की 7.34 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति 2064 का तीसरा सेट मल्टीपल मूल्य पद्धति का उपयोग करके मूल्य आधारित नीलाम किया जाएगा। सरकार के पास तीनों प्रतिभूतियों में से प्रत्येक के बदले 2,000 करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त सदस्यता बरकरार रखने का विकल्प होगा।

# यूजर्स का डेटा शेयर करने के मस्क के दावे पर व्हाट्सएप चीफ बोले- ये सही नहीं है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

व्हाट्सएप चीफ विल कैथकार्ट ने मंगलवार को यूजर्स का डेटा शेयर करने के एलन मस्क के दावे का खंडन करते हुए कहा कि ये जानकारी बिल्कुल गलत है।

बता दें, पिछले हफ्ते मस्क की ओर से सोशल मीडिया एक्स पर की गई एक पोस्ट में लिखा गया था कि व्हाट्सएप हर रात अपने यूजर्स के डेटा को एक्सपोर्ट करता है, लेकिन लोग अभी भी ये सोचते हैं कि ये पूरी तरह से एक सुरक्षित प्लेटफॉर्म है। व्हाट्सएप प्रमुख की ओर से इस दावे का पूरी खंडन किया गया है। उसने मस्क की आलोचना करते हुए कि उनका दावा पूरी तरह से गलत है। कैथकार्ट ने कहा, कई लोगों की ओर से ऐसा पहले भी कहा जा चुका है, लेकिन मैं आप सभी को दोबारा बताना चाहता हूं कि ये जानकारी सही नहीं हैं। हम यूजर्स की सुरक्षा को प्राथमिकता पर लेते हैं और इस वजह से हम सभी मैसेज को एंड-टू-एंड इंक्रिप्ट करते हैं। हर रात वे सभी मैसेज हमारे पास नहीं आते हैं। आगे कैथकार्ट ने यूजर्स को सलाह देते हुए कहा कि अगर आप अपने मैसेज का बैकअप करना चाहते हैं तो आप अपने क्लाउड प्रदाता की सेवाओं का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें भी आपको एंड-टू-एंड इंक्रिप्शन मिलेगा।



कई सोशल मीडिया यूजर्स की ओर से कैथकार्ट की पोस्ट का जवाब दिया गया। एक यूजर ने लिखा कि मस्क ने मैसेज के बारे में कुछ नहीं कहा है, वे तो सिर्फ डेटा के बारे में कह रहे थे।




# आदिवासी बेटियों को निशाना बनाने वालों को पोस रही झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

भाजपा प्रत्याशी व शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा में पीएम मोदी ने कहा कि झारखंड में एक बड़ा संकट घुसपैठियों का हो गया है। हमारा संथाल परगना तो घुसपैठियों की बड़ी चुनौती से जूझ रहा है। इसका परिणाम क्या हो रहा है? कई इलाकों में घुसपैठियों की संख्या बढ़ रही है और आदिवासियों की संख्या घट रही है। घुसपैठियों के कारण यहां की बेटियों की जिंदगी खतरे में है। वे आदिवासियों की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। 50-50 टुकड़े करके बेटियों की हत्या हो रही है। किसी को आग में झोंक दिया जा रहा है तो किसी की जुबान खींच ली जा रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासी बेटियों को निशाना बनाने वालों को यहां की जेएमएम सरकार पाल-पोस रही है। इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि इनका फामूर्ला है कि घोर सांप्रदायिक राजनीति करो, तुष्टीकरण करो, अलगाववादियों को संरक्षण दो, वोट जिहाद की बात करो।

*घुसपैठियों के कारण बेटियों की जिंदगी खतरे में, 50-50 टुकड़े कर हो रही बेटियों की हत्या*

*संथाल परगना के कई इलाकों में घुसपैठियों की संख्या बढ़ रही और आदिवासियों की संख्या घट रही*



### झामुमो ने जमीन हड़पने के लिए माता-पिता का नाम बदल दिया

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि झामुमो वालों ने जमीन हड़पने के लिए अपने माता-पिता का नाम बदल दिया। अब गरीबों और आदिवासियों की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। इन लोगों ने तो सेना की जमीन को भी नहीं छोड़ा। अब आपको इन लोगों से झारखंड को मुक्ति दिलानी ही होगी। आज झामुमो और कांग्रेस वालों के यहां नोटों के पहाड़ पकड़े जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या आप जानते हैं, ये पैसा कहां से आ रहा है? ये पैसा आ रहा है शराब के घोटाले से। ये पैसा आ रहा है करोड़ों रुपये के टेंडर के घोटाले से। ये पैसा आ रहा है खान-खनिज-खनन घोटाले से।

## झारखंड को लूटने से बचाने और विकास के लिए कमल का बटन दबाएं : बाबूलाल मरांडी

**दुमका।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को दुमका लोकसभा में आयोजित महा विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह लोकसभा का चुनाव है। संथाल परगना क्षेत्र में अंतिम चरण का चुनाव है। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस दोनों ही संताल परगना में चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों पार्टी झारखंड के विरोधी रहे हैं। झारखंडवासियों के भी विरोधी रहे हैं। आजाद भारत में 55 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी ने राज किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा इन्हीं के साथ रहा, लेकिन इन लोगों ने झारखंड अलग राज्य नहीं बनाया। भारतीय जनता पार्टी ने वादा किया था कि केंद्र में हमारी सरकार बनने पर झारखंड अलग राज्य का गठन किया जाएगा। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में सरकार बनने पर झारखंड अलग राज्य बना। झारखंड अलग राज्य भारतीय जनता पार्टी और अटल बिहारी वाजपेई के कारण बना है। जिस पार्टी ने झारखंड अलग राज्य बनाया है, हमें उसी पार्टी को वोट करना है। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस विकास के भी विरोधी हैं। पहले गांव तक सड़कें नहीं हुआ करती थी। नदी नाले में पुल भी नहीं हुआ करता था। घरों तक बिजली भी नहीं थी। जब केंद्र में और झारखंड में बीजेपी की सरकार बनी, तब गांव तक सड़क बन गई। घर-घर तक बिजली पहुंच गई। बिजली नहीं रहने से केरोसिन और लालटेन के लिए सभी इधर-उधर दौड़ लगाते थे। विकास की रोशनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव तक पहुंचाई है। कांग्रेस चाहती तो गांव तक सड़क पहुंच जाती। बिजली घर-घर तक पहुंचा देती, लेकिन इन्होंने काम नहीं किया। प्रधानमंत्री आवास नरेंद्र मोदी गरीबों को दे रहे हैं। मुफ्त में गरीबों को अनाज भी दिया जा रहा है। इलाज और दवा के लिए 5 लाख रुपए तक का बीमा भी कराया है। जो हमारे लिए इतनी चिंता करते हैं, उन्हें हमें 2024 में फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि झारखंड में कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा और राजद की बीते साढ़े चार वर्षों से सरकार है। इस सरकार ने विकास का कोई काम की नहीं किया।

*राजमहल, दुमका और गोड्डा से एनडीए प्रत्याशियों को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील*

## न्यूज | बॉक्स

### भोजपुरी कलाकार निरहुआ और आम्रपाली दुबे के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब



**गोड्डा।** भोजपुरी सिनेमा स्टार सह सांसद दिनेश लाल निरहुआ और आम्रपाली दुबे के साथ गोड्डा में भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के पक्ष में रोड शो किया।दोनों भोजपुरी स्टार को देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। भोजपुरी फिल्मों के दोनों कलाकारों ने सबसे पहले पथरगामा में रोड शो किया । उसके बाद गोड्डा मुख्यालय में रौतारा चौक से कारगिल चौक तक रोड शो हुआ। हालांकि रोड शो का आदेश गोड्डा कॉलेज तक था, लेकिन विलंब होने की वजह से इस कारगिल चौक तक ही रखा गया। गोड्डा के रौतारा से शुरू हुआ रोड शो तो सड़क के किनारे अपने पसंदीदा कलाकार झलक पाने को दोनों तरफ जनसैलाब उमड़ गया। इतनी भारी संख्या में भीड़ उमड़ी थी कि डेढ़ किलोमीटर का सफर तय करने में लगभग ढाई घंटे का वक्त लग गया। युवाओं के साथ महिलाओं और पुरुषों की की अच्छी खासी भीड़ सड़क के दोनों तरफ लगी रही । दोनों ही कलाकारों ने लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन स्वीकार किया और निरहुआ ने भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के लिए वोट करने की अपील भी की।

### मास्टर ट्रेनरों ने मतगणना कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

**खूंटी।** मतगणना कार्य को सुचारू एवं सफल संचालन के लिए प्रशिक्षण कोषांग खूंटी द्वारा मंगलवार को स्थानीय लोयोला इंटर कॉलेज में मतगणना कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतगणना कर्मियों को उनके कार्य एवं दायित्वों से अवगत कराते हुए पोस्टल बैलेट गणना एवं सामान्य वोटों की गिनती संबंधित सभी प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना माइक्रोआब्जर्वर और मतगणना सहायक शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम एवं प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आइटीडीए खूंटी आलोक शिकारी कच्छप की देखरेख में संपन्न हुआ। पदाधिकारियों द्वारा मतगणना कर्मियों को बताया गया कि मतों की गिनती चार जून को बिरसा कॉलेज खूंटी स्थित मतगणना केंद्र में की जाएगी।

# आयुष्मान भारत योजना में अनियमितता की जांच कराएं मुख्यमंत्री चंपाई : सरयू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



पूर्वी जमशेदपुर के विधायक सरयू राय ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से झारखंड में आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन में हो रही भारी अनियमितता और इसमें राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री की भूमिका की जांच कराने की मांग की है। विधायक सरयू राय ने कहा है कि इसके कारण राज्य के मरीजों को तो परेशानी हो ही रही है, सरकार के खजाना पर भी भारी चपत लग रही है। इस अनियमितता और भ्रष्टाचार में आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन के लिए चयनित बीमा कंपनी, बीमा कंपनी का बीमा करने वाली पुनः बीमा कंपनी और एक बिचौलिया निजी कंपनी के कारिंदे शामिल हैं। जिसे झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान योजना का क्रियान्वयन करने के लिए गठित झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के माध्यम से इस पूरी प्रक्रिया में निःशुल्क सेवा देने के नाम पर शामिल किया है। स्वास्थ्य विभाग की पहल पर झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी और एक निजी कंपनी निरूज कंसलटेंट्स एलएलपी के बीच गत 11 जनवरी 2024 को एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ है, जिसके अनुसार यह परामर्शी कंपनी आयुष्मान भारत के कतिपय कार्यों के लिए निःशुल्क सहयोग प्रदान करेगी। सहमति के बिन्दु व्यापक हैं पर अस्पष्ट हैं। एमओयू की अधिसूचना की प्रति संलग्न है। 9 फरवरी 2024 को सोसाइटी द्वारा जारी अधिसूचना परिपत्र मे परामर्शी निरूज को जो कार्य सौंपे गये हैं, उनमें आयुष्मान योजना के क्रियान्वयन के लिए मैनेजमेंट इंफॉरमेशन सिस्टम का प्रतिवेदन समय समय पर देना, सोसाइटी को जब भी और जहां भी जरूरत हो परियोजना के सफल क्रियान्वयन प्रक्रिया को परिभाषित करना, नियुक्त की गई बीमा कंपनी की गतिविधियों पर नियमित निगरानी रखना, परियोजना के क्रियान्वयन की सामयिक समीक्षा करना आदि शामिल है। सोसाइटी और निरूज के बीच हुए समझौते में ये सभी कार्य निरूज को निःशुल्क करना है। आश्चर्य है कि कोई भी निजी कंपनी ऐसे पूर्णकालिक काम, जिसमें पर्याप्त मानव संसाधन एवं वित्तीय संसाधन की जरूरत होगी, निःशुल्क करने के लिए कैसे तैयार हो गई है।

# भाजपा नहीं चाहती झारखंड आगे बढ़े : कल्पना



राजमहल में इंडी गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा, स्टीफन मरांडी के साथ कल्पना

**दुमका।** राजमहल लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा नहीं चाहती थी कि झारखंड और झारखंडवासी आगे बढ़ें। इसलिए चुनाव से ठीक पहले उन्होंने हेमंत को जेल में डाल दिया। हेमंत की जेल की चाबी आप सभी के पास है। आपसे आग्रह है एक जून को चार नंबर पर तीर-धनुष का बटन दबाकर आपके चहेते बेटे और भाई हेमंत को जेल से मुक्त कराने और अपने हक-अधिकार के लिए विजय हांसदा को भारी से भारी मतों से जिताने का काम करें।



फूलबंगा बरहेट में कल्पना का हुआ पारंपरिक स्वागत

# जेपी नड्डा, मोहन यादव और विष्णुदेव का चुनावी जनसभा संताल में आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 29 मई को सारठ के पालाजोरी के खागा बड़जोरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के समीप स्थित मैदान में 12:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। नड्डा 2.55 बजे से देवघर जिले के त्रिलोक परिसर (देवघर, गोड्डा) से वीर कुंवर सिंह चौक तक रोड शो भी करेंगे। जबकि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव 29 मई को राजमहल लोकसभा में जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा का आयोजन साहिबगंज जिला के राजमहल के बालू प्लांट में 11 बजे से किया गया है। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद, प्रत्याशी ताला मरांडी भी मौजूद रहेंगे। मप्र के सीएम दुमका लोकसभा में 1 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा का आयोजन दुमका जिले के चोरकट्टा (केसबनी) स्थित जनजातीय उच्च विद्यालय में किया गया है। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राज पलिवार, प्रत्याशी सीता सोरेन भी मौजूद रहेंगे।छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 29 मई को राजमहल लोकसभा के साहिबगंज जिले के बरहेट में स्थित गोपलाडीह फुटबॉल मैदान में 11 बजे, पाकुड़ जिला के अमरापाड़ा स्थित पाडरकला चुडुक पुल फुटबॉल मैदान में 1बजे और दुमका लोकसभा के दुमका जिला के शिकारीपाड़ा स्थित सरसडगाल में 3 बजे आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी और सीता सोरेन भी मौजूद रहेंगे।





### सीयूजे की छात्रा का जेएनसीएएसआर के पीएचडी प्रोग्राम में चयन

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग की छात्रा एन. दीपा रेड्डी का चयन जवाहरलाल नेहरू सेन्टर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च (जेएनसीएएसआर) बेंगलूरू के एकीकृत पीएचडी प्रोग्राम में हुआ है। जेएनसीएएसआर देश के प्रमुख शोध संस्थानों में एक है। चयनित छात्रा सीयूजे के बीएससी केमिस्ट्री विभाग के छठे सेमेस्टर की छात्रा हैं। दीपा रेड्डी ने अपनी इस सफलता का श्रेय विभाग से सभी प्रोफेसर को देते हुए कहा कि सीयूजे में शिक्षण एवं शोध के प्रति सकारात्मक माहौल ने उन्हें उच्च शिक्षा की ओर प्रेरित किया और आज भारत के सबसे प्रतिष्ठित शोध संस्थान में शोध के लिए मेरा चयन हुआ। इस उपलब्धि पर रसायनशास्त्र विभाग के साथ विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों ने बधाई दी।

# हनी ट्रैप में रांची के नेता फंसे! मैनेज करने का चल रहा प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के एक राजनेता दिल्ली में हनी ट्रैप के शिकार हो गए हैं। बदनामी से बचने के लिए नेताजी फिलहाल पूरे मामले को मैनेज करने जुटे हैं। हनी ट्रैप के शिकार नेताजी की पार्टी के वरीय नेताओं को इसकी जानकारी मिल चुकी है, पार्टी के आलाकमान से कड़े लहजे में यह हिदायत दी है कि किसी कीमत में मामला पब्लिक में ना आए, क्योंकि इससे उनके साथ-साथ पार्टी की भी जबरदस्त फजीहत होगी। लेकिन इसकी भनक दूसरे राजनीतिक दल के लोगों को भी लग चुकी है,जो दिल्ली से लेकर रांची तक एक क्लिप या फोटो की जुगाड़ में लग गए हैं, ताकि मामले को और हवा दी जा सके। सोशल मीडिया के जरिये जो जानकारी कानो कान पहुंची है। उसके मुताबिक, युवती ने राजनेता को फोटो और वीडियो दिखाकर इतना टेंशन दे दिया है कि उनका बीपी और शुगर काफी बढ़ गया है। टेंशन से फिलहाल फौरी राहत के लिए और युवती का मुंह बंद रखने के लिए कुछ इंतजाम किए गए हैं। यह कितने वक्त तक असर करेगा, यह कहना मुश्किल है। बहरहाल इस चर्चा के बाद रांची के पत्रकार, बड़े अधिकारी और सभी राजनीतिक दलों के लोग एक सुराग की तलाश में लगे हुए हैं।



# राजमहल में अवैध खनन और बांग्लादेशी घुसपैठ बड़ा मुद्दा

**उपेंद्र गुप्ता । रांची**

झारखंड की राजमहल लोकसभा सीट कांग्रेस का गढ़ माना जाता है, लेकिन 2014 में झामुमो ने कांग्रेस में ही सेंधमारी कर इस सीट पर कब्जा जमा लिया। यह सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। झामुमो के विजय हांसदा ने मोदी लहर में भी दो बार राजमहल से जीत दर्ज की, इस बार भी उनका मुकाबला भाजपा से ही है, लेकिन बोरियो विधायक लोबिन हेम्ब्रम के निर्दलीय चुनाव लड़ने के कारण राजमहल में मुकाबला दिलचस्प हो गया है। राजमहल में एक जून को मतदान होना है।

### घुसपैठियों की ओर से जमीन कब्जा बड़ा मुद्दा



राजमहल लोकसभा में इस बार चुनाव भाजपा और इंडी गठबंधन के बीच कांटे का है। भाजपा इस बार राजमहल में बांग्लादेशी घुसपैठ के साथ अवैध खनन के मुद्दे को खूब जोर-शोर से उछाल रही है। भाजपा लगातार इंडी गठबंधन पर बांग्लादेशी घुसपैठ को संरक्षण देने के कारण संताल के डेमोग्राफी बदलने का आरोप लगा है। पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में मुस्लिम युवकों के द्वारा आदिवासी युवतियों के साथ वैवाहिक संबंध बना कर यहां की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास चल रहा है। इसके अलावा पलायन भी इस इलाके का अहम मुद्दा है। क्षेत्र में मानव तस्करी का मुद्दा भी जोर-शोर से उठता रहा है। हाल के दिनों में राजमहल लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बोरियो, बरहेट और पतना जैसे इलाकों से मानव तस्करी के कई मामले आये हैं।



### लोबिन से विजय को मिल रही चुनौती



बोरियो विधानसभा के झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम अपने ही पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव मैदान में खड़े है। ऐसे में झामुमो को पार्टी के भीतर से ही चुनौती मिल रही है। लोबिन के साथ झामुमो के वैसे कार्यकताओं का एक बड़ा समूह है, जो पार्टी के लिए लड़ता रहा, लेकिन पार्टी ने कभी उन्हें तरजीह नहीं दी। जमीन की हेराफेरी के खिलाफ लोबिन अपनी ही सरकार के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं, लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गयी। लोबिन को निवर्तमान सांसद विजय हांसदा के खिलाफ लोगों की नाराजगी का लाभ मिल सकता है।

### पांच विधानसभा में इंडी गठबंधन का है कब्जा

राजमहल लोकसभा में छह विधानसभा क्षेत्र हैं, जिसमें राजमहल व, बोरिया, बरहेट , लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, और महेशपुर विधानसभा शामिल हैं। राजमहल से भाजपा के अनंत ओझा विधायक हैं, तो बरहेट से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विधायक हैं, पाकुड़ से टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार हुए आलमगीर आलम विधायक हैं, बोरियों से लोबिन हेम्ब्रम,लिट्टीपाड़ा से दिनेश मरांडी, महेशपुर से स्टीफन मरांडी विधायक हैं।

### हेमलाल मुर्मू की झामुमो में वापसी

सबसे दिलचस्प बात यह है कि 2014 और 2019 में झारखंड मुक्ति मोर्चा को चुनौती देने वाले हेमलाल मुर्मू भाजपा छोड़ कर फिर से झामुमो का दामन थाम लिया है। 2014 के लोकसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के विजय हांसदा को 3, 79,507 वोट मिले थे जबकि भाजपा के हेमलाल मुर्मू को 3,38,170 वोट प्राप्त हुए थे। 2019 में झारखंड मुक्ति मोर्चा के विजय हांसदा को 5 ,07,830 वोट मिले थे, जबकि भाजपा के हेमलाल मुर्मू को 4 ,08,635 वोट प्राप्त हुए थे।

### नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के दोषी को पांच साल की कैद

**दुमका।** नाबालिग से दुष्कर्म के अभियुक्त को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए सजा एवं जुमार्ना किया। सजा जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रथम श्रेणी रमेश चंद्रा के न्यायालय ने मंगलवार को सुनाया है। न्यायालय ने दोषी करार देते हुए पांच साल कारावास एवं पांच हजार जुमार्ना का सजा सुनाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर अभियुक्त को तीन माह अतिरिक्त सजा कटनी होगी। न्यायालय ने सात गवाहों की गवाही पर फैसला सुनाया। दोषी अभियुक्त शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के हथबारी गांव निवासी ठाकुर मुर्मू, पिता जेठा मुर्मू है। मामले में बचाव पक्ष से बहस एपीपी चम्पा कुमारी कर रही थी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के संत रीता स्कूल में नाबालिग पढाई करती थी। हर रोज की तरह नाबालिग स्कूल गई।

## पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड में नफरती एजेंडा...**

जमीन हड़पने के लिए अपने माता-पिता का नाम तक बदल दे रहे हैं। अब गरीबों और आदिवासियों की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। इन लोगों ने तो सेना की जमीन को भी नहीं छोड़ा। अब आपको इन लोगों से झारखंड को मुक्ति दिलानी ही होगी।

**ये घोटालेबाजी के लिए सत्ता में आना चाहते हैं :** मोदी ने झामुमो-कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि ये पार्टियां फिर से सत्ता आना चाहती हैं ताकि घोटाला कर सकें। इन घोटालेबाजों की वजह से आज यहां के चर्चे खूबसूरत पहाड़ों की वजह से नहीं, बल्कि नोटों के पहाड़ से हो रही है। उन्होंने कहा कि चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई और तेज होगी। भ्रष्टाचार से कमाये एक-एक रुपये का हिसाब देना होगा। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में एक जून को राज्य के संताल परगना की तीन संसदीय सीटों गोड्डा, दुमका और राजमहल में मतदान होना है।

**जो काम दस वर्षों में हुआ उसे और आगे बढ़ाना है :** उन्होंने कहा कि जिन्हें पहले की सरकारों ने पूछा तक नहीं उन्हें मोदी ने पूजा है। हमने गरीबों का जीवन बदला है, जो काम दस साल में हुआ अब अगले पांच साल उसे और आगे बढ़ाना है। अगले पांच सालों में तीन करोड़ माताओं-बहनों को लखपति दीदी बनाने का संकल्प है। सरकार बनने के बाद तीन करोड़ और मकान बनवाऊंगा। मोदी ने इंडिया गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि जहां-जहां ये लोग सत्ता में आए, आदिवासी समाज और उनकी संस्कृति खतरे में पड़ गई। इन्हें आदिवासी समाज के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। नक्सलवाद, घुसपैठ और तुष्टीकरण इनके हथियार हैं। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, दुमका से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन और भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी सहित अन्य उपस्थित थे।

**हेमंत के जमानत अर्जी...**

जमीन घोटाले के आरोप में 31 जनवरी से जेल में बंद है। ईडी ने 30 मार्च को हेमंत सोरेन समेत पांच व्यक्तियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले में हेमंत सोरेन सहित 11 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सोमवार को हेमंत सोरेन ने हाई कोर्ट से अर्जी पर जल्द सुनवाई का आग्रह किया था। अदालत ने उसे स्वीकार करते हुए मंगलवार को सुनवाई की तारीख दी थी।

**आईएएस मनीष रंजन से ईडी...**

के साथ उनके संबंधों के बारे में पूछे गये सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने अपना संबंध सिर्फ विभागीय कामकाज तक ही होने की बात स्वीकार की। हालांकि कुछ सवालों में वह उलझ गये और चुप्पी साध ली। आपको बता दें कि मनीष रंजन को कमीशनखोरी के मामले में ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। इस मामले में ग्रामीण विकास मंत्री मंत्री आलमगीर आलम, पीएस संजीव लाल और संजीव लाल के सहायक जहांगीर को गिरफ्तार किया गया है। 7 मई को संजीव लाल और जहांगीर के ठिकानों से ईडी ने 35 करोड़ से अधिक की राशि जब्त की थी।

**सायल डी कोलियरी में आतंक मचाने...**

बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान मलिंगा ने बताया कि टीपीसी के एरिया कमांडर दिवाकर गंझू के आदेश पर 20 मई 2024 को 10 नंबर सवाल डी कोलियरी के डंप के पास एक पे-लोडर में आग लगाई थी। उसने पुलिस को यह भी बताया कि दिवाकर गंझू के आदेश पर उसका भतीजा बोटल और विशाल जी और दो अज्ञात उग्रवादी उसके पास गए थे। बोटल और विशाल जी के माध्यम से दिए गए दो अवैध पिस्तौल और कारतूस को लेकर चारों उग्रवादियों ने एकसाथ मिलकर वे सायल डी कोलियरी पहुंचे और वहां पे लीडर पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। उन लोगों का मकसद उस इलाके में दहशत फैलाने का था और इस वजह से उन लोगों ने वहां फायरिंग भी की।,

**जैक बोर्ड आठवीं का रिजल्ट..**

साल झारखंड बोर्ड आठवीं में 94.94 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए थे। परीक्षा में 5,43,164 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे, जिनमें 5,15,688 सफल रहे थे। इस साल नौवीं में 97.85 प्रतिशत छात्र-छात्राएं और 11वीं में 98.48 फीसदी परीक्षार्थी सफल हुए हैं। इन छात्र-छात्राओं का नामांकन अब दसवीं और बारहवीं में हो सकेगा।

**सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले टॉप पांच डिवीजन : पलामू :** 98.74 प्रतिशत, **दक्षिणी छोटानागपुर :** 98.08 प्रतिशत, **उत्तरी छोटानागपुर :** 98.97 प्रतिशत, **संथाल परगना :** 97.67 प्रतिशत, **सिंहभूम :** 97.84 प्रतिशत।



चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024
सत्ता महासंग्राम






पीएम मोदी के स्वागत में लोगों में दिखा काफी उत्साह

# वोट जिहाद के लिए लूटा ओबीसी का अधिकार : मोदी

एजेंसी

**कोलकाता।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर एक चुनावी जनसभा में जमकर हमला बोला। मोदी ने कहा कि ममता सरकार ने सिर्फ अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण और ओबीसी के साथ धोखा किया है। आज बंगाल में ज्यादातर फैक्टरियां बंद हैं, नौजवान पलायन के लिए मजबूर हैं। बंगाल की इस दुर्दशा के लिए जिम्मेदार कौन है? उन्होंने कहा कि पहले बंगाल को कांग्रेस ने लूटा, फिर लेफ्ट ने लूटा और अब तृणमूल दोनों हाथों से लूट रही है।

पीएम ने कहा बंगाल में तृणमूल ने ओबीसी को जो धोखा दिया उसकी कलाई कोर्ट ने खोल दी है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा है कि 77 मुसलमान जातियों को ओबीसी घोषित करना गैर कानूनी है। यानी तृणमूल ने लाखों ओबीसी नौजवानों का जो हक मिला था उनको संविधान ने दिया था, वो हक रातों-रात ये वोट जिहाद वालों की मदद के लिए इन्होंने लूट लिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद मुख्यमंत्री क्या बोल रही हैं। मैं तो हैरान हूं कि यहां के जजों की नीयत पर सवाल उठाए जा रहे हैं, न्याय व्यवस्था और न्याय पालिका पर सवाल उठाए जा रहे हैं। अब क्या जजों के पीछे भी गुंडे छोड़ दोगे। देश देख रहा है कि कैसे तृणमूल बंगाल में न्यायपालिका का गला घोंट रही है। एक समय वो भी था जब बंगाल लाखों लोगों को रोजगार देता था। आज बंगाल में ज्यादातर फैक्टरियां बंद हैं, नौजवान पलायन के लिए मजबूर हैं। ये बंगाल की दुर्दशा किसने किया? मोदी की गारंटी है कि जिसने खाया है उससे बाहर निकालूंगा और जिसका खाया और उसको लौटाउंगा। ये मोदी की गारंटी है। तृणमूल के नेताओं के पास भी ये जो नोटों के पहाड़ निकले हैं, एक-एक रुपये का हिसाब होगा। जिसका लूटा है उसको वापस कैसे मिले, इसके लिए मैं कानूनी रास्ते बना रहा हूं। अब तक लगभग 17 हजार करोड़ उन लोगों को मैं वापस दे चुका हूं, जिसने लूटा गया था।



- कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा है कि 77 मुसलमान जातियों को ओबीसी घोषित करना गैर कानूनी
- आज बंगाल में ज्यादातर फैक्टरियां बंद हैं, नौजवान पलायन के लिए मजबूर हैं, इसके लिए जिम्मेदार कौन

# पंजाब से बंगाल तक बिखरा हुआ है इंडी गठबंधन : सुधांशु

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनावों के अंतिम चरण आते आते गठबंधन पूरी तरह से बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है। भाजपा ने कहा कि पंजाब से पश्चिम बंगाल तक सभी जगह घमंडिया गठबंधन के दल आपस में लड़ रहे हैं। एक जून को होने वाली इंडी गठबंधन में ममता बनर्जी के नहीं आने से यह और भी स्पष्ट हो रहा है कि इनका गठबंधन पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के सहयोगी समाजवादी पार्टी (सपा) का मुकाबला उत्तर प्रदेश में भाजपा से है। कांग्रेस बंगाल में तृणमूल कांग्रेस से मुकाबला कर रही है। अब यह स्पष्ट है कि पंजाब से लेकर बंगाल तक इंडी गठबंधन चुनाव के अंतिम चरण के करीब आते-आते नष्ट हो रहा है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी, तेजस्वी, मीसा भारती ने अपनी ही पार्टी की विरासत को नष्ट कर दिया है। राजीव गांधी ने लोक सभा चुनाव में 414 सीटें जीती थी, राहुल गांधी ने इसे सिमटा का 40 सीटों पर ला दिया। मीसा भारती चुनाव हार गईं थी, तेजस्वी यादव डेढ़ साल तक भी सरकार नहीं चला सके। कुल मिलाकर ये लोग अपनी पार्टी की विरासत को ही नष्ट कर चुके हैं। पंजाब में बलकार सिंह के आपत्तिजनक वीडियो पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आम आदमी पार्टी का चरित्र ही महिलाओं का अपमान करना है। यह वही आम आदमी पार्टी है, जो दिल्ली में एक महिला सांसद का अपमान करती है, उसके साथ मारपीट करती है। इसके बावजूद ये लोग मुंह में दही जमा कर बैठे हैं। पंजाब में जनता इसका सही उत्तर देगी।




महिलाओं का अपमान करना आम आदमी पार्टी का चरित्र
दिल्ली की महिला सांसद से मारपीट करते इन्हें शर्म नहीं आई

- सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी, तेजस्वी, मीसा भारती ने अपनी ही पार्टी की विरासत को नष्ट कर दिया है
- राजीव गांधी ने लोक सभा चुनाव में 414 सीटें जीती थी, राहुल गांधी ने इसे सिमटा का 40 सीटों पर ला दिया

## सपा को झटका वरिष्ठ नेता नारद राय ने दिया इस्तीफा

**बलिया।** लोकसभा चुनाव के बीच समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री नारद राय ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की बात कही है। बलिया नारद राय ने कहा कि सपा में मेरी राजनीति खत्म की जा रही थी। एक दिन पहले अखिलेश यादव की सभा में मुझे अपमानित किया गया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मंच से मेरा नाम न लेकर और जिले में किए गए मेरे कामों का जिक्र न कर मेरा अपमान किया। सपा नेताओं द्वारा उन्हें मनाने के पत्रकारों के सवाल पर नारद राय ने कहा कि अब बहुत विलंब हो चुका है।

# आपदा के समय पीएम मोदी को नहीं आई हिमाचल की याद: प्रियंका गांधी

एजेंसी

**शिमला।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने मंगलवार को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत से ऊना जिले के गगरेट में कांग्रेस उम्मीदवार सतपाल रायजादा के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने पीएम पर हिमाचल की आपदा को अनदेखा करने का आरोप लगाया। प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रदेश में भयंकर प्राकृतिक आपदा आई, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी आपदा के समय एक बार भी हिमाचल नहीं आए। आपदा के राहत कार्यों के लिए केंद्र की तरफ से प्रदेश के लिए एक रुपया नहीं आया। मोदी जी ने प्रदेश में आई आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं किया। सारी राहत प्रदेश सरकार की ओर से दी गई। प्रियंका ने पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर प्रहार करते हुए कहा कि इन्होंने प्रदेश की चुनी हुई सरकार को गिराने की कोशिश की। धनबल के साथ चोरों की तरह विधायकों को कभी यहां, कभी वहां छिपाया।

यह लोकतंत्र के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध जनता की आंखों के सामने करने की कोशिश हुई। यह हमारे नेताओं की दृढ़ता थी कि सरकार एकजुट रही। जिनको जाना था, धनबल के आधार पर चले गए। भाजपा का सिर्फ एक धर्म सत्ता व संपत्ति है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पैसों व धनबल के लिए नहीं, जनता के लिए काम करती है।




# अपने परिवार के साथ तीन परिवारों का मतदान भी सुनिश्चित करें : संतोष

एजेंसी

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने कहा कि पार्टी की विचारधारा से संबंधित जिन परिवारों के लोग बाहर रहते हैं, उन्हें आग्रह करके चुनाव के दिन मतदान करने के लिए बुलाएं। दूसरा अपने परिवार के साथ सभी सदस्यों को साथ में लेकर सुबह पहले मतदान करें फिर जलपान करें, तीसरा प्रत्येक कार्यकर्ता अपने परिवार के साथ-साथ तीन परिवारों का वोट डलवाना सुनिश्चित करे। राष्ट्रीय महामंत्री संगठन संतोष ने मंगलवार को देवरिया में लोकसभा प्रभारी, संयोजक, विधानसभा प्रभारी, संयोजक, लोकसभा के विस्तारक व जनप्रतिनिधियों तथा पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि अब आपके पास बहुत कम समय बचा है। आगामी दो दिनों में हर घर तक पर्ची पहुंच जाय, इसकी योजना बना लें। पर्ची वितरण के साथ ही अवश्य मतदान और भाजपा के लिए मतदान का आग्रह प्रत्येक घर में करना है।

# इंडी गठबंधन की आखिरी बैठक से भी तृणमूल ने की दूरी, ममता नहीं होंगी शामिल

एजेंसी

**कोलकाता ।** विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलांयस (इंडी) की 01 जून को दिल्ली में होने वाली बैठक से तृणमूल ने दूरी बना ली है। बैठक में घटक दलों के नेता लोकसभा चुनाव में अपने प्रदर्शन का आकलन करने के साथ-साथ चुनाव परिणाम से पहले अपनी रणनीति बनाने पर चर्चा कर सकते हैं। एक जून को ही लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण का मतदान होना है। मतगणना चार जून को होगी। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने बताया है कि पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मतदान और मतगणना की व्यवस्था के मद्देनजर दिल्ली में होने वाली बैठक में शिरकत नहीं करेंगी। चुनाव से पहले गठबंधन बनने के बाद इससे कुल 28 दल जुड़े थे, लेकिन लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जनता दल (यूनाइटेड) और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में असर रखने वाली राष्ट्रीय लोक दल जैसी कुछ पार्टियां राजग में शामिल हो गईं। तृणमूल से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी इस बैठक का हिस्सा नहीं बन पाएगी, क्योंकि बैठक वाले दिन पश्चिम बंगाल में नौ सीट पर मतदान होगा।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट







Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com